सूर्योदय : 5:21
सूर्यास्त : 6:43
अधिकतम तापमान : 41.0
न्यूनतम : 29.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-323 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 18 मई 2025
19 ज़िक़ादा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# पहली बार पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर की कार्रवाई : अमित शाह

- गांधीनगर में 708 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया उद्घाटन
- ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय जवानों की जमकर की सराहना

**पाकिस्तान के 15 हवाई ठिकानों पर सटीक हमला**

गृहमंत्री शाह ने कहा यहां लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब पाकिस्तान ने पूरी पश्चिमी सीमा पर हमला करने का दुस्साहस किया, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारी वायु रक्षा प्रणाली इतनी उत्तम हो गई है कि कोई भी मिसाइल या ड्रोन भारत की भूमि तक नहीं पहुंच पाया। उन्होंने कहा कि 100 से अधिक दुर्दांत आतंकवादियों को मारने के बाद भी पाकिस्तान सोच में ही था और हमने उनके 15 हवाई ठिकानों पर हमला किया, लेकिन हमने उनके लोगों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया हमने उनकी हवाई हमले की क्षमता को नष्ट कर दिया।

**गांधीनगर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज गुजरात के दौरे पर रहे। गांधीनगर में अमित शाह ने 708 करोड़ रुपये लागत के विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर पर भी अपनी बातों को रखा और भारतीय सेना की सराहना की। गृहमंत्री ने यहां पर कहा कि भारतीय सेना ने पहली बार पाकिस्तान में 100 किलोमीटर भीतर आतंकियों के शिविरों को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि हमने 9 ऐसे स्थलों को नष्ट कर दिया जहां आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था और उनके ठिकाने थे। गांधीनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर हमला किया और आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि जो लोग हमें धमकाते थे कि उनके पास परमाणु बम हैं, उन्हें लगता था कि हम डर जाएंगे। लेकिन, हमारी सेना, नौसेना और वायु सेना ने उन्हें ऐसा करारा जवाब दिया है कि पूरी दुनिया हमारी सेना के धैर्य और पीएम मोदी के दृढ़ नेतृत्व की प्रशंसा कर रही है। मैं हमारे सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करता हूं। इस कार्यक्रम में बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर घुसकर आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। जो लोग सियालकोट और अन्य आतंकवादी शिविरों में छिपे हुए थे, जिन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी गतिविधियों की योजना बनाई थी; उन सबको हमारे बम के धमाकों की गूंज ने एक स्पष्ट संदेश भेजा है अगर भारत के लोगों के साथ कोई आतंकवादी गतिविधि होती है, तो जवाब दोगुनी ताकत से दिया जाएगा।



मुख्यमंत्री योगी ने आयुष विभाग के कार्यों की समीक्षा की

# प्रदेश के हर मंडल में स्थापित हो आयुष महाविद्यालय : योगी

- निजी निवेशकों को आयुष सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षित किया जाए



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयुष विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि प्रदेश के प्रत्येक मण्डल में एक इंटीग्रेटेड आयुष महाविद्यालय की स्थापना सुनिश्चित की जाए, जिसमें आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी समेत आयुष की सभी पद्धतियों को एक ही परिसर में उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल आयुष चिकित्सा पद्धति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि भविष्य की स्वास्थ्य-आधारित शिक्षा प्रणाली को भी सशक्त बनाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से हो और प्रदेश भर में आयुष विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं को भी प्राथमिकता से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने निजी क्षेत्र को भी इस क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि निजी निवेशकों को आयुष सेक्टर में निवेश के लिए आकर्षित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आयुष संस्थानों में नेचुरोपैथी और योग सेंटर की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाए और सभी स्वीकृत शैक्षणिक व चिकित्सकीय पदों को शत-प्रतिशत भरने की कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। उन्होने कहा कि प्रदेश के हर जनपद में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर प्रारंभ किए जाएं, जो सरकारी या पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड में संचालित हो सकते हैं।

## दिल्ली में 'आप' को बड़ा झटका : 13 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पार्टी के 13 पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया है। बागी पार्षदों ने नई पार्टी बनाने की घोषणा की है। एमसीडी में बागी नेताओं ने अलग गुट बनाया है। आम आदमी पार्टी से इन निगम पार्षदों ने इस्तीफा देकर इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाने का फैसला किया है। हेमचंद गोयल के नेतृत्व में थर्ड फ्रंट बनाने का फैसला किया गया। मुकेश गोयल पार्टी के अध्यक्ष होंगे। बागी पार्षदों ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया है कि जनता से जो वादे किए गए थे उन्हें पूरा नहीं किया गया। 2022 में वे आम आदमी पार्टी के टिकट पर एमसीडी में पार्षद चुने गए थे। लेकिन एमसीडी की सत्ता में



आने के बावजूद आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एमसीडी की सुचारू ढंग से नहीं चला पाया। जिन पार्षदों ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दिया है उनमें हेमनचंद गोयल, दिनेश भारद्वाज, हिमानी जैन, उषा शर्मा, साहिब कुमार, राखी कुमार, अशोक पांडेय, राजेश कुमार, अनिल राणा, देवेंद्र कुमार, हिमानी जैन का नाम शामिल है। आप से इस्तीफा देने पर हिमानी जैन ने कहा, हमने नई पार्टी बनाई है, इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी। हमने आप से इस्तीफा दे दिया है।

## जासूसी के आरोप में छह गिरफ्तार पूछताछ में किए बड़े खुलासे

**चंडीगढ़।** हिसार पुलिस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें यूटयूबर ज्योति मल्होत्रा तथा उसके पांच साथी शामिल हैं। ज्योति को हिसार के न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया है। ज्योति ट्रैवल विद जो नाम से अपना यू ट्यूब चैनल चलाती है। ज्योति ने पुलिस को बताया कि वह वर्ष 2023 में वीजा लगवाने के लिए पाकिस्तान हाई कमीशन में गई थी। वहां उसकी मुलाकात अहसान उर रहीम उर्फ दानिश से हुई। उसने दानिश का मोबाइल नंबर ले लिया। दोनों की बातें होने लगी। उसके बाद उसने दो बार पाकिस्तान की यात्रा की थी। ज्योति ने बताया कि पाकिस्तान में अहसान उर रहीम के कहने पर उनके जानकार अली अहवान से मिली।

## कुलपति बनी रहेंगी प्रो. नईमा खातून

**अलीगढ़।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एएमयू की पहली महिला कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून की नियुक्ति को चुनौती देने वाली सभी याचिकाएं खारिज करते हुए उनकी नियुक्ति को वैध ठहराया है। न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्र और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने कहा कि नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया एएमयू अधिनियम, विनियमों और प्रावधानों के अनुरूप हुई। यद्यपि प्रो. खातून के पति प्रो. मोहम्मद गुलरेज़ ने कार्यवाहक कुलपति के रूप में कुछ बैठकों की अध्यक्षता की थी, परन्तु वे केवल औपचारिक भूमिका में थे और उनके होने से चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अदालत ने यह भी कहा कि अंतिम निर्णय भारत के राष्ट्रपति (जो विश्वविद्यालय के विज़िटर होते हैं) द्वारा लिया गया, और उनके विवेकाधिकार पर कोई पक्षपात का आरोप सिद्ध नहीं होता। न्यायालय ने माना कि प्रो. नईमा खातून की योग्यता और पात्रता निर्विवाद है, और उनके चयन को चुनौती देने का कोई आधार नहीं बनता।

**हाईकोर्ट ने सभी याचिकाओं को किया खारिज, नियुक्ति को ठहराया वैध**

## महात्मा गांधी सीरीज के 20 रुपये के नए नोट जारी करेगा आरबीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही महात्मा गांधी (नई) सीरीज के तहत नए 20 रुपये के नोट जारी करेगा। इन नोटों पर वर्तमान आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। नए नोटों का डिजाइन और फीचर पहले से चल रहे नोटों के समान ही होंगे। पुराने 20 रुपये के नोट भी मान्य रहेंगे। यह बदलाव आरबीआई के गवर्नर के बदलने के बाद एक सामान्य प्रक्रिया है।




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जल्द ही महात्मा गांधी (नई) सीरीज में 20 रुपये के नए नोट जारी करेगा। इन नोटों पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। आरबीआई ने यह जानकारी दी है। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया है कि नए नोटों का डिजाइन पहले से चल रहे 20 रुपये के नोटों जैसा ही होगा।




# 27 होनहार विद्यार्थियों को डीएम व सीडीओ ने किया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार आज केवल दीवारों और दीयों से नहीं, बल्कि सपनों, संघर्षों और सफलता की कहानियों से आलोकित हो उठा। हर चेहरा गर्व की चमक से दमक रहा था और हर आँखों में एक नई उड़ान का सपना सजीव था। यह कोई साधारण दिन नहीं था–यह था 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह 2025', जहाँ जनपद के सबसे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनकी अथक मेहनत, उत्कृष्ट प्रदर्शन और अनुकरणीय उपलब्धियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री मनीषा, एसडीएम अमिता यादव ने उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई और सीआईएससीई बोर्ड से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट स्तर पर जिले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 27 विद्यार्थियों को माला और मैडल पहनाकर प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संयोजन डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने किया डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आप सभी केवल परीक्षा के विजेता नहीं, बल्कि भविष्य के राष्ट्र निर्माता हैं। आपकी यह सफलता आपके संघर्ष, समर्पण और आत्मविश्वास का परिणाम है। उन्होंने मेधावियो के साथ उनके गुरुजन व अभिभावकों को बधाई दी। अपनी ऊर्जा के अनुरूप मेहनत करते हुए जिले और राष्ट्र का गौरव बढ़ाएं। मेधावी बच्चों से अन्य बच्चे प्रेरणा लें। मन लगाकर पढ़ाई करें। कभी भी कठिन परिश्रम से मुंह न मोड़ने की सीख देते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति व कठिन परिश्रम के सहारे कोई भी समाज मे मनचाहा मुकाम हासिल कर सकता है। छात्र-छात्राओं को सीख दी कि हमेशा सकारात्मक सोच के साथ अपने लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए पूरी शिद्दत के साथ जुट जायें। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि छात्रों के चेहरों की चमक केवल सफलता की नहीं, बल्कि संघर्ष और संकल्प की कहानी भी कहती है। आपने साबित किया कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। जैसे आपने किताबों से दोस्ती की, वैसे ही जीवन से भी सीखते रहिए, आगे बढ़ते रहिए और दूसरों के लिए प्रेरणा बनिए। आज आप सम्मानित हो रहे हैं, कल देश को दिशा देंगे। उन्होंने समय की पाबंदी को सफलता की कुंजी बताया और सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत में डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ पूर्व मध्यमा और संस्कृत इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा का परचम लहराया। आदित्य शंकर, मोनिका और मुनेश कुमार शुक्ल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर पूर्व मध्यमा परीक्षा में चमक बिखेरी, वहीं इंटरमीडिएट स्तर पर विपिन तिवारी, शिव बहादुर और राहुल ने टॉप-3 में जगह बनाकर संस्कृत शिक्षा में जनपद की गौरवशाली पहचान को और सशक्त किया यूपी बोर्ड की हाईस्कूल में अंजलि ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पीयूष तिवारी और दिव्यांश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंश कुमार और सृष्टि तिवारी ने तृतीय स्थान साझा कर सफलता की हैट्रिक पूरी की। इंटरमीडिएट में यशी रस्तोगी ने टॉप पर कब्जा जमाया, अमन वर्मा ने दूसरा और शिवा वर्मा ने तीसरा स्थान पाकर अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल परीक्षा में अनन्या यादव और सूर्यांश पटेल ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## संदिग्ध हालत में हुई एक मजदूर की मौत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना भीरा क्षेत्र के गांव मालपुर में एक मजदूर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव खेत में बने लकड़ी के मचान से लटका बरामद हुआ है। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है थाना फूलबेहड़ के गांव रुद्रपुर निवासी इंद्रपाल (38) पुत्र बांदा गांव मालपुर निवासी हरवंश के घर पर रोज मजदूरी करने आता-जाता था और शाम करीब आठ बजे तक घर वापस आ जाता था परिवार वालों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे भी वह काम पर गया था, लेकिन देर शाम तक घर पर वापस नहीं आया।

इस पर परिवार वालों ने उसके मोबाइल पर कॉल की तो वह स्विच ऑफ मिला इधर शनिवार की सुबह गांव मालपुर के लोग खेतों की तरफ गए तो उनकी नजर महादेव गुप्ता के खेत में बने मचान से लटका देखा। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

लोगों ने शव लटके होने की जानकारी उसके मालिक हरवंश को दी। शव मिलने की सूचना मिलते ही हरवंश तमाम लोगों के साथ मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी पुलिस और मृतक के परिजनों को दी सूचना पर रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए।

शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। परिवार वालों ने हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जाहिर की है। मौके पर पहुंचे पड़रिया तुला पुलिस सहायता केंद्र के प्रभारी एसआई घटनास्थल का निरीक्षण कियापुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना फूलबेहड़ के नेतृत्व में दिनांक 17.05.2025 को थाना फूलबेहड़ पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त सहाबुदीन पुत्र ईदी निवासी गडरियन थाना फूलबेहड को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा जा रहा है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 72 शिकायती प्रार्थना पत्र हुये पंजीकृत ,12 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 72 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 36, ग्राम्य विकास 08, पुलिस 07, विद्युत 04, आपूर्ति और बाल विकास दो- दो, सहकारिता लोक निर्माण, गन्ना, बेसिक और चकबंदी के 01-01, अन्य के आठ शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, सीओ, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया सहित जनपदीय अधिकारी मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने युवक को मारी पीछे से जोरदार टक्कर, मौके पर हुई युवक की मौत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली क्षेत्र के गांव बहादुरनगर में गोबर डालने घूरे पर जा रहे एक युवक को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह उछल कर पड़ोस के नाले में जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है हादसा शनिवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे हुआ। गांव बहादुरनगर निवासी राकेश (45) पुत्र दयाराम की घनश्याम मेडिकल के पास अपनी खाली पड़ी जमीन पर कूड़ा डालने जा रहा था। इसी बीच मोहम्मदी की तरफ से हरिहरपुर जा रहे ट्रैक्टर ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज हुई कि राकेश उछलकर नाली में जा गिरे और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर तमाम ग्रामीणों की भीड़ जुट गई गुस्साए ग्रामीणों ने हरिहर पुर निवासी आरोपी चालक मटरू को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। हादसे की सूचना पर रामपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। उसकी पत्नी और छह बच्चों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

## राजबाहा पटरी से संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव, परिवार में मचा कोहराम



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** थाना नानौता क्षेत्रांतर्गत एक युवक का शव संदिग्ध हालत में राजवाहा पटरी के किनारे मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार प्रातः करीब छह बजे किसान जब अपने खेत पर पहुंचे, तो उनको राजवाहा पटरी के किनारे बाईक के पास मृत अवस्था में एक युवक पड़ा देखा, जिससे उनको होश फाख्ता हो गए। यह खबर गांव में आग की तरह फैल गयी। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंची और मृतक की शिनाख्त तौसीफपुत्र जाबिर निवासी गांव माधोपुर के रूप में की। मृतक युवक के सिर पर गहरे घाव के निशान मिले है। सूचना मिलते ही नानौता पुलिस ने मौके पर पहुंच फॉरेनसिक टीम को बुलवाया। फॉरेनसिक टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए सैम्पल एकत्र किये। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया दिया।

## डीएम ने तहसील बेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी समस्याएं



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए लोगों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि भूमि संबंधी विवादों के निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर समय से कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी मनीष बसंल आज यहां तहसील बेहट में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायतों का निस्तारण कर रहे थे। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है, उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। डीएम ने निर्देश दिए कि जिला स्तरीय अधिकारी सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। इसी के साथ प्रतिदिन अपने कार्यालय में प्रातः 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई करते हुए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायत निस्तारण के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए समस्याओं का समयबद्धता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी।

# मांगो को लेकर उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ने महाप्रबंधक को भेजा सौंपा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के बैनर तले रेलवे कर्मचारियों ने आज अपनी विभिन्न मांगों के निस्तारण को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और इस संबंध में महाप्रबन्धक, उत्तर रेलवे नई दिल्ली को संबोधित एक ज्ञापन जीएम एके वर्मा व डीआरएम विनोद भाटिया का सौंपा।

उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक को प्रेषित ज्ञापन में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के पदाधिकारियो ने आरोप लगाते हुए बताया कि एसएसई सीएण्डडब्लू सहारनपुर द्वारा कुछ कर्मचारियों की ड्यूटी उनके हिसाब से ली जा रही है, जिसमें लगभग 10 कर्मचारी पिछले 10-15 वर्षो से आफिस स्टोर तथा अन्य जगहो पर लगे हुए है। इस विषय में



एसएससी सीएण्डब्लू से बात की गयी, तो उनका कहना था कि सब कार्य एडीएमई सहारनपुर के आदेश से हो रहे है। एडीएमई सहारनपुर से इस विषय पर बात की गयी, तो उन्होंने कहा कि सब कार्य सीनियर डीएमई के आदेश से किये जा रहे है। उन्होंने यह भी बताया कि गाड़ी सं. 14511/12 बंद होने के बाद सहारनपुर से 42 कर्मचारियों को मण्डल कार्यालय के आदेशानुसार सीएण्डडब्लू सहारनपुर से केजेजीवाई डिपो मे स्थानान्तरित किया गया, परन्तु अगले ही दिन 30 चहेते कर्मचारियों को सहारनपुर बुला लिया गया, जिसमें सीनियरिटी को अनदेखा किया गया तथा उन सबको मनमर्जी की डयूटी पर लगाया गया। केजेजीवाई से कभी 15 से 20 कर्मचारियों को सहारनपुर कार्य करने के लिए बुलाया जाता है, जो कर्मचारी उनकी सहमति से कार्य करते है, उनको रोक लिया जाता है तथा शेष को वापस केजेजीवाई भेज दिया जाता है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से महाप्रबन्धक उत्तर रेलवे, नई दिल्ली से समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने की मांग की। ज्ञापन देने वालो में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के शाखा सचिव उपेन्द्र कुमार गुप्ता, शाखा अध्यक्ष संजय सिंह आदि कई यूनियन के कर्मचारी मौजूद रहे।

## चयन प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित भारतीय कुराश टीम की चयन प्रतियोगिता के दूसरे दिन सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों में जोरदार मुकाबला हुआ। जिसमें खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गो में बेहतर प्रदर्शन कर चयन प्रक्रिया में अपनी जगह बनाई। डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में चयन ट्रायल के दूसरे दिन 31 जुलाई से 5 अगस्त तक कोरिया में होने वाली एशियन कुराश चैम्पियनशिप के लिए सीनियर आयु वर्ग के 16 भार वर्गो में भारतीय टीम का चयन किया गया, जिसमें देशभर के उत्कृष्ट पुरुष व महिला खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर जोर आजमाया, जिसमे प्रथम स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी एशियन चैम्पियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। द इंडियन कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि कपूर ने बताया चयनित खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को और बेहतर बनने का अवसर मिलेगा। चयनित खिलाड़ियों में बालिका वर्ग के 48 किग्रा भार वर्ग में हरियाणा की सिमरन, 52 किग्रा भार वर्ग में हरियाणा की पूजा मलिक, 57 किग्रा भार वर्ग में दिल्ली की पिंकी बलारा, 63 में हरियाणा की काश्वी, 70 किग्रा में हरियाणा की शीनू, 78 में दिल्ली की कशिश डागर, 87 किग्रा में हरियाणा की प्रगति, 87 प्लस किग्रा भार वर्ग में दिल्ली की मुस्कान तथा बालक वर्ग के 60 किग्रा भार वर्ग में महाराष्ट्र के सागर, 66 किग्रा भार वर्ग में पंजाब के ओम रतन, 73 में हरियाणा के रोहित, 81 में हरियाणा के विशाल, 90 किग्रा भार वर्ग में दिल्ली के निलेश, 100 किग्रा भार वर्ग में हरियाणा के राहुल, 120 किग्रा भार वर्ग में हरियाणा के जतिन, 120 प्लस किग्रा भार वर्ग में हरियाणा के परिक्षित कुमार शामिल रहे।

## मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला आरोपी दबोचा



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले एक शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 500 ग्राम चरस नाजायज बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक असगर अली के नेतृत्व में गठित पुलिस ने गश्त व चैंकिग के दौरान एक शातिर नशा तस्कर शोएब उर्फ ईमानदार पुत्र शराफत अली निवासी आजाद कालोनी गली थाना कोतवाली मण्डी को दर्पण सिनेमा के पास से गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से 500 ग्राम चरस नाजायज बरामद की गई। पूछताछ में दबोचे गये नशा तस्कर ने बताया कि अधिक पैसे कमाने के लिये वह चरस को सस्ते दाम में खरीदकर अधिक कीमत में बेचकर अच्छा मुनाफा कमा लेता है। आज भी वह स्मैक बेचने जा रहा था कि पुलिस ने मुझे पकड़ लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# पुलिस मुठभेड़ में गौकशी समेत कई मुकदमों में वांछित आरोपी गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गौकशी व हत्या के प्रयास जैसे गम्भीर मुकदमों में वांछित चल रहे एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से अवैध शस्त्र व एक बाईक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना सरसावा प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक विनय कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गौकशी के मुकदमें में वांछित चल रहा बदमाश शाहजहाँपुर चौराहे पर आने वाला है। सूचना पर थाना सरसावा पुलिस टीम शाहजहाँपुर सर्विस रोड पर चैकिंग के दौरान तेज गति से एक मोटर



साइकिल पर सवार संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीम द्वारा रूकने का ईशारा किया गया, तो वह नहीं रूका और तेज गति से मोटर साइकिल घुमाकर भागने लगा, जिस कारण मोटर साइकिल फिसल कर गिर गयी। संदिग्ध व्यक्ति मोटर साइकिल मौके पर छोड़कर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा किया गया, तो संदिग्ध बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी और जंगल ग्राम हैदरपुर के आम के बाग में घुस गया। थाना सरसावा पुलिस टीम ने घेराबन्दी कर संदिग्ध बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी पहचान अभियुक्त गुलशेर उर्फ काला उर्फ बाल्लू पुत्र जरीफ उर्फ बिजय निवासी पभारी थाना जठलाना जिला यमुनानगर हरियाणा के रूप में हुई। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से 01 तमंचा व 01 खोखा/02 जिन्दा कारतूस बरामद किए और मोटर साइकिल को कब्जे में लेकर थाने ले आयी। पुलिस पूछताछ में दबोचे गये आरोपी ने बताया कि उसने व उसके एक साथी ने मिलकर कुछ समय पहले यमुना के जगंल ग्राम ढिक्का कला मे गौकशी की घटना की थी। हम लोग आवारा घूमते गौवंशो की तलाश में घूमते फिरते रहते है। आज भी वह शाहजहंपुर क्षेत्र में अपनी मोटर साईकिल से आवारा गौवंशो की तलाश में घूम रहा था तभी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद मुझे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## डीएम ने किया आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण




*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत अधिकारियों के साथ ब्लॉक सहसवान के ग्राम खैरपुर खैराती के पीएम श्री संविलियन विद्यालय में स्थापित आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। लर्निंग लैब के रूप में बनाए जा रहे आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में शासन द्वारा निर्धारित 18 बिंदुओं पर कराए गए कार्यो का एक-एक कर निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा प्रत्येक ब्लॉक में पांच-पांच आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र लर्निंग लैब के रूप में बनाए जा रहे हैं। आदर्श आंगनवाड़ी केंद्रों में ग्राम प्रधान स्वयं आकर अपने गांव में आंगनबाड़ी केंद्र किस प्रकार बनाना है और वहां कौन-कौन सी सुविधाएं होनी चाहिए इसकी जानकारी प्रत्यक्ष रूप से ले सकते हैं। ताकि भविष्य में प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्रों पर ऐसी ही व्यवस्थाएं हो। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि शासन द्वारा 18 बिंदु आदर्श आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए निर्धारित किए गए हैं। इन 18 बिंदुओं में सुरक्षित पेयजल व्यवस्था, नल जल के साथ ओवरहेड टैंक, शौचालय व मुत्रालय में नल की व्यवस्था, बाल मैत्री शौचालय, महिला शौचालय, बालक-बालिकाओं हेतु बाल मैत्री मुत्रालय होना चाहिए।

इसके अतिरिक्त शौचालय में टाइल्स की व्यवस्था, आंगनबाड़ी केंद्र में पुताई व पेंटिंग की व्यवस्था, आंतरिक व बाहरी विद्युत लाइन की व्यवस्था, आंगनबाड़ी केंद्र की चाहरदीवारी, पठन-पाठन हेतु कम ऊंचाई के डेक्स बेंच, दिव्यांग शौचालय, रेलिंग व रैंप की व्यवस्था आदि हैं। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र कम से कम 56 वर्ग मीटर में बना होना चाहिए।

## गैंगस्टर अधिनियम में वांछित दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम में वांछित चल रहे दो शातिर आरोपियों को अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक अवशेष भाटी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर अधिनियम में वांछित चल रहे दो आरोपियों कुनाल शर्मा पुत्र सेवाराम शर्मा निवासी पवन विहार टेलीफोन एक्सचेन्ज कालोनी दिल्ली रोड थाना सदर बाजार व क्षितिज शर्मा पुत्र सुरेन्द्र शर्मा निवासी शिवपुरी कालोनी आईटीआई दिल्ली रोड थाना सदर बाजार को सर्किट हाऊस के पास खाली पडे ग्राऊण्ड के पास बन्द पडी कोठी के निकट से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी कुनाल शर्मा के कब्जे से एक नाजायज चाकू तथा क्षितिज के कब्जे से 01 नाजायज तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

## थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए बोन मैरो मैचिंग कैंप का हुआ आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए बोन मैरो मैचिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. संदीप जैन ने बच्चों की निःशुल्क जांच की। इस दौरान लगभग 45 बच्चों की जांच की गई। जिला चिकित्सालय में आयोजित निःशुल्क बोन मैरो मैचिंग शिविर राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट दिल्ली, वंशिका थैलेसीमिया सोसाइटी और गिफ्ट फाउंडेशन फरीदाबाद के सहयोग से संपन्न हुआ। कैंप का शुभारंभ जिला अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. सुधा रानी, थैलेसीमिया नोडल अधिकारी डॉ. बीरेंद्र भट और दिल्ली से पधारे विशेषज्ञ डॉ. संदीप जैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के साथ उनके माता-पिता और भाई-बहनों का भी एचएलए टाइपिंग टेस्ट किया गया। डॉ. संदीप जैन ने शिविर में बच्चों की निःशुल्क जांच भी की। चिकित्सकों ने अभिभावकों से अपील की कि वे इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाएं, क्योंकि बोन मैरो ट्रांसप्लांट से थैलेसीमिया का स्थायी इलाज संभव है। कैंप में करीब 45 बच्चों की जांच की गई। इस अवसर पर डॉ. अरविंद चौधरी, डॉ. किरण चावला, डॉ. पुनीत खुराना, मदन चावला, राकेश शर्मा और ओम प्रकाश गोल्डी आदि मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सात मामलों का निस्तारण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को सम्पूर्ण समाधान पर तहसील सहजनवा में अध्यक्षता एडीएम राजस्व एवं वित्त विनीत कुमार सिंह ने किया। इस दौरान कुल 51 मामले आए थे। जिसमें 7 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। राजस्व 42, पुलिस 6 विकास 3 मामले थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। जब की पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान एसडीएम दीपक कुमार गुप्ता, तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया, सीओ गीडा रत्नेश्वर सिंह, बीडीओ बृजेश यादव, सत्यम तोमर सहित अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## कैंपियरगंज तहसील में एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में सुनी गई फरियादियों की फरियाद



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता ने किया। सम्पूर्ण समाधान में बार एसोसिएशन के अधिवक्ता दिलीप मिश्र ने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उनके घर के सामने नगर पंचायत पीपीगंज द्वारा अभी तक सड़क निर्माण नहीं कराये जाने से नागरिको को काफी दिक्कतें हो रही है। उक्त निर्माण को अविलम्ब किये जाने हेतु अपर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत पीपीगंज को निर्देशित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 33 प्रार्थना पत्र आये जिसमे 01 निस्तारण हुआ। शेष संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया।समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ पाठक, प्रभारी तहसीलदार प्रकाश सिंह, नायाब तहसीलदार हंसराज सहित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में संपूर्ण समाधान दिवस

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 50, पुलिस की 23 ,विकास विभाग की 04,विद्युत विभाग की 05 व अन्य विभागों की 17 शिकायतें कुल 99 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरुप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियो को दिये। इस अवसर पुलिस अधीक्षक मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## प्रशांत शुक्ला बने जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ रिजवान अहमद नगर सचिव

**काकोरी अवधनामा संवाददाता।** भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद जी संगठन का विस्तार करते हुए लखनऊ दुबग्गा परिक्षेत्र कार्यालय पर विभिन्न क्षेत्रों से आय व्यापारियों को सदस्यता दिलवाई प्रशांत शुक्ला को जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ रिजवान अहमद जिला सचिव लखनऊ के पद पर मनोनीत किया नवनियुक्त पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया प्रशांत शुक्ला ने कहा जो भी जिम्मेदारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने हम पर जो भरोसा जताया सौंपी है हम पूरी निष्ठावान तरीके से निर्वाहन करूंगा किसान व व्यापारियों की जो भी जायज समस्या होगी शासन प्रशासन से मिलकर निस्तारण कराने का काम करूंगा प्रशांत शुक्ला को नई जिम्मेदारी मिलने पर उनके सभी समर्थकों मे खुशी की लहर दौड़ाई सभी ने सभी बधाई दी मौके मौजूद दुबग्गा परिक्षेत्र अध्यक्ष सईद अहमद मंत्री इसरार जहां पवन सिंह अवनीश अवस्थी हरिओम गुप्ता सलमान आदि कई व्यापारी मौजूद रहे।



## शादी समारोह में हुई मारपीट मे पांच पर केस दर्ज

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जैतपुर के नव्वूपुर लौधना निवासी रामसहाय ने थाने पर शिकायत पत्र देते हुए बताया कि शुक्रवार की शाम को मेरे चाचा मनचरन के घर बारात आई थी। मेरे परिवार के सभी सदस्य इस शादी में शामिल थे। तभी मेरे रिश्तेदार के लड़के को गांव निवासी रामदास, मुनीस, हनूफ, सुरेद्रर और धर्मेंद्र मारने लगें। बीच बचाव करने पहुंचा तो विपक्षीगण मुझे गाली गलौज देने लगे और लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। शोर-शराबा सुनकर मेरा पुत्र शेषमणि अजय, इसरावती बीच बचाव करने पहुंची तो इनको भी लाठी, डंडे ,लात घुसे से मारने पीटने लगे।

# स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भंडारे का प्रतीक बना बड़े मंगल का भंडारा



- निशुल्क चिकित्सा शिविर में सैकड़ों की संख्या में हुई जांचें
- भंडारे में सभी धर्मों के लोगों ने बढ़-चढ़कर की सहभागिता

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** विकास दीप कांप्लेक्स पर 17 मई शनिवार के दिन ऑल इंडिया न्यूज़ पेपर एसोसिएशन, आईना द्वारा आयोजित विशाल भंडारा और निशुल्क चिकित्सा शिविर में सभी धर्मो के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भंडारे के एक नये स्वरूप के साथ आयोजित इस भंडारे में हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी वर्गों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और आमजनमानस के बीच सभी लोगों ने मिलजुल कर प्रसाद भी वितरित किया।

विगत 20 वर्षो से ज्येष्ठ माह में बड़े मंगल के पर्व पर भंडारे की परम्परा का निर्वाहन करते हुए आईना द्वारा आयोजित भंडारे में एकत्रित जनसमूह आपसी प्रेम सौहार्द एकता की मिसाल कायम कर रहा था। जहां बड़े छोटे में कोई अंतर या भेदभाव नहीं था। लखनऊ की धरा पर गंगा जमुनी परंपरा का अनमोल अन्दाज देखकर ऐसा लग रहा था लखनऊ की तहजीब आज भी धरोहर के रूप में जिंदा है। भाईचारे का जो समागम देखने को मिला वह वर्षों तक भुलाया नहीं जा सकता। इस वृहद भंडारे में हनुमान जी की पूजा अर्चना के लिए विशेष रूप से आमंत्रित उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, समाजसेवी एवं विधायक के रूप में चर्चित पवन सिंह, हनुमानगढ़ी के प्रेम मूर्ति कृष्णदास जी, प्राचीन लेटे हनुमान मंदिर के डॉ टाँगड़ी, महामंडलेश्वर अविनाश जी एवं उनके सहयोगियों द्वारा पूजा अर्चना कर विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। उपमुख्यमंत्री प्रदेश पाठक द्वारा भंडारे के आयोजन करता हूं के साथ-साथ प्रसाद बनाने वाले समस्त कार्यक्रम का प्रोत्साहन किया तो वातावरण में हर्षउल्लाह गूंज गया क्योंकि यह प्रथम अवसर था जब प्रसाद वितरण के साथ-साथ उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा प्रसाद बनाने वाले कामगारों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और उनके द्वारा किए जा रहे इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा भी की वहीं आईना द्वारा आयोजित भंडारों की विशेषताओं की बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रदेश का पहला ऐसा भंडारा होगा जहां स्वच्छता जिस तरह ख्याल रखा गया कि भंडारे में आने वाले भक्तों के लिए शौचालय की व्यवस्था दिखाई दे रही है और इस सोच के लिए उन्होंने आईना के समस्त पदाधिकारी की भरपूर सरहाना की गयी। हनीमैन चैरिटेबल ट्रस्ट, मेदांता, अवध हॉस्पिटल, लोहिया हॉस्पिटल दंत विभाग, मैक्स, भारतीय शिल्पकार समाज कल्याण समिति, रॉयल हर्बल क्लिनिक एवं आईना के सौजन्य से निशुल्क लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा क्षेत्र के सभी पद्धतियों का समागम देखने को मिला, एलोपैथी, होमियोपैथी, नेचुरोपैथी, यूनानी, आयुर्वेदिक चिकित्सकों के सेवा से सैकड़ों की संख्या में मरीजों ने दांत, आंख, आई, टी, पी, सी, आर, खून की जांच के साथ होम्योपैथ डॉ आदर्श त्रिपाठी एवं उनके सहयोगी टीम से अत्याधुनिक मशीन से भी अपनी जांचे कराई और निशुल्क दवाएं भी वितरित की गई। इस अनूठे प्रयास की वहां उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों, पत्रकार साथियों, समाजसेवियों, अधिकारियों,संत महात्माओं द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा और सराहना की गई । आस्था के इस सैलाब में सभी लोग सराबोर नजर आए।

## परिवार से नाराज होकर युवती ने खाया जहरीला पदार्थ मौत

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के महुआपार टोला तेतरिया निवासी एक 20 वर्षीय युवती ने परिवार से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र महुआपार टोला तेतरिया निवासी संजू गोंड पुत्री राजेंद्र गोंड 20 वर्ष चार भाई और चार बहने है। बड़े भाई और बहन की शादी हो चुकी है। शुक्रवार को शाम 5 बजे के करीब परिजन नौका बिहार घूमने के लिए गए थे। युवती घर थी। परिजन उससे ड्राम में गेहूं रखने के लिए कहे थे। घूमने न जाने से युवती काफी नाराज थी। और घर गई और गेहूं में रखने के लिए सल्फास की गोली थी। उसे खा लिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। जानकारी मिलने पर आनन फानन परिजन घर पहुंचे और युवती को इलाज के लिए सीएचसी सहजनवा लाए हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। जहां युवती का इलाज चल रहा था। को सुबह 8 बजे के करीब युवती की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रविवार से शुरू होंगी एमजीयूजी की प्रवेश परीक्षाएं

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षाएं रविवार (18 मई) से शुरू होंगी। पहले दिन रविवार को बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग कोर्स की प्रवेश परीक्षा होगी जिसमें 3600 अभ्यर्थी शामिल होंगे। यह जानकारी प्रवेश समिति के समन्वयक डॉ. शशिकांत सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि 18 मई के बाद 21 मई को बीएससी ऑनर्स इन बायोटेक्नोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, मेडिकल बायोकेमिस्ट्री, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी, बीएससी ऑनर्स इन एग्रीकल्चर, डी फार्मा, बी फार्मा एलोपैथी की परीक्षा होगी। जबकि 25 मई को एएनएम, एनपीसीसी, डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन, इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्री, ऑर्थोपेडिक एंड प्लास्टर टेक्नीशियन, डायलिसिस टेक्नीशियन, एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन, बीबीए ऑनर्स लॉजिस्टिक्स और पीएचडी की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रवेश समिति के समन्वयक ने बताया कि एमजीयूजी की शैक्षिक गुणवत्ता को देखते हुए सत्र 2025-26 में आठ हजार से अधिक आवेदकों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है।

## आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल की मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी संपन्न



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में शनिवार को आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल की मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में कृषि उत्पादकता गोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र की अध्यक्षता में मण्डलीय खरीफ गोष्ठी में दोनों मंडलों के अंतर्गत आने वाले जिलों के कृषि व सम्बद्ध विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण, कृषि वैज्ञानिकों एवं प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इससे पूर्व मंत्री एवं अधिकारियों द्वारा कृषि से संबंधित विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरांत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से चयनित किसानों को लाभान्वित किया गया। कृषि राज्यमंत्री कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग बलदेव सिंह औलख ने मुख्य अतिथि के रूप मण्डलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि देश एवं प्रदेश में 2014 व 2017 के बाद किसान हित में क्रांति की तरह कार्य हुए हैं। किसानों को मुफ्त बिजली, कृषि यंत्र, उपकरण, उन्नत प्रजाति के बीज, सोलर पंप एवं उर्वरकों पर सब्सिडी प्रदान की जा रही है। किसानों की आय दोगुनी हो इसके लिए वैज्ञानिक पद्धति से खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। हरियाणा, करनाल, पूसा से उन्नतशील बीज मंगाकर किसानों को वितरित किए जा रहे हैं।

## उप्र ग्रामीण बैंक के अधिकारियों ने चौपाल लगा बैंकिंग सेवाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** आर्यावर्त बैंक का नाम बदलकर 'उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक' हुआ। ग्राम कैथ में स्थानीय शाखा के कर्मचारियों ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। साथ ही ग्रामीण अंचल में वित्तीय जागरूकता और सरकारी योजनाओं से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने की पहल भी की गई।



उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की ओर से आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने की। उनके साथ सहायक शाखा प्रबंधक और थ्स्ब् प्रतिनिधि राकेश कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ने ग्रामीणों को बताया कि आर्यावर्त बैंक का नाम अब उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक कर दिया गया है। यह केवल नाम का परिवर्तन है, ग्राहकों की सभी पुरानी सेवाएं यथावत रहेंगी और उन्हें पहले की तरह सभी बैंकिंग सुविधाएं मिलती रहेंगी। उन्होंने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के तहत मिलने वाले लाभ, पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया। एफएलसी प्रतिनिधि राकेश कुमार ने कहा, बैंक का उद्देश्य सिर्फ लेन-देन नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाना है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे चौपालों के माध्यम से हम बैंकिंग और बीमा योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि वे बिना किसी परेशानी के बैंक में बचत खाता खोल सकते हैं, सरकारी योजनाओं के तहत बीमा कवर ले सकते हैं, और जरूरत पड़ने पर सरल शर्तों में ऋण भी प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर अरविंद कुमार, रोहित, कमलेश, विनोद, राकेश कुंमार, विनीता, अंचल, अनीता, सुरभि आदि मौजूद रहे।

## राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को जनपद में भारतीय सेना द्वारा पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद पर ऑपरेशन सिंदूर चला कर भारतीय सेवा ने जो शौर्य और साहस प्रदर्शन किया है उसे भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए जनपद में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकल गई यह तिरंगा यात्रा टाउन हॉल से शुरू होकर लाल गेट तिराहे पर समाप्त हुई। जिसमें मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने टाउन हॉल स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके यात्रा शुरू की। सांसद मुकेश राजपूत भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौड़ पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह रूपेश गुप्ता दिनेश कटिहार डॉ भूदेव सिंह राजपूत डॉ रजनी सरीन एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं सामाजिक संगठन व्यापारिक संगठन एवं पूर्व सैनिकों की उपस्थिति में हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा आरंभ की। इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए लोगों ने भारतीय सेना जिंदाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद एवं ऑपरेशन सिंदूर जिंदाबाद के नारे लगाए। जगह-जगह पर व्यापारियों ने यात्रा का स्वागत किया। लाल गेट पर संपन्न हुई यात्रा के बाद मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा पहलगाम में हुई वीभत्स घटना के बाद पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद पर भारतीय सेना ने जो शौर्य और साहस का प्रदर्शन किया है उसकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने जिला कारागार में लगाया विधिक साक्षरता शिविर

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम कुमार के निर्देशानुसार जिला कारागार में निरूद्ध विचाराधीन, दोषसिद्ध बन्दियों के मध्य विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला कारागार की महिला बैरक का निरीक्षण अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नितिन श्रीवास्तव द्वारा किया गया। विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर में उपस्थित जेलर कमलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि जिला कारागार में दीवानी न्यायालय अलीगढ के कुल 1777 बन्दी निरूद्ध है। जिसमें से विचाराधीन बन्दियों की संख्या 1193, सिद्धदोष बन्दियों की संख्या 575, रोपकारबन्दियों की संख्या 02 व विदेशी बन्दियों की संख्या 07 है। विधिक साक्षरता शिविर में जिला कारागार के विभिन्न बैरकों में निरूद्ध दोषसिद्ध, विचाराधीन बन्दियों को अवगत कराया गया कि जिन विचाराधीन बन्दियों की जमानत आज से पूर्व न्यायालय द्वारा की जा चुकी है।

## अखिलेश यादव की पहल पर सपा प्रतिनिधिमंडल ने दी पीड़िता को 1,00,000 की आर्थिक सहायता



**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** आज समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय, फर्रुखाबाद में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा ग्राम उदी नगला, ब्लॉक कमालगंज की एक पीड़ित बेटी के परिवार को आर्थिक सहायता के रूप में 1,00,000 का चेक भिजवाया गया।

यह वही घटना है, जिसमें लगभग एक वर्ष पूर्व पीड़िता के साथ दुर्व्यवहार की घटना घटित हुई थी। यह चेक पीड़िता के पिता श्री शिवपाल सिंह राजपूत को जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य की उपस्थिति में सौंपा गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस सहायता को पीड़िता की शिक्षा और उज्जवल भविष्य के लिए समर्पित बताया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी सत्ता में ना होते हुए भी सदैव पीड़ितों की सहायता के लिए तैयार रहती है। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने आश्वासन दिया कि वे पीड़िता और उसके परिवार के साथ न्याय मिलने तक खड़ी रहेंगी। डॉ. नवल किशोर शाक्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी इस बेटी की आवाज को बुलंद करती रहेगी और हर जरूरत में साथ खड़ी होगी।

### सूचना

मा. सिविल जज सीडी सहारनपुर प्रकीर्ण वाद संख्या सन 2025 श्रीमती प्रमीता पत्नि श्री नौ बाहार निवासी मौहम्मदपुर माफी हसनपुर दिल्ली रोड सहारनपुर। उम्र 52 वर्ष आधार नम्बर 6619 2233 9964 (प्रार्थीया) बनाम 1. नौ बाहार पुत्र धर्मपाल निवासी मौहम्मदपुर माफी हसनपुर दिल्ली रोड सहारनपुर 2-आम जनता (विपक्षीगण) दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती प्रमीता ने वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल जर 1,20752/-रूपये किफायत द्वारा दरख्वास्त मुसम्मा उक्त मुतवफफा आशीष कुमार अपने बसूजिब ऐक्ट 7 सन 1889 ई0 बकैद 1,20,752 रुपये हमराह मुसम्मा उक्त ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है दि.1/7/2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है जिस किसी की नस्बत दरख्वास्त के उज़र हो तो असालतन या वकालतन 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज सीडी में हाज़िर होकर उजर अपना पेश करे। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर फिर उजर किसी का सुना न जायेगा और हाजिर हुक्म मुनासिब निस्ब दरख्वास्त मजकूर से सादिर होगा। दि.14.5.25, को मेरे द्वारा जारी किया गया।

आज्ञा से मुंसरिम

## अंडा विक्रेता ने दो युवकों पर किया बांकी से हमला

**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के बाहिलपार में शुक्रवार को रात्रि में 9.30 बजे के करीब एक युवक से अंडा खाने के बाद रुपए के लेनदेन को लेकर हो रहे विवाद का विरोध करने पर अंडा विक्रेता ने अपने परिजन के साथ मिल कर दो युवकों पर बांकी से हमला कर घायल कर दिया। दोनो घायलों का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने पीड़ित के पिता की तहरीर पर तीन नामजद और दो तीन अज्ञात की खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के पाली निवासी अभिषेक सिंह जो भट्ठा व्यवसाई है। शुक्रवार को रात्रि में वह अपने गांव के अमन सिंह के साथ बाइक द्वारा सहजनवा से घर के लिए निकले थे। रात्रि में 9.30 बजे के करीब दोनों बाहिलपार शराब भट्ठी के पास पहुंचे थे। जहां एक अंडा विक्रेता से गांव के एक व्यक्ति से अंडा खाने के बाद लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। जिससे देखकर अभिषेक सिंह और अमन सिंह ने विरोध किया। तो अंडा विक्रेता और परिजन के साथ मिलकर जान मारने की नीयत से बांकी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिए। अभिषेक सिंह के सिर,गला,हाथ तथा अमन सिंह के सीने और हाथ में गंभीर चोट लगी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायल युवक को गंभीर अवस्था में मेडिकल कालेज भेजा जहा दोनों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित युवक के पिता श्रीप्रकाश सिंह की तहरीर पर उमेश चौहान,रमेश चौहान,गंगेश चौहान पुत्रगण जीतन चौहान तथा दो तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संदर्भ में थानेदार महेश कुमार चौबे ने कहा कि उमेश चौहान, रमेश चौहान, गंगेश चौहान तथा दो तीन अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है।

## फरियादियों की समस्या का किया जाए समयबद्ध निस्तारण : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट

### समाधान दिवस में 161 मामले आए 10 का किया गया मौके पर निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** तहसील समाधान दिवस में आज तहसील सदर सभागार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षा में फरियादियों की सुनी गई फरियाद आज सदर तहसील सभागार में 161 फरियादी अपनी अपनी फरियाद बारी-बारी से सभागार में आए सभी फरियादियों के समस्याओं को बारी बारी से सुना गया 10 फरियादियों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने संबंधित अधिकारियों को आए हुए फरियादियों के समस्या का समयबद्ध निराकरण करने का निर्देश दिया कहा कि शासन के निर्देशन पर महीने के पहले और तीसरे शनिवार को तहसील समाधान दिवस आयोजित कर एक छत के नीचे फरियादियों की समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश है जिसके अनुपालन में आए हुए फरियादियों की समस्याओं का निराकरण किया जाता है आज तहसील सदर सभागार में अधिकतर मामले जमीनी व पारिवारिक विवाद के आए हुए थे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आए हुए प्रार्थना पत्र का केवल कागजी खाना पूर्ति ना किया जाए जमीनी विवाद में मौके पर राजस्व विभाग पुलिस विभाग के साथ मिल कर जमीनी स्तर पर काम करते हुए मामले का निस्तारण करे जिससे फरियादियों को परेशान ना होना पड़े। समाधान दिवस के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह नायब तहसीलदार अरविन्द नाथ पांडेय नायब तहसीलदार नीरू सिंह नायब तहसीलदार जाकिर हुसैन नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान नायब तहसीलदार प्रद्युम्न सिंह सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## 36 घंटे से जल रहे पंचनद के जंगल की आग पर नियंत्रण नहीं, हजारों नए पुराने पेड़ जलकर राख

**अवधनामा संवाददाता**



**उरई (जालौन)।** पंचनद के जंगल में लगी आग पर वन विभाग एवं प्रशासन के द्वारा नियंत्रित किए जाने के प्रयास नाकाफी साबित हुए हैं। जंगल में लगी आग को 36 घंटे बीत जाने के बावजूद उस पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। परिणाम स्वरूप हजारों की संख्या में लहलहाते हरे भरे विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे जिंदा आग की भेंट चढ़ गए हैं। माधौगढ़ तहसील अंतर्गत जगम्मनपुर ,कंजौसा, भिटौरा गांव के मध्य फैला पंचनद का विशाल जंगल बीते 36 घंटे से आग की ज्वाला में राख हो रहा है। इस आग को जंगल में होती अनपेक्षित घास ऊर्जा देते हुए सहायता प्रदान कर आगे बढ़ने का मौका दे रही है। दिनांक 16 मई शुक्रवार को सुबह 7 बजे से जंगल में लगी आग पर 17 मई शनिवार की शाम तक काबू नहीं पाया जा सका है। परिणाम स्वरूप जंगल में वह पेड़ पौधे जो तनिक सी वयार चलने पर संगीत पैदा करते थे ,पर्यावरण को शुद्ध रखने में सहायक होते थे और जंगल की खूबसूरती और पृथ्वी का श्रंगार होते थे आग की इस विभीषिका में जलकर भस्मीभूत हो गए हैं। कल तक पंचनद का जो जंगल हरा-भरा और खूबसूरत दिखाई देता था वह आज काला और भयानक दिखाई दे रहा है। जंगल में लगी उक्त आग को बुझाने के लिए वन विभाग की ओर से 24 घंटे तक तो कोई उपाय करना तो दूर इस तरफ कोई जिम्मेदार कर्मचारी अधिकारी तक नहीं आया। जब शुक्रवार/ शनिवार की रात में आग ने प्रचंड रूप धारण कर लिया और जगम्मनपुर भिटौरा गांव के ग्रामीणों में हाहाकार मच गया तब जनता ने प्रलयंकारी आग के खतरे से आगाह किया।

# एक चिंगारी पूरे सिस्टम को कर सकती है स्वाहा

## विकास भवन की दीवारों में छिपा है तबाही का ब्लू प्रिंट



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** गर्मी की दोपहर, सीढ़ियों से चढ़ते हुए जैसे-जैसे मैं विकास भवन के भीतर दाखलि हुआ, एक अजीब सा सन्नाटा महसूस हुआ—ना यह सन्नाटा लोगों की आवाज़ों का था, ना ही कागज़ों की खड़क की कमी का, बल्कि यह सन्नाटा था सुरक्षा व्यवस्था की खामोशी का। यहां की दीवारों पर टंगे फायर सिलेंडर खुद चीख-चीख कर अपनी बदहाली की कहानी सुना रहे थे, पर सुनने वाला कोई नहीं था। भवन के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित प्रमुख विभागों के बाहर कार्यालय में लाल रंग के सिलेंडर गायब मिले। नाजिर के कमरे में जाने पर पता चला कि वहाँ तीन सिलेंडर धूल फांकते मिले सिलेंडरों पर न तो रिफिलिंग की तारीख लिखी थी, न ही एक्सपायरी डेट। सिलेंडर में लगे प्रेशर मीटर की सुई 'जीरो' पर अटकी हुई थी—यानी ये किसी भी आपात स्थिति में सिर्फ कोने में पड़े अपने आपको कोसते रह जाएंगे। ऊपरी मंजिलों की स्थिति और भी भयावह थी। यहां तो कई विभागों के बाहर फायर सिलेंडर तक नहीं दिखे। कर्मचारियों से पूछने पर जवाब मिला की यहां कोई इस तरह की व्यवस्था ही नही है हम तो खुद डरते हैं पर करें क्या? फायर सिस्टम की गैरमौजूदगी पूरी इमारत में कहीं भी फायर फाइटिंग पाइपलाइन, वॉटर हाइड्रेंट, स्मोक डिटेक्टर या अलार्म सिस्टम नहीं दिखा। अगर कहीं आग लग जाए, तो यहां मौजूद लोग खुद को कैसे बचाएंगे इसका कोई जवाब किसी के पास नहीं था।

### डीडीओ का जवाब, लेकिन कार्रवाई का इंतजार

डीडीओ महेंद्र देव पांडेय से बात करने पर उन्होंने कहा, की यह समस्या उनके संज्ञान में है फायर सिलेंडरों की जांच जल्द कराकर उन्हें दुरुस्त कराया जाएगा और फायर विभाग को सूचित किया जाएगा। एक सप्ताह के भीतर हर हाल में प्रत्येक तल पर कम से कम दो फायर सिलेंडर लगवा दिए जाएंगे। हमे अपने कर्मचारियों के साथ यहां आने वाली आम आवाम की भी बेहद फिक्र है। उन्होंने पत्रकारो के प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किया कि उन्हें इतनी बड़ी समस्या से अवगत कराया। जबकि वही दूसरी तरफ विकास भवन के नाजिर ने बताया कि कुछ दिन पहले फायर सिस्टम का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है बजट आते ही लगवा दिया जाएगा। जबकि दूसरी ओर विकास भवन में मौजूद कर्मचारियों के चेहरे बता रहे थे कि यह जवाब नया नहीं है।

# अयोध्या को कूड़ा मुक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी एसबीआई फाउंडेशन




**अयोध्या।(*अवधनामा संवाददाता*)** स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया फाउंडेशन के सामाजिक दायित्व के तहत रामनगरी को कचरा मुक्त बनाने के लिए शनिवार को समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत नगर के चार वार्डों को क्लीन बनाया जाएगा। इससे रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि शनिवार को अमानीगंज स्थित एक होटल में नगर निगम के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, सहायक नगर गुरूप्रसाद पांडेय, एसबीआई फाउंडेशन के अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, रितेश सैन, मुस्कान शर्मा, चिंतन संस्था की ओर से संस्थापक निदेशक भारती चतुर्वेदी, अपूर्व अग्रवाल, प्रगुण गोयल की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए। मऊ शिवाला स्थित एमआरएफ के माध्यम से यह संस्था आसपास के चार वार्डों को कूड़ा मुक्त बनाएगी। वार्डों के चयन एवं निगरानी के लिए समवन्य समिति का गठन किया जाएगा। इस मौके पर महापौर ने कहा कि रामनगरी की स्वच्छता की चिंता नगर निगम के साथ ही एसबीआईएफ ने भी की है। यह खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि दुनिया का हर व्यक्ति अयोध्या आना चाहता है। उसकी सेवा नगर निगम किसी न किसी रूप में करती है। वह अयोध्या की अच्छी छवि लेकर लौटे, इसके लिए सरयू के प्रदूषण स्तर को निरंतर नियंत्रित कर हर किसी को निर्मल जल तथा साफ-सुथरा वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम का दायित्व है।

# अध्यक्षता समिति के सभापति राम गोपाल उर्फ गोपाल अंजान

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली दवाओं के प्रचलन से जनस्वास्थ्य पर पड़ रहे दुष्प्रभावों की रोकथाम के उद्देश्य से गठित उत्तर प्रदेश विधान परिषद की समिति की एक अहम समीक्षा बैठक शुक्रवार, 16 मई 2025 को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष, अयोध्या में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति राम गोपाल उर्फ गोपाल अंजान ने की, जिसमें समिति के सदस्यगण श्रीमती वंदना वर्मा, मानवेंद्र सिंह तथा संतोष सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में अयोध्या के जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन एवं नगर), मंडल के अन्य जनपदों से आए वरिष्ठ अधिकारी, संबंधित विभागों के मंडलीय एवं जनपदीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।सर्वप्रथम जिलाधिकारी अयोध्या ने समिति का स्वागत करते हुए सभापति एवं सदस्यों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व सम्मान चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया। तत्पश्चात समिति के साथ आए विशेष सचिव प्रताप नारायण द्विवेदी व अन्य कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया। अधिकारियों से 'सदन' जैसा व्यवहार करने का निर्देश विशेष सचिव द्विवेदी ने बैठक के प्रारंभ में कहा कि यह समिति एक 'मिनी सदन' की तरह कार्य करती है, अतः अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे चर्चा के दौरान वैसा ही व्यवहार करें जैसा विधानमंडल में होता है। खाद्य सुरक्षा विभाग के कार्यों की सराहना, समाज कल्याण विभाग को लखनऊ तलब बैठक में एजेंडा के अनुसार जनपदवार विभागीय समीक्षा की गई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा के दौरान अयोध्या की कार्यप्रणाली को सराहा गया। सहायक आयुक्त (खाद्य) मानिक चंद्र सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देने की संस्तुति की गई।यूनानी विभाग के निरीक्षण और कार्यों पर जोर देते हुए निर्माण इकाइयों के लगातार निरीक्षण के निर्देश दिए गए। वहीं, समाज कल्याण विभाग अयोध्या के कार्यों से असंतुष्ट होकर समिति ने विभागीय अधिकारियों को विधान परिषद लखनऊ में तलब करने के निर्देश दिए।

जिला आबकारी विभाग को लेकर भी असंतोष व्यक्त किया गया।

## नेशन फर्स्ट का भाव लेकर राष्ट्र निर्माण में जुटें युवाः स्वतंत्र देव सिंह

# आज का युवा भारत का भविष्य....स्वतंत्र देव सिंह



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** जीआईसी ऑडिटोरियम में जुटे जिले भर के मेधावियों से मिलकर प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री उत्साहित हो उठे। मेधावियों से मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा- हर व्यक्ति के अंदर कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती है। इसलिए विद्यार्थियों को अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारना होगा ताकि राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें।विद्यार्थियों को उत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना लेकर आगे बढ़िए और भारत को विश्वगुरु बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कीजिए। जलशक्ति मंत्री शनिवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।उन्होंने मेधावियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा, आप सभी देश के अनमोल रत्न हैं। हमें पूरा भरोसा है कि राष्ट्र को नई दिशा देने में आपकी प्रतिभा का भरपूर सहयोग मिलेगा।बतौर मुख्य वक्ता बोलते हुए अभाविप की प्रांत उपाध्यक्ष प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कहा कि अभाविप विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो अपने स्थापना वर्ष 1948 से ही राष्ट्रवादी मुद्दों को लेकर कई आंदोलनों में सहभागी रहा है।उन्होंने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थी पढ़ने का कार्य करते हैं जबकि अभाविप उन्हें गढ़ने का कार्य करता है।उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को राष्ट्रहित के मामलों में मुखर होना चाहिए। उन्होंने मेधावियों को कठिनाइयों का डटकर सामना करते हुए लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयासरत रहने की सलाह दी। नगर उपाध्यक्ष बलराम तिवारी ने प्रस्ताविकी प्रस्तुत की। संगठन के नगर मंत्री विकास वर्मा ने अभाविप की कार्यशैली से मेधावियों को परिचित कराया। अभाविप के पूर्व कार्यकर्ता अजीत प्रताप सिंह ने राष्ट्र पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य सहयोग देने का विद्यार्थियों से आह्वाहन किया। कार्यक्रम अध्यक्ष विजय आनंद बाजपेई ने सभी का आभार ज्ञापित किया।इस अवसर पर हाइस्कूल से परास्नातक तक के 1580 विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र,प्रतीक चिन्ह एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# प्राथमिकता से हो जनता की समस्याओं का निराकरण : सीडीओ



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील हैदरगढ़ में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें एसडीएम शम्स तबरेज़, क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़, मुख्य चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार यादव सहित जिले और तहसील स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने जनता की शिकायतों को सुनने के बाद उन्हें प्राथमिकता के साथ निस्तारण के निर्देश दिए साथ ही कहा कि अधिकारी शिक़ायतकर्ताओं से सहजता से बात करें और स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण व ससमय समस्याओं का निस्तारण करें। शिकायतों के निस्तारण करते समय अधिकारी शिकायत कर्ताओं से उनके मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क करके इस बात को भी सुनिश्चित कर ले कि शिकायतकर्ता को संतुष्टि मिली है या नहीं। मुख्य विकास अधिकारी ने भूमि विवाद के मामलों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। तहसील हैदरगढ़ में सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से 187 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से 30 प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से 16 प्रार्थना पत्र व अन्य मामलों के 72 प्रार्थना पत्र सहित कुल 305 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिसमें से 13 प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

### सभी 06 तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

बाराबंकी जिले में शनिवार को सभी तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 609 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 49 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। इसी प्रकार तहसील फतेहपुर में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से मौके पर 12 शिकायतों का निस्तारण कराया गया। तहसील राम सनेहीघाट में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मामलों के 52 प्रार्थना प्राप्त हुए, जिसमें से आज 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया शेष प्रार्थना पत्रों के समय से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।नवाबगंज तहसील में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 96 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 10 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

# अयोध्या आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की सौगात

**अयोध्या।(*अवधनामा संवाददाता*)** भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए योगी सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिला कारागार के पीछे 14 हजार स्क्वायर मीटर के विशाल क्षेत्र में साढ़े आठ करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक पार्किंग का निर्माण कराया है। नगर निगम द्वारा तैयार इस पार्किंग में 48 बड़े वाहन, 150 से अधिक चार पहिया वाहन और बड़ी संख्या में मोटरसाइकिल खड़ी हो सकेंगी। यह सुविधा न केवल वाहनों की पार्किंग को सुगम बनाएगी, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। योगी सरकार में अयोध्या अब वैश्विक स्तर पर धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। यहां हर दिन लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंच रहे हैं। राम मंदिर के दर्शन के लिए देश-विदेश से आने वाले लोगों की सुविधा के लिए योगी सरकार ने इस पार्किंग को प्राथमिकता के आधार पर तैयार कराया है। यह पार्किंग शहर की भीड़ भाड़ को कम करने और यातायात को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रकाश व अन्य व्यवस्थाएं भी हैं पार्किंग में विभिन्न प्रकार के वाहनों के लिए अलग-अलग क्षेत्र निर्धारित किए गए हैं। यहां पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए गए हैं। यह सुविधा पर्यावरण के अनुकूल यात्रा को बढ़ावा देगी और उन पर्यटकों के लिए लाभकारी होगी जो इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करते हैं। पार्किंग क्षेत्र को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए उचित प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी की गई है।

# सुंदरीकरण कार्यों का जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**महराजगंज।(*अवधनामा संवाददाता*)** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा आज दिनांक विकास भवन परिसर में कराए गए सौंदर्यीकरण कार्यों का उद्घाटन और विकास भवन सभागार में पंचायतीराज, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आदि कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा सबसे पहल विकास भवन में कराए गए सुंदरीकरण कार्यों जैसे वाहन पार्किंग स्थल, आगंतुक प्रतीक्षा कक्ष, पेंटिंग, अलग-अलग राज्यों की दीवाल चित्रकारी, एलईडी बोर्ड, फोटो गैलरी इत्यादि का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी ने विकास भवन परिसर का अवलोकन भी किया और कराए गए कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की। इसके उपरांत उन्होंने विकास भवन सभागार में जनपद के ग्राम्य विकास व पंचायती राज विभागों की प्रगति समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस निस्तारण में अंतर्गत असंतुष्ट फीडबैक अत्यधिक है, जो कि अस्वीकार्य है। संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से संपर्क कर प्रकरण का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने आगामी वृक्षारोपण अभियान में प्रति ग्राम पंचायत 40 कृषकों द्वारा 3-3 पौधारोपण करवाने हेतु माइक्रोप्लान तैयार कर अग्रिम मृदा कार्य (गढ्ढा खुदान) ससमय पूर्ण करवा लेने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी मनरेगा, पीडी डीआरडीए, डीपीआरओ, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित विकास खण्ड का प्रमुख स्टाफ उपस्थित था।

# प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ देवेंद्र कुमार द्विवेदी का शिक्षकों ने किया स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** विकासखंड सिद्धौर के प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में सैकड़ो शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कैसरगंज में माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया। सर्वप्रथम सरस्वती के चित्र पर डॉ देवेंद्र कुमार द्विवेदी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीमती उषा पांडे, आदर्श कुमारपांडे, आशुतोषनाथ मिश्र, अरुण कुमार, मोहम्मद आसिम, राजकुमार यादव आदि ने सरस्वती प्रतिमा पर किया एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। अध्यक्षता कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीमती उषा पांडे ने नारी शक्ति सर्वशक्ति की भावना को ध्यान में रखते हुए जनपदीय कार्यकारिणी एवं ब्लाक कार्यकारिणी के सहयोग से श्रीमती शबाना को अध्यक्ष महिला इकाई, श्रीमती अर्चना सिंह को मंत्री महिला इकाई, श्रीमती पूनम गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीमती सरोजिनी को संयुक्त मंत्री, प्राची को कोषाध्यक्ष, श्रीमती बिंदु सिंह को उपाध्यक्ष, अल्पना को उपाध्यक्ष, सरिता को उपाध्यक्ष प्रांतीय संगठन मंत्री एवं ब्लॉक इकाई के सम्मानित पदाधिकारी की उपस्थिति में दायित्व प्रदान किया गया सभी को माला पहनकर शिक्षकों के हित में निरंतर निष्ठा पूर्वक कार्य करने की बात कही गई। इस मौके पर पूजेंद्र शुक्ला वरिष्ठउपाध्यक्ष, राहुल सिंह उपाध्यक्ष, सत्येंद्र सिंह चौहान,अजय मुकुल, समर हसनैन जैदी अध्यक्ष शिक्षामित्र संघ पवन यादव, ललितपांडे, विवेकशुक्ला, कमलेश चंदपांडे, कंचन जायसवाल, दिलीप जायसवाल, विनीत मिश्रा, मोहम्मद इमरान मोहम्मद शरीफ मोहम्मद अख्तर सुनील सिंह दुख हरण सिंह रामकृपाल यादव दीपिका श्रीमती शिम्पा वर्मा मोहम्मद अकील महफूज रणबीर वर्मा महेश सिंह दीपिका रावत नेहा डोंगरियाल मंजू मिश्रा गौरव तिवारी सतपाल वर्मा लवकुश वर्मा नेहा गुप्ता सीमा देवी विनीत वर्मा साधना वर्मा कीर्ति सिंह विवेक मिश्रा वंदना गुप्ता गरिमा श्वेता शर्मा संदीप गौतम सना नंद श्याम जकारिया खान गिरीश मनोज समर जैदी शांति साहू राजकुमार सिंह प्रीति रावत आस्था वर्मा आनंद सिंह आशीष वर्मा अखिलेश विश्वकर्मा परमजीत रामकेश पाल शैलेंद्र प्रीति कनौजिया अमिता रस्तोगी बबीता सिंह आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# पति सहित छह के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**मिठौरा (महराजगंज)।(*अवधनामा संवाददाता*)** सिन्दुरिया थाना क्षेत्र के मिठौरा गांव की विवाहिता ने सिंदुरिया पुलिस को तहरीर देकर अपने पति, सास व ननद व देवर के खिलाफ दहेज के लिए मारने पीटने तथा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने पति सहित छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने बताया कि एक दिसंबर 2023को विदा होकर अपने ससुराल गई । पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके पिता अपने हैसियत के हिसाब से दहेज व घरेलू सामान देकर उसकी विदाई किये थे। विदाई के एक सप्ताह तक सबकुछ ठीक चला। इसके बाद लोगो ने मेरा उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। थानाध्यक्ष मनोज गुप्ता के अनुसार पीड़िता के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है।

# शराब पीने के बहाने युवक को बुलाकर रुपये मोबाइल छीने

**मसौली बाराबंकी।(*अवधनामा संवाददाता*)** शराब पीने के बहाने बुलाकर तीन साथियो ने युवक से 5 हजार की नगदी सहित ओपो मोबाइल छीन लिया पीड़ित युवक ने थाना मसौली मे छिनौती की तहरीर दी है। नगर कोतवाली के बड़ेल निवासी मोहम्मद शमीम पुत्र महबूब शुक्रवार की देर शाम मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुर अपने बहनोई के घर आया था शेरपुर निवासी मो0 आलम पुत्र जमील, सलामन पुत्र साकिर अपने एक अन्य साथी महींन के साथ मसौली स्थित देशी शराब ठेके पर ले गये तथा शराब ठेके पर उक्त लोगो ने 5 हजार की नगदी व ओपो मोबाइल छीन लिया मागने पर उक्त लोग मारपीट पर आमादा हो गये तथा पैसा देने से इंकार कर दिया।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता पर बीजेपी ने निकाला भव्य तिरंगा यात्रा



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए सफल ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान संरक्षित आतंकवादियों को मार गिराए जाने एवं सेना की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के प्रति आभार व्यक्त करने व देशवासियों के भीतर देशभक्ति की भावना को प्रबल करने के उद्देश्य से शनिवार को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा निकाली। जिसमें भारतीय सैनिकों की वीरता की सराहना करते हुए पूर्व भारतीय सैनिकों को सम्मानित किया गया। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नेतृत्व में ब्लॉक परिसर से निकाली तिरंगा यात्रा में भारत माता व भारतीय सेना के जयकारे लगाते सक्सेना चौराहे पर पहुँची। जहां देश के महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा न केवल सेना के पराक्रम को सम्मान देने का अवसर है, बल्कि देश की एकता और अखंडता का प्रतीक भी होगी। पाकिस्तान ने जो दुस्साहस किया था उसका सैनिकों ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को हमने समाप्त किया है। हमारा मकसद आतंकवाद को जवाब देना था जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के तहत हम पूरी तरह सफल रहा।

# जलापूर्ति की जमीनी हकीक़त जांच जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा शनिवार को मिठौरा क्षेत्र स्थित करौता ग्राम में जल जीवन मिशन फेज द्द्य के तहत निर्मित परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओवरहेड टैंक, पम्प हाउस, क्लोरिनेशन सिस्टम आदि को देखा। उन्होंने परियोजना के बारे में अधिशासी अभियंता जल निगम से विस्तृत जानकारी ली। अधिशाषी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजना का निर्माण जल जीवन मिशन फेज-द्द्य के जेएमसी द्वारा किया गया है। परियोजना के तहत निर्मित ओवरहेड टैंक की क्षमता 100 किलोलीटर है। परियोजना लगभग 06 माह से संचालित है और इसके तहत कुल 430 घरों में जल संयोजन किया गया है। जिलाधिकारी ने स्थानीय ग्रामीणों से भी बात की और स्वयं घर घर जाकर जलापूर्ति की स्थिति को देखा। स्थलीय निरीक्षण में लगभग सभी घरों में जलापूर्ति होते हुए पाया गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को जिन घरों में नलका खराब है, उसे ठीक कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कहीं लीकेज की समस्या है तो उसका भी मरम्मत करा लें। ग्रामीणों से वार्ता के उपरांत जिलाधिकारी ने गांव में पोखरी की साफ-सफाई और अपूर्ण सड़क के निर्माण को जल्द से जल्द पूरा किए जाने हेतु बीडीओ को निर्देश दिया। उन्होंने अमृत सरोवर की साफ-सफाई को भी बरसात के पूर्व किए जाने हेतु निर्देशित किया। द्वनिरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम सहित कार्यदाई संस्था के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अधिकारी नहीं बेटा बनकर बुजुर्गों का लिया हालचाल

**महराजगंज।(अवधनामा संवाददाता)** मिठौरा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम सभा करौता में ग्रामीण अपने बीच एक सरल और हंसमुख जिलाधिकारी को देखकर बुजुर्ग ग्रामीण ऐसे खुश हुए जैसे उनसे कोई जिलाधिकारी नहीं बल्कि बेटा बात कर रहा हो। जिलाधिकारी अनुनय झा ने भी बुजुर्गों से एक एक समस्याओं को पूछकर उनके निस्तारण की बात की और सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में पूछा जिसको लेकर बुजुर्गों ने खुलकर बात की। जिलाधिकारी ने सभी बुजुर्गों का हालचाल लिया और उनको वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन मिलता है या नहीं, इसकी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सभी से आयुष्मान कार्ड के संदर्भ में भी पूछा। जिलाधिकारी को बुजुर्गों ने बताया कि उन्हें पेंशन योजना सहित आयुष्मान कार्ड आदि का लाभ मिल रहा है।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता पर बीजेपी ने निकाला भव्य तिरंगा यात्रा



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए सफल ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान संरक्षित आतंकवादियों को मार गिराए जाने एवं सेना की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के प्रति आभार व्यक्त करने व देशवासियों के भीतर देशभक्ति की भावना को प्रबल करने के उद्देश्य से शनिवार को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा निकाली। जिसमें भारतीय सैनिकों की वीरता की सराहना करते हुए पूर्व भारतीय सैनिकों को सम्मानित किया गया। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नेतृत्व में ब्लॉक परिसर से निकाली तिरंगा यात्रा में भारत माता व भारतीय सेना के जयकारे लगाते सक्सेना चौराहे पर पहुँची। जहां देश के महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा न केवल सेना के पराक्रम को सम्मान देने का अवसर है, बल्कि देश की एकता और अखंडता का प्रतीक भी होगी। पाकिस्तान ने जो दुस्साहस किया था उसका सैनिकों ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को हमने समाप्त किया है। हमारा मकसद आतंकवाद को जवाब देना था जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के तहत हम पूरी तरह सफल रहा।

## राम वनबास की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम थे। अपने मर्यादा के पालन में उन्होंने बहुत दुख सहे। पिता की आज्ञा पर बनवास या जनता की आवाज पर पत्नी का त्याग हो। उन्होंने मर्यादा का पालन कर समाज को अनुपम संदेश दिया है। आज का युवक अपने पथ से विचलित होकर माता पिता की अवज्ञा दिशाहीनता व जीवन मे गलत लक्ष्यों का निर्धारण कर कुंठित व परेशान है। ऐसे मे प्रभु श्री राम का जीवन दर्शन युवाओं के लिए अनुकरणीय रहेगा। उक्त सद्विचार कथावाचक अमरनाथ महाराज ने लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दौरान श्री राम जानकी मंदिर भरवलिया उर्फ टिकुइया में चल रही श्रीराम कथा में कही। प्रसंग को आगे बढ़ते हुए कहा कि बनवास के तीन कारण हैं। काम, क्रोध व लोभ तीनो ने मिलकर रामराज्य की जगह रामबनवास करा दिया और चौदह बर्ष के लिए भगवान को बनवास जाना पड़ा। सीता जी को तपस्विनी के वेश में देख सब भाउक हो गए। आगे आगे राम, उनके पीछे सीता, उनके पीछे लक्ष्मण व नगरवासी दौड़ रहे थे। साथी साथ राजा दशरथ और माता कौशल्या अभी पीछे-पीछे भाग रही थी। सभी रो रहे थे और सभी के आंखों से आंसू छलक रही थी। यह प्रसंग सभी श्रोता भाव विभोर हो उठे। रामकथा के अवसर पर ब्लाक प्रमुख कुदरहा अनिल दुबे, प्रधान राजेश यादव, अजय पाल, राम प्रकाश यादव व्यास पीठ की आरती उतार कर आर्शिवाद प्राप्त किया। उहोंने कहा कि सभी को धार्मिक कार्यक्रमों के सहभागिता निभानी चाहिए। युवाओं को जोडने की जरूरत है। जिससे समाज के लोगों को अच्छी प्रेरणा मिल सके। ऐसे कार्यक्रम में हम सभी लोगों को विना भेद भाव के एक साथ होकर सहयोग करना चाहिए।

## राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलवारी में समर कैंप के आयोजन पर बनी रणनीति



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** बहादुरपुर विकास क्षेत्र के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलवारी एहतमाली में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक आयोजित हुआ। जिससे कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाले छात्रों का स्वागत और कक्षा 10 में सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार गोंडा ने छात्रों को विद्यालय का एजेंडा व समर कैंप के बारे में जानकारी दिया।और अभिभावकों से भी जानकारी लिया। वहीं कक्षा दस में सर्वोत्तम अंक प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को सम्मानित किया। वहीं कक्षा 9 में प्रवेश पाने वाली छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत हुआ। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल वर्मा,अतुल गुप्ता, चन्द्र लाल,विनय बर्मा, सर्वेश पटेल, सुबाष कुमार, विकास, धनेश्वर, दीपक राकेश, रामदेव, बलिराम सहित तमाम शिक्षक अभिभावक मौजूद रहे।

## ग्रामीणो ने तहसील दिवस में पटटा धारक द्वारा ताल में बना रहे बन्धा को रुकवाने की मांग किये

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ विकास क्षेत्र के अन्तर्गत सेमरा सागर में मछली पालन के लिए कराए गये पटटे के जमीन पर पटटा धारक द्वारा गलत तरीके से बन्धा बनवाया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। बन्धा रोकवाने के लिए ग्रामीणों ने शनिवार को तहसील दिवस में मांग किये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शोहरतगढ विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत रमवापुर तिवारी में सेमरा सागर का कुछ हिस्सा पड़ता है। जिसमें गाटा संख्या 33 मि. ताल स्थित है। जों राजेश सहानी के नाम से मछली मारने के लिए पट्टा किया गया है। रमवापुर तिवारी ग्राम पंचायत के टोला गोनचौरा के ग्रामीणों का आरोप है कि पट्टा धारक राजेश सहानी बगैर पैमाइश करवायें गलत तरीका से ताल में बन्धा बनवा रहे हैं। जिससे क्षेत्र के किसानों के खेतों में कही बाढ़ तो कहीं सूखा की स्थिति बनी रहेगी। इसलिए गोनचौरा गांव के लोगों ने शनिवार को शोहरतगढ़ तहसील दिवस में पट्टा धारक द्वारा करवायें जा रहे बांध को रोकनें की मांग लिखित रुप से किये है।

## गांजा गिरोह की महिला तस्कर गिरफ्तार

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** बसखारी पुलिस ने अंतर्जनपदीय गांजा तस्कर गिरोह की एक महिला सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के पास से 2.326 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डोडो नहर बाईपास से अभियुक्ता अंजली उर्फ अंजना उर्फ रुपाली देवी को पकड़ा। वह ग्राम पुरवा मकदूमपुर थाना जैतपुर की रहने वाली है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह बिहार से गांजा खरीदती है। इसे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में बेचती है। इनमें आजमगढ़, जौनपुर, प्रयागराज, सुल्तानपुर, अयोध्या और अम्बेडकरनगर शामिल हैं। जब्त किए गए गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2 लाख 32 हजार रुपए आंकी गई है। बसखारी थाना प्रभारी संत कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आजमगढ़ अलीगंज और बसखारी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरोह के अन्य सदस्य मौके से फरार हो गए। पुलिस जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार करेगी। महिला आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचना संख्या: SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T05, दि.09.06.2025

'खुली ई–निविदा'

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्रम सं.–01, कार्य का नामः इज्जतनगर मंडल के विभिन्न खण्डों में 25 केवी ओएचई बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए एसटी और बीटी इंसुलेटर पर एंटी.बर्ड डिस्क और पोर्टल/टीटीसी बूम पर नायलॉन नेट के प्रावधान से संबंधित कार्य। टेण्डर रिफरेंस नं0: SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T05, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹49,82,656.30, अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी : ₹99,700.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: 0.00, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 09.06.2025, 11:00, कार्य पूरा करने की अवधि: 06 माह।

खुली ई–निविदा दिनांक 09.06.2025 को 11.00 बजे तक जमा कर सकेंगे।

पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.डी.

मुजाधि/विद्युत–36 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गयी तिरंगा शौर्य यात्रा

**अम्बेडकरनगर।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित लोगों ने झांसी में तिरंगा यात्रा निकाली. भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, नेताओं और स्थानीय लोगों ने इस तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया और भारतीय सेना के शौर्य के प्रति अपना समर्थन दिया. फवारा तिराहा से शुरू होकर तिरंगा यात्रा शहर के कई हिस्सों से होते हुए। यह यात्रा देश की एकता, अखंडता, और संप्रभुता की रक्षा के लिए भारतीय सेना के अदम्य साहस को सलाम करने का प्रतीक बनी।भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। लोगों पाकिस्तान के विरोध में नारेबाजी की। त्र्यंबक तिवारी ने कहा की भारत ने हमेशा शांति और भाईचारे की राह को चुना है, लेकिन जब देश की सुरक्षा और नागरिकों की जान की बात आती है, तब भारत किसी भी हद तक जाकर अपने लोगों की रक्षा करता है।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-टेली/टेंडर/01/2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल पर सिगनल एवं दूरसंचार कार्यालयों, अन्य कार्यालयों, अधिकारी विश्राम गृह और डिपो में रेलनेट कनेक्टिविटी की व्यवस्था। |
| अनुमानित लागत | रु. 3,30,31,555.15/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 3,15,200.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 09.06.2025 15.30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। निविदा सू0 सं0 – 106–टेली/टेंडर/01/2025–26 दिनांक: 16.05.2025 1455/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत हल्लौर गांव को मिला तोहफा

अवधनामा संवाददाता



- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत लगभग एक करोड़ की लागत से रौशन होगा हल्लौर गांव
- सोलर सिस्टम से रौशन होंगे गांव-घर

**डुमरियागंज शिद्धार्थनगर।** भारत सरकार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना चला रही है। इसका उद्देश्य देश में सोलर ऊर्जा के उपयोग बढ़ाना है। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है। इसी क्रम में ब्लॉक क्षेत्र के हल्लौर गांव के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक बड़ी सौगात लेकर आई है। इस योजना के तहत गांव को सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा से प्रकाश व्यवस्था व अन्य ऊर्जा प्लांट की व्यवस्था करने के लिए एक करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इससे गांव में बिजली के बिल में बचत होगी और सार्वजनिक स्थान रोशन होंगे।

शनिवार को नोडल अधिकारी यूपी नेडा डॉ. राजेश यादव ने हल्लौर स्थित पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ बैठक के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि हल्लौर उन 21 भाग्यशाली गांवों में शामिल है, जिन्हें जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए सर्वे के दौरान पूरे जनपद से चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार पांच हज़ार से अधिक आबादी वाले और पूर्व में सोलर सिस्टम का कार्य करा चुके गांवों को जिला स्तरीय कमेटी द्वारा इस योजना के लिए चुना गया है। डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत आने वाले ऑन ग्रिड सोलर सिस्टम, हाइब्रिड सोलर प्लांट और इस पर मिलने वाली सब्सिडी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हल्लौर गांव को सौर ऊर्जा के पुरस्कार के रूप में मिले एक करोड़ रुपये की धनराशि से गांव में विभिन्न स्थानों पर सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। इसके तहत स्ट्रीट लाइट, सूर्य घर योजना और कुसुम सी वन योजना जैसे कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ताक़ीब रिज़्वी, रवि शंकर पांडेय, सरफराज मनसब, राशिद ताक़ीब, रियाज हैदर, इकबाल मेहदी पप्पू, काजिम रजा, इंतजार हुसैन शबाब, रज्जन रिज़्वी, राजू कानपुरी, शहनवाज़ लल्ला सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया और गांव में सौर ऊर्जा के माध्यम से होने वाले विकास कार्यों को लेकर उत्साह जताया।

## खैर टेक्निकल इंटर कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

### प्रतिभाओं को मिला सम्मान, छात्र-छात्राओं को मिले हौसलों के उड़ान



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज शिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के बरई बनगवा स्थित खैर टेक्निकल इंटर कॉलेज में आज एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शनिवार को प्रतियोगिता के दौरान, युवा कलाकारों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार के आकर्षक चित्र बनाए और उनमें सुंदर रंग भरे। बच्चों की कल्पना और कला कौशल को देखकर सभी प्रभावित हुए। इसके पश्चात, विद्यालय प्रबंधन समिति के निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के चित्रों का मूल्यांकन किया। प्रतिभा और रचनात्मकता के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के महत्वपूर्ण सदस्य इरशाद अहमद खान, अफ़ज़ाल फैयाज अहमद खान, जमाल अहमद, आफताब अहमद और सैयद अली सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। जिन्होंने बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को सराहा और उनका मार्गदर्शन किया। इस आयोजन से विद्यालय में कला और रचनात्मकता के प्रति सकारात्मक माहौल देखने को मिला।

## डीएम की अध्यक्षता में आलापुर तहसील मे आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



**आलापुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** शासन के मंशानुसार एक ही स्थान पर सभी विभागों से संबंधित जनसमस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराने हेतु जनपद के समस्त तहसीलों पर माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को जिलाधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस के क्रम में आज माह के तृतीय शनिवार को तहसील आलापुर में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार एवं अन्य संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 103 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर ही 14 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करा दिया गया तथा शेष 89 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए समयबद्ध समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में प्राप्त समस्त शिकायतों को समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकास विभाग, राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित मामलों में मौके पर जाकर उभय पक्षों की उपस्थिति में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील डुमरियागंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

# तहसील समाधान दिवस में आये 89 मामलों में राजस्व के 17 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही समाधान

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत शनिवार को डुमरियागंज तहसील सभागार में जिलाधिकारी डा राजागपति आर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा अभिषेक महाजन की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील डुमरियागंज़ में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, उपजिलाधिकारी डुमरियागंज संजीव दीक्षित तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया।

अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस डुमरियागंज़ में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले।

किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 89 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-61, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-05, विकास-08, अन्य-15 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी डा राजागणपति आर0 द्वारा राजस्व के 17 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्र्देशित किया।

# शहीद-ए-मिल्लत कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम बसडिलिया स्थित शहीद ए मिल्लत की मजार में शुक्रवार की रात शहीद-ए-मिल्लत कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें मशहूर व मारूफ उलेमाओं व वक्ताओं ने भाग लिया। शहीद ए मिल्लत के उर्स में अकीदतमनदो ने चादर चढ़ाया और दुआएं और मन्नतें भी मांगी।

शुक्रवार की रात आयोजित शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस में मुख्य वक्ता के रूप में अपने संबोधन में मुरादाबाद से आए सैय्यद शबाहत हुसैन ने कहा कि हर ईमान वाला जन्नत का हकदार है क्योंकि ईमान बुराइयों को खत्म करती है और नेकी के रास्ते पर चलने के हिदायत करती है। आज शिक्षा के मामले में मुसलमान काफी पीछे हैं उन्हें दीनी और दुनियावी दोनों शिक्षा पर जोर देना होगा। तभी एक सफल जीवन में कामयाबी मिल सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि सबसे पहली सीढ़ी मां-बाप होते हैं अगर बचपन में मां बाप का प्यार मिला तो वह बच्चे गलत कामों की तरफ नहीं जा पाते हैं। जब मां-बाप नेक होंगे तो बच्चे भी नेक होंगे। उन्होंने दहेज पर बोलते हुए कहा कि दहेज लेना और देना दोनों गुनाह की श्रेणी में आता है हमें इससे बचना चाहिए तभी एक अच्छे समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस मौके पर कान्फ्रेंस को खिताब करते हुए मुफ्ती फुरकान रजा बरेली शरीफ ने कहा कि शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस में जुटने का उद्देश्य यह है कि सभी लोग दीन की तरफ बढ़े और दुनिया को भी सुरक्षित रखें। फिजूल खर्चे से बचें, दिखावा अल्लाह ताला को पसंद नहीं है। इस्लाम मोहब्बत व भाईचारे का पैगाम देता है। मां बाप की सेवा करने वाला दुनिया में सबसे सुखी इंसान है। इस मौके पर हजरत अल्लामा हाशिम अशर्फी कानपुरी ने कहा कि आज नौजवान दीन से भटक रहा है इसी वजह से वह परेशान भी है। मस्जिदों को आबाद करें और नेकी के रास्ते पर चलें। अंत में उन्होंने दुआ के साथ प्रोग्राम खत्म कराया। जबकि इससे पूर्व तिलावते कलाम पाक से कान्फ्रेंस की शुरुआत हाफिज कारी आरिफ मुशाहिदी ने की। इसके बाद फैजान रज़ा व तस्कीन रजा बरेली ने नात पाक से माहौल को काफी खुशनुमा बना दिया। नवीना शायर मोहसिन रजा ने भी अपना कलाम सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। प्रोग्राम में ताहिर रजा रामपुरी ने भी अपना कलाम पेश किया। कान्फ्रेंस की अध्यक्षता दारुल उलूम अहले सुन्नत गरीब नवाज बैदौला चौराहा के प्रबंधक मौलाना मकसूद अकरम व संचालन हाफिज दिलशाद फारूकी ने किया। इस मौके पर हाफिज अरबाब फारुकी, मौलाना अरशदुउल कादरी, मौलाना सफीक निजामी, कारी अबरार अहमद, हाफिज एतवार, डॉक्टर मोहम्मद हुसैन सिद्दीकी, अफजानुल हक फारुकी, मौलाना शेख आबिद अली, गुलाम नवी, जहीर फारुकी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, अब्दुल रशीद फारुकी, अहमद हुसैन, बिलाल फारुकी, सैयद मैराज, शम्स, अब्दुल समद, इसरार अहमद फारूकी, फखरुद्दीन हाफिज एहसानुल्लाह, शहाबुद्दीन फारूकी, अलाउद्दीन फारुकी, शाहनवाज हुसैन उर्फ सालार, जलाल अहमद ,अजहर हुसैन फारूकी, शहाबुद्दीन फारूकी, शाहिद हुसैन फारूकी, मोहम्मद हसनैन फारुकी, अब्दुल राशीद फारूकी, अफजान फारूकी सहाबुद्दीन फारूकी, अलाउद्दीन फारूकी, शहनवाज हुसैन उर्फ सालार, जलाल अहमद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## कुएँ कभी लोगों की बुझाते थे प्यास वर्तमान में अपनी दुर्दशा का है शिकार

दानिश मेहदी /पद्मनाभ मिश्र



**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** जल संरक्षण के दावे भले ही किए जाते हैं। लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही है। जल संरक्षण के प्रमुख आधार कुएं आज अस्तित्व विहीन हो गए हैं। वे अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाने को मजबूर है। एक समय था जब यह लोगों की प्यास बुझाने के साथ ही खेतों की सिंचाई के प्रमुख आधार हुआ करते थे।

आज यह सूखे पड़े है। इनके जीर्णोद्धार के लिए प्रशासन गंभीर नहीं है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। कभी ग्रामीण क्षेत्रों में कुआं जल संचय का आधार हुआ करता था। लोगों की पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए हर गांव मोहल्ले में दो-चार घर के बीच एक कुआं आवश्यक होता था। कुएं का महत्त्व इस कदर था कि इसके निर्माण के समय विधिवत पूजा पाठ किया जाता था। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों की सिंचाई से लेकर पेयजल का यही आधार था। गांव के लोग सुबह शाम कुओं की जगत पर बैठकर चौपाल भी लगाते थे। और अपने सुख-दुख की बातों को साझा करते थे। लेकिन जैसे-जैसे विज्ञान ने प्रगति की यह धीरे-धीरे अस्तित्व विहीन होते चले गए। जिनमें अधिकांश तो पाट दिए गए और कुछ में कूड़े का अंबार लगा हुआ है। स्थिति यह है कि क्षेत्र में एक भी ऐसा कूंआ नहीं जिसमें पानी भरा हो। आज यह सूखे पड़े हैं। इस तरफ ना तो किसी सामाजिक संगठन का ध्यान जा रहा है और ना ही शासन प्रशासन का अगर कुएं के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए तो निश्चित रूप से लोगों की सोच में बदलाव आ सकता है उपेक्षित कुएं अपने पुराने रूप में गांव की सेवा कर सकेंगे। जिन कण को अस्तित्व में लाना अनिवार्य है। उनके बारे में तमाम बार उच्च अधिकारियों के संज्ञान में बात डालने के बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।जल संरक्षण के प्रमुख आधार कुआं को संरक्षित करना आवश्यक है।

# परिगवा और जोगीबारी में निःशुल्क स्वास्थ चिकित्सा शिविर

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** सांसद जगदंबिका पाल का सपना, स्वस्थ रहे सिद्धार्थनगर अपना कार्यक्रम के बैनर तले शनिवार को शोहरतगढ़ तहसील के जोगीबारी और परिगवा गांव से निःशुल्क स्वास्थ चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया गया। दोनों शिवरों का उद्घाटन सांसद जगदम्बिका पाल की अनुपस्थिति में उनके पुत्र अभिषेक पाल ने ग्राम प्रधान परिगवां राजेंद्र शर्मा और ग्राम प्रधान जोगी बारी नितेश सिंह के साथ किया।

शोहरतगढ़ के जोगीबारी गाँव में करीब 250 लोगों ने नेत्र, नाक, कान व गला, दाँत व मधुमेह आदि बीमारियों को लेकर अपना स्वास्थ्य परिक्षण कराया, जिसमें लगभग 150 लोगों ने नेत्र परिक्षण के उपरांत चश्मा भी लिया तो वहीं परिगवा गाँव में करीब 300 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परिक्षण कराया, जिसमें लगभग 200 लोगों ने नेत्र परिक्षण के उपरांत चश्मा लिया। विदित हो एनटीपीसी लिमिटेड के सामाजिक दायित्व के अंतर्गत 25 शिवरों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शरीर का सामान्य परीक्षण, रक्त की जांच, शुगर, ब्लड प्रेशर, आंखों की जांच, नाक, कान, गला और हड्डी की जांच हो रही है तथा सभी लोगों को मुफ्त दवा और चश्मा दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रत्येक गांव में 15 सदस्यों का दल जा रहा है और सभी लोगों का परीक्षण किया जा रहा है। शिविर में दवाओं का वितरण स्वास्थ्य विभाग की तरफ से किया जा रहा है। साथ ही एनटीपीसी लिमिटेड कमजोर आंखों वाले सभी व्यक्तियों को निःशुल्क चश्मा भी दे रहा है। कार्यक्रम को लेकर सांसद पुत्र अभिषेक पाल ने कहा कि सिद्धार्थनगर एक आकांक्षी जनपद है। सांसद पाल इसे विकसित जिला बनाने के लिए कृतबद्ध हैं।

श्री पाल ने आगे कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना एक मील का पत्थर साबित हुआ है। मेडिकल कालेज के बाह्य रोगी विभाग में प्रतिदिन लगभग 2000 मरीज देखे जा रहे है। प्राथमिक स्तर पर ग्रामीण इलाको में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने के लिए एक महाअभियान का शुभारम्भ किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक गाँव में निःशुल्क एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि किसी भी व्यक्ति को होने वाले रोगों का प्रारम्भिक स्तर पर ही पता चल सके। प्रारम्भिक स्तर पर रोगों की पहचान होने से व्यक्ति को कम खर्च और तकलीफ में ही ठीक किया जा सकता है। साथ ही बड़े अस्पतालों पर भी बोझ बहुत कम हो जाता है और वहाँ गंभीर रोगियों को त्वरित इलाज मिलता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि तथा कार्यक्रम प्रभारी एसपी अग्रवाल, सहप्रभारी उमेश पांडेय मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी, गंगा मिश्रा, नीरज सिंह पद्माकर शुक्ला, जितेंद्र चौधरी, प्रिंस शर्मा, गुड्डू सिंह, विजय कश्यप, सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पांडे महामंत्री संजय कुमार दुबे, अमरेंद्र प्रताप सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के डॉ अभिषेक, डॉ रामबेलास, सुरेंद्र पाल, डॉ आनंद मणि, डॉ अटल, डॉ दुर्गेश पटेल, डॉ उदय सिंह, डॉ आदर्श श्रीवास्तव, उर्वशी वर्मा, कुलदीप, अंजली, पियूष द्विवेदी, सिद्धार्थ दिवाकर, दिव्यांशु पाण्डेय, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुनकर झूमे श्रद्धालु



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के सिसहनिया गांव में सात दिवसीय आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवीं रात शुक्रवार को कथा वाचक सत्य प्रकाश पाण्डेय ने भगवान श्रीकृष्ण -रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई। जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित सभी श्रद्धालु भाव विभोर हो उठें। श्री कृष्ण-रुक्मिणी का वेश धारण किए बाल कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से पंडाल में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को मन मुग्ध किया। वहीं श्रद्धालुओं ने बाल कलाकारों पर पुष्प की वर्षा की। उस समय पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं के तालियों की आवाज से पूरा पंडाल गुंजायमान हो गया। कथावाचक सत्य प्रकाश पाण्डेय ने कहा रुक्मिणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी की अवतार थीं। रुक्मिणी ने देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रुप , सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्री कृष्ण से विवाह करने का निश्चय कर लिया। रुक्मिणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से करना चाहता था। लेकिन रुक्मिणी को यह प्रस्ताव पसंद नहीं था। इसलिए रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण को पत्र लिखा और कहा हे श्रीकृष्ण जैसे आप निर्विकार हैं, वैसे ही मैं भी निष्काम हूं। मेरा जीवन आपको समर्पित है। इसलिए हमारे उपर कृपा करके मेरा हाथ पकड़कर यहां से मुझे ले चलो, और मेरा मेरा उद्धार करो। इसके आगे भी कथा वाचक ने कथा का रसपान कराया। इस अवसर पर राम सवारे शर्मा, जगदीश, अमरनाथ, केशव आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 'बदजुबान' नेता-मंत्री

मंत्री और नेता 'बदजुबान' क्यों होने लगते हैं? वे आपत्तिजनक ही नहीं, अश्लील, शर्मनाक और मर्यादाहीन भाषा क्यों बोलने लगते हैं? उच्च न्यायालय को उसे 'गटर की भाषा' क्यों करार देना पड़ता है? वे निजी हमले भी करते हैं और देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता के लिए खतरनाक बोली भी बोलते हैं। यह कानूनन मानहानि ही नहीं, देशद्रोह की परिधि में भी आना चाहिए। मप्र के जनजातीय कल्याण मंत्री और 8 बार के निर्वाचित विधायक विजय शाह तो आदतन और सिलसिलेवार 'गालीबाज' रहे हैं। न जाने क्यों भाजपा अभी तक उन्हें ढो रही है? सिर्फ चुनाव जीतना ही राजनीति नहीं होता। राजनीति के सामाजिक और वैचारिक मूल्य भी होने चाहिए। भाषा अभद्र नहीं होनी चाहिए। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के महासचिव एवं वरिष्ठ सांसद रामगोपाल यादव ने खुलासा किया है कि एयर मार्शल एवं वायुसेना ऑपरेशन के महानिदेशक एके भारती 'यादव' हैं और विंग कमांडर व्योमिका सिंह हरियाणा की 'जाटव' हैं। इन दोनों सैन्य अधिकारियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की कार्रवाई को देश को ब्रीफ किया था। उनके साथ कर्नल सोफिया कुरैशी भी थीं, जिनके खिलाफ मप्र के मंत्री ने 'जहर उगला' था। उन्हें 'आतंकियों की बहन' तक करार दिया था। सवाल है कि इन दोनों नेताओं को बदजुबानी कर क्या हासिल हुआ? सेना और सैनिक का कोई जाति-धर्म नहीं होता। वे सिर्फ 'भारतीय' होते हैं। बेशक मप्र के मंत्री ने बाद में कई बार माफी भी मांग ली, लेकिन वह निर्लज्जता की हंसी भी हंसते रहे। यह हमारे लोकतंत्र के नेताओं-मंत्रियों का चरित्र है। मंत्री विजय शाह का दूसरों के प्रति बदजुबानी का पुराना इतिहास रहा है। उन्होंने 2013 में मप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी तक को नहीं छोड़ा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर फब्तियां कसीं। चलो, इसे राजनीति के खाते में डाल देते हैं। किन्नर समुदाय का मजाक उड़ाया और अब आतंकवाद तथा मुस्लिम की आड़ में ऐसे अपशब्दों का प्रयोग किया है, जिन्हें हमारी नैतिकता लिखने से रोकती है। दरअसल यह अलगाववादी सियासत है। भाजपा में एक तबके की सोच यह है कि मुसलमानों को जितनी गालियां दोगे, हिंदुओं के उतने ही वोट मिलेंगे। यह गलतफहमी है। मप्र उच्च न्यायालय की जबलपुर बेंच ने कर्नल सोफिया के प्रति मंत्री की बदजुबानी का स्वतः संज्ञान लिया है। सहज सवाल किया गया कि मंत्री के संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति 'गटरनुमा भाषा' कैसे बोल सकता है? सर्वोच्च अदालत में प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बी. आर. गवई ने इसी आधार पर मंत्री के वकील के जरिए मंत्री को फटकार लगाई और उच्च न्यायालय के प्राथमिकी दर्ज करने वाले आदेश को रद्द करने से इंकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 152, 196-1बी, 197-1सी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। इंदौर पुलिस को देर रात प्राथमिकी दर्ज करनी पड़ी, क्योंकि उसे 'अवमानना' की धमकी दी गई थी, लेकिन पुलिस ने छल और मजाक किया। प्राथमिकी में मंत्री की बदजुबानी का कोई भी ब्यौरा नहीं था। बहरहाल अदालत ने हडका कर प्राथमिकी ठीक कराई और आगे की जांच अदालत की निगरानी में करने का आदेश दिया। बहरहाल शुक्रवार, 16 मई को सर्वोच्च अदालत में सुनवाई थी। उस फैसले का विश्लेषण बाद में किया जा सकता है, लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या भाजपा के राजनीतिक संस्कार यह भी हैं कि उसके नेता और मंत्री अपनी बदजुबान के जरिए देश की सेना और सैन्य अधिकारियों को अपमानित करते रहें? देश में ऐसे तत्त्व निरंकुश क्यों हैं कि कभी वे देश के विदेश सचिव विक्रम मिसरी और उनकी बेटी का सोशल मीडिया पर अपमान करते हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर : भारत की नई कूटनीतिक पहल


संजीव ठाकुर

पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को करारा जवाब देने के बाद पाकिस्तान ने दुनिया भर में अपनी जीत का दावा प्रस्तुत किया है एवं दुनिया के अखबारों में धनराशि देकर जीत का जश्न मनाते हुए समाचार फैलाया है जो कि सरासर झूठ एवं छलावा मात्र है। भारत सरकार ने दुनिया भर में पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए एक कूटनीति अभियान जारी किया है इसके अंतर्गत देश के विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों को एवं उनके प्रतिनिधिमंडल को दुनिया भर के अलग-अलग देश में भेजा जाएगा। देश की विपक्षी दलों कांग्रेस सहित अन्य मुख्य दलों ने इस प्रतिनिधि मंडल भेजने में अपनी सहमति जाहिर की है। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजु इस अभियान के सरकार की तरफ से समन्वयक होंगे। संसदीय कार्य मंत्री ने सभी विपक्षी दलों से बातचीत कर सहमति हासिल की है न्यूज़ एजेंसी के अनुसार इसका मुख्य उद्देश्य विश्व भर के अग्रणी नेताओं, राष्ट्र प्रमुखों को भारत एवं पाकिस्तान के बीच वर्तमान के तनाव से अवगत कराना है इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल के सदस्य पाकिस्तान द्वारा आतंकवादी गतिविधियों को फैलाने की करतूत को भी दुनिया के सामने रखकर उसकी असलियत उजागर करेंगे। संभवत या अभियान 22 में से प्रारंभ होने जा रहा है जिसमें भाजपा के समर्थक दलों सहित कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, एनसीपी, जेडीयू, बीजेडी माकपा आदि प्रमुख दलों के सांसद शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि इस बड़े संसदीय सदस्यों के दल विश्व में अमेरिका, ब्रिटेन, जापान, दक्षिण अफ्रीका, कतर,यूएई जैसे प्रमुख देशों का दौरा कर पाकिस्तान द्वारा फैलाई जा रहे झूठे नॉरेटिव को बेनकाब करने की योजना के तहत अभियान चलाएंगे। इन देशों की यात्रा करने वाले सदस्यों की संख्या 30 तथा 30 से ज्यादा भी हो सकती है जिसमें प्रमुख रूप से शरद पवार की बिटिया सुप्रिया सुले , शशि थरूर ओवैसी रवि शंकर प्रसाद अनुराग ठाकुर सुप्रिया श्रीनेत् श्रीकांत शिंदे एवं अन्य प्रमुख सांसद जिनमें पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर,उड़ीसा की सांसद अपराजिता सारंगी शामिल हो सकती हैं। कांग्रेस की तरफ से मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद को शामिल किया जा सकता है। वहीं जेडीयू के सांसद संजय झा,बीजद के सांसद संबित पात्रा,डीएमके की संसद कानी मोझी भी शामिल हो सकती है। इस कूटनीतिक अभियान में सांसदों के साथ विदेश मंत्रालय के कुछ अधिकारी भी साथ में होंगे। उल्लेखनीय है कि भारत के विरुद्ध पाकिस्तान लगातार पिछले 75 वर्षों से आतंकवादी गतिविधियों में शामिल रहा है और हजारों की संख्या में निर्दोष भारतीय नागरिकों की की हत्याएं भी की है। पाकिस्तान स्वतंत्रता के बाद से आतंकवादी गतिविधियों में शामिल रहा है और आतंकवादियों को अपने देश में पनाह देता आया है। वर्तमान में पाकिस्तान की की फौज न सिर्फ आतंकवादियों को संरक्षण देती है बल्कि उनको प्रशिक्षण भी प्रदान करती है ।न्यूज एजेंसियों का दावा है कि पाकिस्तान स्वतंत्रता के बाद से ही आतंकवादी गतिविधियों में शामिल है ऐसे में भारत सरकार तथा भारतीय फौज ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर लगभग 9,10 दुर्दांत आतंकवादियों समेत अन्य 100 आतंकवादियों का सफाया किया एवं पाकिस्तान के लगभग 11 एयरबस कैंपों को ध्वस्त कर दिया है। ईतनी बड़ी हार के बाद पाकिस्तान झूठा जीत का जश्न मना कर पूरी दुनिया में भारत के खिलाफ झूठी खबरें फैला रहा है। उसके खिलाफ भारत में न सिर्फ सैन्य अभियान चलाकर पाकिस्तान को परास्त किया है बल्कि सिंधु जल समझौते को निलंबित रख कर पानी के लिए पाकिस्तान को तरसा दिया है। पाकिस्तान में त्राहि त्राहि मची है पहले खाने को रोटी और चावल आटा नहीं था अब उसके पास पीने को पानी भी नहीं बचेगा। उधर बलूचिस्तान जिसके पास पाकिस्तान के 44त्न भू भाग का हिस्सा है ने पूरी तरह विद्रोह कर दिया है और बहुत जल्द वह आजाद होने वाला है। उपरोक्त परिस्थितियों में भारत में पूरे विश्व में पाकिस्तान के झूठ को बेनकाब करने के लिए यह कूटनीतिक अभियान चलाकर एक अच्छी पहल की है जिससे पाकिस्तान की अंदरूनी सच्चाई सामने आएगी और पाकिस्तान में परमाणु बम रखने के खतरे से अवगत कराएगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

# नेताओं के बिगड़े बोल से आहत होती राष्ट्रीयता


ललित गर्ग

**सेना के शौर्य पर सम्मान की बजाय अपमान के बिगड़े बोल को लेकर राजनीतिक घमासान छिड़ जाना स्वाभाविक है। कर्नल सोफिया और विंग कमांडर ब्योमिका सिंह के संबंध में क्रमशः मंत्री विजय शाह और सपा महासचिव राम गोपाल यादव द्वारा की गई टिप्पणियों पर राजनीतिक विवाद और कानूनी कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। बड़ा प्रश्न है कि क्या धर्म और जाति के नाम पर वोट के लिए सेना और सेना से जुड़ी बेटियों के सम्मान को चोट पहुंचाई जाना उचित है? चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष वाणी का संयम अपेक्षित है। भारतीय राजनीति में बिगड़े बोल, असंयमित भाषा एवं कड़ावपन की मानसिकता चिन्ताजनक है।**

ऐसा लगता है ऊपर से नीचे तक सड़कछाप भाषा ने अपनी बड़ी जगह बना ली है। यह ऐसा समय है जब शब्द सहमे हुए हैं, क्योंकि उनके दुरूपयोग की घटनाएं लगातार जारी हैं। जब देश पहलगाम की त्रासद घटना एवं उसके बाद पाकिस्तान से बदला लेने की शौर्य की महत्वपूर्ण घटना के मोड़ पर खड़ा है, तब कुछ नेताओं के बिगड़े बोल बहुत दुखद और निंदनीय हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के एक मंत्री विजय शाह एवं समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है। विजय शाह को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग तेज हो गई है। कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ विजय शाह की विवादास्पद टिप्पणी एक ऐसा दाग है, जिसे आसानी से नजरंदाज नहीं किया जा सकता। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा और मामला भी दर्ज हो गया, तो आश्चर्य नहीं । देश के नेताओं व मंत्रियों को ऐसी हल्की और स्तरहीन बातों से परहेज करना चाहिए।

नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा



सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, अनुशासन एवं संयम हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। युद्ध जैसे माहौल में सेना एवं उसके नायकों का मनोबल बढ़ाने की बजाय उनके साहस एवं पराक्रम पर छींटाकशी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। यह सही है कि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। इस बात को राजनेता भी अच्छी तरह जानते हैं इसके बावजूद जुबान से जहरीले बोल सामने आते ही रहते हैं। यह चिंताजनक है कि इधर के वर्षों में कुछ भी बयान दे देने की बुरी आदत बढ़ रही है। बिगड़े बोल वाले नेता बेलगाम हो रहे हैं। कोई दो राय नहीं कि पहले राजनीतिक दलों और उसके बाद सरकारों को इस मोर्चे पर अनुशासन एवं वाणी संयम का बांध बांधना चाहिए । विजय शाह करीब आठ बार चुनाव जीत चुके हैं, मतलब, अनुभवी नेता हैं, तो क्या वह चर्चा में रहने के लिए बिगड़े बोल का सहारा लेते हैं? सर्वोच्च न्यायालय में खिंचाई के बाद अब वह सफाई देने में लगे हैं। उन्होंने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से बाहर ले जाया गया और उनका मकसद कर्नल कुरैशी की बहादुरी की प्रशंसा करना था। उन्होंने यह भी कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी मेरी सगी बहन से भी बढ़कर हैं। वह माफी भी मांग रहे हैं, तो साफ है कि उनका पद खतरे में है। अगर वह पहले ही सावधानी बरतते या गलती होते ही माफी मांग लेते, तो मामला इतना नहीं बढ़ता। विजय शाह का मामला थमा भी नहीं है कि मध्य प्रदेश के ही उप- मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी बिगड़े बोल को अंजाम दे दिया है। उनका मानना है कि देश की सेना प्रधानमंत्री के सामने नतमस्तक है। वास्तव में, ऐसी गलतबयानी से किसी के भी सम्मान में वृद्धि नहीं होती है। देश अभी-अभी एक संघर्ष से निकला है। यह एकजुटता और परस्पर समन्वय बढ़ाने के लिए संभलकर बोलने का समय है। राष्ट्रीय एकता एवं राजनीतिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले बोल की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है।

संकीर्णता एवं राजनीति का उन्माद एवं 'हेट स्पीच' के कारण न केवल विकास बाधित हो रहा है, सेना का मनोबल प्रभावित हो रहा है, बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता भी खण्ड-खण्ड होने के कगार पर पहुंच गयी है। राजनेताओं के नफरती, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ बोलों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने भी कड़ी टिप्पणियां की है। भाषा की मर्यादा सभी स्तर पर होनी चाहिए। कई बार आवेश में या अपनी बात कहने के चक्कर में शब्दों के चयन के स्तर पर कमी हो जाती है और इसका घातक परिणाम होता है। मुद्दों, मामलों और समस्याओं पर बात करने की बजाय जब नेता एक-दूसरे पर निजी हमले करने लगें तो यह उनकी हताशा, निराशा और कुंठा का ही परिचायक होता है। यह आज के अनेक नेताओं की आदत सी बन गई है कि एक गलती या झूठ छिपाने के लिए वे गलतियों और झूठ का अंबार लगा देते हैं। क्या यह सत्ता का अहंकार एवं नशा है? संसद में गलती एक बार अटल बिहारी वाजपेयी से भी हुई थी, उन्होंने तत्काल सुधार करते हुए कहा था कि चमड़े की जुबान है, फिसल जाती है। बेशक, अच्छा नेता वही होता है, जो गलतियां नहीं करता और अगर गलती हो जाए, तो तत्काल सुधारता है।

# वित्त पोषण से फ़िर सर उठाएगा आतंकवाद


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर भारत सहित पूरी दुनियाँ की निगाहें भारत पाक़ तनातनी या युद्ध विराम, फ़िर सीमा पर जारी गोलीबारी, तथा नेताओं की बयानबाजी पर लगी हुई है। इधर भारतीय रक्षामंत्री ने 15 मई को कश्मीर सैनिकों के साथ फिर 16 मई 2025 को गुजरात भुज में एयर फोर्स स्टेशन पर इन दोनों दौरों में आईएमएफ द्वारा पाक के लिए ॠण सेंशन करने की टाइमिंग पर सवाल उठाए व कहा कि क्या आईएमएफ द्वारा पाक़ को आतंकवाद को वित्त पोषित करने में मदद की जा रही है, उन्होंने मदद पर पुनर्विचार करने की अपील आईएमएफ से की तथा आतंकवाद के हर रूप स्वरूप को समाप्त करने की भी बात कही, तथा कहा कि आईएमएफ द्वारा प्राप्त वित्त से ध्वस्त किए गए आतंकवादियों के इंफ्रास्ट्रक्चर फिर से खड़े करने की संभावना है, आगे कहा कि हमारी लड़ाई सिर्फ एक टेलर थी, जरूरत पड़ी तो आगे पूरी तस्वीर दिखाएंगे। तो उधर इस बात का पाक के विदेश मंत्रालय ने तुरंत जवाब दिया, मंत्रालय के बयान में कहा गया, ये गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियां पारंपरिक तरीकों से भारतीय आक्रमण के खिलाफ पाकिस्तान की प्रभावी रक्षा और प्रतिरोध के बारे में उनकी गहरी असुरक्षा और हताशा को दर्शाती हैं।

पाकिस्तान की पारंपरिक क्षमताएं भारत को रोकने के लिए काफी हैं, बिना किसी सेल्फ इंपोज्ड न्यूक्लियर ब्लैकमेल के, जिससे नई दिल्ली पीड़ितहै और कहा कि युद्ध ग्राम 18 मई 2025 तक है। यानें हम देख सकते हैं कि आईएमएफ का ॠण पाक को 14 मई 2025 को मिल चुका है, तो उसके़ तेवर ही बदल गए हैं यानें अपने कर्ज को चुकाने व आतंकवाद को फिर से पोषित करने की ताकत वित्त के रूप में फिर उन्हें मिली है अब सवाल उठता है कि इतनी बड़ी राशि यानी 1.023 बिलियन अमेरिकी डॉलर की मंजूरी आईएमएफ ने कैसे की और डिलीवरी भी दे दी।

मेरा मानना है कि बिना अमेरिका की सहमति से यह बिल्कुल ही नहीं हो सकता? मेरा मानना है कि अमेरिका इसी एक तीर से अनेकों निशाने लगाने की कोशिश कर रहा है, पाक की चीन पर निर्भरता कम करना, चीन को ग्वादरपोर्ट से लेकर चीन पाकिस्तान इकोनामिक कॉरिडोर के कर्ज के पैसे दिलाना तथा कि चीन से बढ़ती यारी और कर दे भारत को दर किनार



वाली नीति तो नहीं, क्योंकि भारत जिस तेजी से बुलंदियों के झंडे गाढ़ रहा है उसे विश्व हैरान है।चूँकि आईएमएफ ॠण मिलते ही पाक़ के सुर बदले और कहा बगैर न्यूक्लियर बम के ही भारत को रोकने में सक्षम है तथा युद्ध विराम 18 मई तक है तथा अमेरिकी दबदबे वाला आईएमएफ पाक पर इतना मेहरबान क्यों? क्या अमेरिका चीन साथ-साथ, वित्त पोषण से फिर सिर उठाएगा आतंकवाद, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत का आईएमएफ को दो टूक संदेश,पाक़ को फंड देने पर पुनर्विचार करें, क्योंकि है आतंकवाद को वित्त पोषण करने की संभावना का सही अनुमान है। साथियों बात अगर हम दिनांक 15 व16 मई 2025 को माननीय रक्षामंत्री द्वारा आईएमएफ को ॠण पर पुनर्विचार की अपील की करें तो उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमफ) से पाक को मिलने वाली मदद पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पाक इस पैसे का इस्तेमाल आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर सकता है। उन्होंने यह बात गुजरात के भुज एयर फोर्स स्टेशन से कही। उन्होंने दुनियाँ से पाक को आर्थिक मदद रोकने की अपील की है। आईएमफ ने हाल ही में पाकिस्तान को सहायता के तौर पर 1.023 बिलियन अमेरिकी डॉलर की दूसरी किश्त दी है।रक्षा मंत्री ने कहा कि पाक को आईएमफ से जो पैसामिलेगा उसका बड़ा हिस्सा वह अपने देश में आतंकवाद के ढांचे को मजबूत करने में लगाएगा। उन्होंने भारत की तरफ से आईएमफ से यह अपील की है कि वह पाकिस्तान को आर्थिक मदद देने पर फिर से विचार करे। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि पाकिस्तान को आईएमफ से जो पैसा मिलेगा, उसका बड़ा हिस्सा वो अपने देश में आतंकवाद फैलाने वाले ढांचे को मजबूत करने में लगाएगा। मेरा मानना कि पाकिस्तान इस पैसे का गलत इस्तेमाल करेगा। पाकिस्तान आईएमफ के बेलआउट पैकेज पर बहुत ही ज्यादा निर्भर है। इस पैकेज से उसे अपने घटते विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने में मदद मिली है। पिछले साल पाकिस्तान दिवालिया होने की कगार पर था, तब आईएमफ ने उसे 3 बिलियन डॉलर की मदद देकर बचाया था। आईएमफ की वेबसाइट के अनुसार,पाक़ को सदस्य बनने के बादसे अब तक कम सेकम 25 बेलआउट लोन मिल चुके हैं। इस साल अप्रैल के अंत में पाक का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। अगस्त 2024 में यह 9.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। अनुमान है कि जून 2025 के अंत तक यह 13.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच पाएगा।आईएमफ ने पाक से कहा है कि वह अपनी जीडीपी का 1.6 प्रतिशत प्राथमिक बजट अधिशेष मानकर बजट बनाए। इसके लिए उसे गैर-ब्याज खर्चों के अलावा लगभग 2 ट्रिलियन रुपये जुटाने होंगे। इसका मतलब है कि पाकिस्तान को अपनी आमदनी बढ़ानी होगी और खर्च कम करने होंगे। अभी पाकिस्तान की स्थिति ये है कि कर्ज चुकाने के लिए उसे कर्ज लेना पड़ रहा है।आईएमफ की सहायता पाकिस्तान के लिए अप्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद को बढ़ावा देती है,पाक अपनी जमीन पर आतंकवादी समूहों को शरण देता है और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करता है। ऐसे में आईएमफ द्वारा दी गई सहायता को आतंकवादियों को मदद देने जैसा माना जाता है। उनका यह बयान पाकिस्तान के खिलाफ भारत के बढ़ते गुस्से और चिंताओं को दर्शाता है, जो लंबे समय से पाक के आतंकी सरगनाओं के समर्थन के खिलाफ हैं।उन्होंने इस वित्तीय सहायता को आतंकवाद को अप्रत्यक्ष समर्थन देने जैसा करार दिया है। साथियों बात अगर हम भारतीय रक्षामंत्री के बयान का तुरंत जवाब पाक विदेश मंत्रालय द्वारा देने की करें तो भारत और पाक के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने नया बयान जारी करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच 18 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी है। यह अस्थायी युद्धविराम नियंत्रण रेखा पर जारी गोलीबारी को रोकने के उद्देश्य से लागू किया गया है, हालांकि भारत की ओर से इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से जारी तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है, भारत की कार्रवाई से पाक की ओर से कहा गया है भारत से रविवार यानी 18 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी है, ट्रंप के सीजफायर वाले ऐलान से पहले बीते कुछ हफ्तों से नियंत्रण रेखा पर लगातार हो रही गोलीबारी और ड्रोन हमलों के बीच यह सीजफायर फैसला एक अस्थायी राहत की तरह देखा जा रहा है। हालांकि अभी तक भारत की ओर से इस सहमति पर औपचारिक पुष्टि नहीं की गई है। पाक के केंद्रीय बैंक ने बताया है कि आईएमएफ से मिली यह दूसरी किस्त 16 मई को खत्म होने वाले हफ्ते के लिए उसके विदेशी मुद्रा भंडार में दिखाई देगी। इसका मतलब है कि पाकिस्तान के पास अब खर्च करने के लिए कुछ और डॉलर होंगे।

# आतंक के साये से मुक्ति चाहते हैं आमजन


रोहित माहेश्वरी

**पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से भारत दशकों से पीड़ित है। पहलगाम आतंकी घटना के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए भारत ने न केवल पाकिस्तान बल्कि पाकिस्तान का समर्थन करने वाले देशों को भी सख्त और सशक्त संदेश भेजा है। पाकिस्तान कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तानी पंजाब में कई ठिकानों पर हमला कर दहशतगर्दों और उनके संरक्षकों को दो टूक बताया गया है कि भारतीयों के खून बहाने की महंगी कीमत उनको चुकानी पड़ेगी। भारतीय सैन्य बलों की कार्रवाई से पाकिस्तान के सैन्य बलों और सैन्य ठिकानों का बड़ा नुकसान पहुंचा है। ऑपरेशन सिंदूर हमारी तीनों सेनाओं के तालमेल, सूझबूझ और सटीक निशाने का कमाल है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों के लिए सिरदर्द बन चुका है। भारत में पुलवामा, उरी, संसद हमला, मुंबई अटैक, कंधार हाईजैक जैसी कई आतंकी वारदातों में सीधे तौर पर पाकिस्तान का हाथ होने की बात सामने आई है। भले ही दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम हो गया है लेकिन इतिहास और पाकिस्तान के चरित्र के मद्देनजर पाकिस्तान पर भरोसा करना मूर्खता के सिवाय कुछ और नहीं कहा जाएगा।**

अब तक भारत पाक पोषित आतंकवादी हमलों के बाद सिर्फ कूटनीतिक स्तर पर कार्यवाही की कोशिश करता रहा है। ऐसी स्थिति मुंबई हमले, संसद पर हुए हमले तथा पठानकोट एयर बेस पर हुए हमलों के बाद सामने आई। भारत सबूतों के आधार पर वैश्विक संगठनों से कार्रवाई की मांग करता रहा है। ऑपरेशन सिंदूर से पहले भारत ने जो कदम उठाए, खासकर सिंधु जल संधि को निलंबित करने का फैसला, जो पाकिस्तान की कृषि और खाद्य सुरक्षा पर लंबे समय के लिए असर पड़ेगा। इसके अलावा मुरीदके और बहावलपुर में आतंकी अड्डों पर स्ट्राइक पाकिस्तानी सेना, आईएसआई और आतंकी गठजोड़ के लिए एक तगड़ा झटका है। भारत के इन हमलों से उसकी हिचक दूर हुई, जिसमें वह सीधे एक्शन से बचता था। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह करने से साजिशों को अंजाम देने की उसकी क्षमता भी कमजोर हुई है। यह आतंक के खिलाफ भारत की रणनीति का एक बड़ा बदलाव है। अब भारत किसी भी ऑपरेशन को अंजाम देने में हिचकता नहीं है।

पहले पाक के परमाणु हथियार का डर दिखाकर भारत को कार्रवाई करने से रोका जाता रहा है। कालांतर में 2016 में उरी में 19 सैनिकों के मारे जाने पर नियंत्रण रेखा के पार व 2019 में पुलवामा विस्फोट के बाद बालाकोट में एयर स्ट्राइक की गई। इसी तरह पहलगाम हमले के बाद सीधी कार्रवाई करके साफ संदेश दिया कि किसी भी आतंकी हमले का जवाब आतंकवाद को सींचने वाले पाक पर भारत सीधी कार्रवाई करेगा। भारत ने पहले पूरी दुनिया को



पुलवामा हमले की साजिश के सबूत दिए और फिर कार्रवाई की। यही वजह है कि दुनिया के तमाम देश भारत के पक्ष में खड़े नजर आए। अब भारत ने महज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाना बंद कर दिया है। निश्चय ही यह रणनीति मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ाने के बजाय अमेरिका व इजराइल की तर्ज पर घर में घुसकर मारने की रणनीति है। बहरहाल, भारत ने दुनिया को बता दिया कि पाक अपनी जमीन पर आतंकियों को प्रशिक्षण व समर्थन तो देता है लेकिन उनके विरुद्ध कार्रवाई से बचता है। वहीं दूसरी ओर भारत ने परंपरागत युद्ध शैली से हटकर नई तकनीकों का भरपूर उपयोग किया। भारतीय रक्षा कवच एस-400 यानी सुदर्शन चक्र आदि का पाक हमलों को विफल करना नवीनतम तकनीकों का ही प्रतिफल है। पहलगाम में हुए हमले ने भारत के लिए एक नई चुनौती पैदा की है। अब देश को अपनी साइबर संपत्तियों और महत्त्वपूर्ण सूचना ढांचे पर होने वाले नए तरह के हमलों के लिए तैयार रहना होगा। भारत पहले भी ऐसे हमलों का निशाना रहा है, लेकिन मौजूदा हालात में विरोधियों की ऐसी गतिविधियों को अंजाम देने की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हो गई है। देश के महत्त्वपूर्ण सूचना ढांचे को निशाना बनाना, राष्ट्र के विकास, प्रगति और समृद्धि को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने की मंशा रखने वाले तत्वों की प्राथमिकता बन सकता है। घाटी में आतंकवादियों द्वारा नागरिकों की हत्याओं का पुराना रिकॉर्ड है। गृह मंत्रालय (एमएचए) के आंकड़ों के अनुसार पिछले पांच वर्षों के दौरान 2017 से नवंबर 2021 के बीच हर साल नागरिकों की हत्याओं की संख्या 37-40 के बीच रही है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2017 में 40 और 2018 में 39 नागरिक मारे गए। 2019 में, जिस वर्ष केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 के तहत पूर्व राज्य की स्वायत्तता छीन ली और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया, घाटी में अल्पसंख्यकों और प्रवासी श्रमिकों पर आतंकवादी समूहों के हमले शुरू हो गए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, उस वर्ष 36 नागरिक मारे गए, जबकि 2020 में यह आंकड़ा 33 था, लेकिन 2021 में यह आंकड़ा बढ़कर 38 हो गया। ज्यादातर हमले पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा किए गए। मोदी सरकार ने 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 में बालाकोट ऑपरेशन के जरिए भारत ने सख्त पैगाम दिए थे, लेकिन उनसे सीमा पार स्थित आतंकवादी ढांचों को खत्म नहीं किया जा सका। बेशक, इस बार की कार्रवाई उनसे बड़ी है और उससे पाकिस्तान में नुकसान भी ज्यादा हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर में बेशक भारतीय सेनाओं ने जिस तरह आतंकियों के अड्डे 'मिट्टी-मलबा' किए हैं और 100 से अधिक आतंकियों को मौत के घाट उतारा है, वह निश्चित ही विराट सफलता है, लेकिन आतंकियों का आका पाकिस्तान बच गया है। बहुत कुछ मिट्टी में मिलाया नहीं जा सका। पाकिस्तान की वायुसेना का बर्बाद ढांचा फिर से खड़ा किया जा सकता है। चीन और तुर्की की मदद से एयर डिफेंस, रडार सिस्टम और अन्य सुरक्षा बंदोबस्त दोबारा हासिल किए जा सकते हैं। इस समय पाकिस्तान घुटनों के बल पर आ चुका था। पाकिस्तान जैसे आतंकी और गैर-जिम्मेदाराना देश से 'परमाणु शक्ति' छीनने के प्रयास भी किए जा सकते थे। 'इस्लामी परमाणु बम' की अवधारणा के खिलाफ भारत विश्व-मत तैयार कर सकता था। हम युद्धोन्मादी, युद्ध के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन ऐसे अवसर को खोया भी नहीं जा सकता। पाकिस्तान आतंकिस्तान है। वह 2003 और 2021 में भी भारत के साथ युद्ध विराम के समझौते कर चुका है, लेकिन उसने लगातार उल्लंघन किया है। भारत इस टकराव में किसी अंतरराष्ट्रीय संधि या कानून, संयुक्त राष्ट्र के किसी चार्टर का उल्लंघन भी नहीं कर रहा था। फिलहाल भारत के पास सटीक मौका था। लड़ाई का ऐसा मोर्चा निकट भविष्य में बनना असंभव है। इस बार पाकिस्तान की सेना को छिन्न-भिन्न किया जा सकता था। बल्कि उसे सेनाविहीन की स्थिति में लाया जा सकता था। इन सब के बावजूद पाकिस्तान आतंक का सहारा लेना छोड़ देगा, इस पर कुछ कह नहीं सकते। लेकिन ऐसा करने से वह दुनिया के सामने एक्सपोज जरुर हो जाएगा।

# मथुरा वृंदावन को स्वच्छ बनाना होगा पहली प्राथमिकता : आयुक्त

अवधनामा संवाददाता



- बांके बिहारी की पूजा करके नगर आयुक्त ने लिया चार्ज
- जनता से कहा कि करों का भुगतान समय से करें
- जल भराव की समस्या के निदान का करेंगे प्रयास

**मथुरा।** मथुरा-वृंदावन के नवागत नगर आयुक्त 2018 बैच के आईएएस अधिकारी जग प्रवेश ने आज बांके बिहारी के दर्शन व पूजा करके अपना पदभार ग्रहण कर लिया।

सबसे पहले उन्होंने मथुरा पहुंचकर वृंदावन में श्रीबांके बिहारी जी मंदिर पहुंचकर अपने आराध्य श्री बांके बिहारीजी के दर्शन व पूजा की। मंदिर के सेवायत ने उनको ठाकुरजी की चुनरी, माला व प्रसादी भेंट करके स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक मौजूद रहे। इसके पश्चात उन्होंने भूतेश्वर स्थित निगम के मुख्य कार्यालय पहुंचकर नगर आयुक्त का पदभार ग्रहण किया।

नवागत नगर आयुक्त जग प्रवेश राजस्थान के रहने वाले हैं और वह मथुरा में जॉइंट मजिस्ट्रेट रह चुके हैं। चार्ज ग्रहण करने के बाद उन्होंने पत्रकारों को बताया कि उनकी प्राथमिका होगी मथुरा वृंदावन प्रसिद्ध तीर्थ स्थल हैं यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं दिलाने का प्रयास होगा। मथुरा वृंदावन को स्वच्छ बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि आगामी वर्षा के मौसम से पूर्व कहीं भी जल भराव नहीं हो उसके लिए कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कर विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से मुलाकात में निर्देश दिए कि नगर निगम के सभी प्रकार के करों की वसूली में तेजी लाई जाए। इसके लिए उन्होंने निगम क्षेत्र की जनता से भी सहयोग की अपील की। विकास से अछूते क्षेत्रों में विकास कार्य कराए जाएंगे।

निवर्तमान नगर आयुक्त आईएएस शशांक चौधरी ने बीती सांय पदभार छोड़ दिया था। उनका भव्य विदाई समारोह एक होटल आयोजित किया गया। जिसमें नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उनके साथ काम करने के स्मरण सुनाए।

# जिले के उत्थान में निष्पक्ष कलमकार रहे पं. गोपीकृष्ण

अवधनामा संवाददाता

- पत्रकारिता के उत्कृष्ट मूल्यों के प्रति सदैव समर्पित रहे

**ललितपुर।** प्रेस क्लब (रजि.) के तत्वाधान में प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष परम श्रद्धेय कीर्तिशेष पं.गोपीकृष्ण तिवारी की पुण्यतिथि बड़ी ही सादगी से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू के नेतृत्व में पत्रकार साथियों ने जिला अस्पताल में संचालित अन्नपूर्णा भोजनशाला में पहुंच कर जरूरतमंदों व तीमारदारों को भोजन वितरण किया। मौके पर कीर्तिशेष पं.गोपीकृष्ण तिवारी के चित्र सम्मुख माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि श्रद्धेय पं.गोपीकृष्ण तिवारी जी पत्रकारिता के उत्कृष्ट मूल्यों के प्रति सदैव समर्पित रहे। उन्होंने जिले के उत्थान और विकास के लिए निडरता, निर्भीकता के साथ निष्पक्ष पत्रकारिता के साथ अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने युवा पत्रकारों से कहा कि श्रद्धेय पं.गोपीकृष्ण तिवारी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि तभी संभव है, जब हम पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके बताये मार्ग पर चलने का प्रयास करें। तत्पश्चात उनकी स्मृति में प्रेस क्लब ने श्रद्धेय पं.गोपीकृष्ण तिवारी के परिजनों के साथ जरूरतमंदों व असहाय व्यक्तियों को भोजन वितरण किया। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, पूर्व महामंत्री मो.नसीम, वरिष्ठ पत्रकार पं.धर्मेंद्र कृष्ण तिवारी, संजीव नामदेव, कृष्ण बिहारी उपाध्याय, पवन संज्ञा, रमेश कुमार रायकवार, अनन्त सराफ, कुन्दन पाल, संजय ताम्रकार, संजू श्रोती, राममूर्ति तिवारी, सूर्यकांत शर्मा, दिव्यांश शर्मा, अमित संज्ञा, मनीष पाठक, आशीष तिवारी, अनूप नांगल, सुनील जैन, शुभम पस्तोर, कृष्णकांत सोनी के अलावा अनेकों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनी लोगों की समस्याएं

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** तहसील सवायजपुर के सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने लोगों की समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। पैमाइश के प्रकरणों में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। वरासत के मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाये। जिला पूर्ति अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिया कि राशन न मिल पाने की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाये। चकबंदी वाले गावों में प्रकिया के दौरान किसानों से नियमित संवाद किया जाये तथा विवादों के निस्तारण में अनावश्यक देरी न की जाये। चकरोड से अवैध कब्जो को हटाने की कार्रवाई की जाये। राशन वितरण समय से कराया जाये। सुनवाई के दौरान नगला चौधरपुर की एक दिव्यांग महिला नीलम ने अपना यूडीआईडी कार्ड जिलाधिकारी को दिखाते हुए कहा कि वह और उनके रामबाबू दोनों ही पैरों से दिव्यांग है और उन्हें ट्राईसाईकिल नहीं मिल पा रही है। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल जिला दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि महिला व उसके पति को एक-एक ट्राईसाईकिल तुरंत दी जाये। तहसील समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने अपने हाथों से दोनों को ट्राईसाईकिल सौंपी। दिव्यांग युगल ने जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया। सवायजपुर की एक महिला ने बताया कि पात्र होने के बावजूद उसका राशन कार्ड नहीं बना है। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल पूर्ति निरीक्षक को महिला के साथ भेजा और निर्देश दिया कि पात्रता की जाँच कर महिला का राशन कार्ड बनवाया जाये। रौरा गाँव की एक वृद्ध व दिव्यांग महिला गंगावती ने जिलाधिकारी को बताया कि उसके पास जीवन यापन के लिए कृषि भूमि नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सवायजपुर को निर्देश दिए कि कृषि पट्टा आवंटन की पात्रता की जाँच सोमवार तक करायी जाये।

# विशिष्ट कला शिविर पेन्टिंग विद् ऑयल कलर्स का शुभारम्भ 25 से

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** सिद्धन रोड स्थित कला भवन में कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे द्वारा आयोजित विशिष्ट कला शिविर पेन्टिंग विद् ऑयल कलर्स का आयोजन 25 मई से 22 जून 2025 तक किया जा रहा है। शिविर का समय सायं 4 बजे से 5.30 बजे सायं तक होगा। शिविर आयोजक ओमप्रकाश बिरथरे ने बताया कि इस विशिष्ट कला शिविर में चित्र रचना तेल रंग के माध्यम से कैनवास, हार्डबोर्ड या आयल शीट पर ब्रश और नाइफ का प्रयोग करते हुए विभिन्न विधाओं द्वारा चित्र बनाने का अभ्यास कराया जायेगा। इस तकनीक से निर्मित चित्र कालजयी होते हैं। प्राचीन काल में इस विधा का बहुत प्रयोग होता था। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर बड़े शहरों में बहुत मंहगे संसाधनों पर उपलब्ध हो पाते हैं। इस शिविर में प्रतिभाग करने के पश्चात् कलासाधक व्यवसायिक चित्रकार बन सकता है। आधुनिक युग में व्यवसायिक भवनों, होटल्स, आफिसेस के स्वागत कक्षों एवं भवनों में सजावट हेतु इस तरह के तैल चित्रों की बहुत मांग है, जो कि बहुत मंहगे कीमतों पर उपलब्ध हो पाते है। हमारा प्रयास है कि हम इस तरह के शिविर आयोजित करके अच्छे कुशल चित्रकार समाज को दे सके, जिससे वह अपना नाम कला के क्षेत्र में स्थापित करने के साथ ही साथ आत्मनिर्भर बन सके। यह शिविर भारतीय चित्रकला के निर्माण के प्राचीन आधारभूत छह अंग-रूपभेद, प्रमाण, भाव, लावण्य, सादृश, वर्णिका भंग पर आधारित है। इस शिविर का रजिस्ट्रेशन 20 मई से 24 मई 2025 तक सुबह 9 से 11 बजे तक कला भवन में किया जायेगा। इसके लिए आयु 14 वर्ष से ऊपर तथा कला में निपुण होना आवश्यक है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई से हड़कंप

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी महोदय मथुरा के आदेश के अनुपालन में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त खाद्य- द्वितीय धीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञान पाल सिंह के नेतृत्व में जयसिंहपुरा क्षेत्र मथुरा से अंजीर बादाम प्रीमियम आइसक्रीम का एक नमूना, वनीला आइसक्रीम का एक नमूना, कुल्फी का एक नमूना, आर्टिफिशियल स्ट्राबेरी फ्लेवर, रिफाइण्ड पाम ऑयल का नमूना लिया गया। गोविन्द नगर से अमेरिकन नट आइसक्रीम एवं वनीला आइसक्रीम का एक-एक नमूना लिया गया तथा 700 मिलीलीटर की कालातीत अस्सी आइसक्रीम ब्रिक मूल्य बाइस हजार चार सौ रुपए नष्ट करायी गई। विकास बाजार में सचल वाहन बोलेरो पिकअप संख्या यूपी 85 सीटी 9827 पर विक्रय हेतु ले जाये जा रहे पनीर व मसाला पनीर का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया।

# ऑनलाइन ठगी की शिकार बना बजाज पावर प्लांट का फील्ड ऑफीसर

अवधनामा संवाददाता

- अधिकारी की घटना एक आईना हमारे साइबर सुरक्षा तंत्र का

**ललितपुर।** मैं सीबीआई से बोल रहा हूँ...एक सामान्य सा वाक्य, लेकिन इसी एक वाक्य से शुरू हुई वो साइबर ठगी की कहानी जिसने बजाज पावर प्लांट के फील्ड ऑफिसर मनीष कुमार सिंह को न केवल 14 लाख रुपये की आर्थिक क्षति दी, बल्कि मानसिक संताप और भयभीत करने वाला अनुभव भी सौंपा।

**घटना का सार :** मूल रूप से वाराणसी निवासी मनीष कुमार सिंह वर्तमान में बजाज पावर प्लांट, ललितपुर में फील्ड ऑफिसर पद पर कार्यरत हैं। 9 मई 2025 की शाम 7.30 बजे उनके व्हाट्सएप पर एक कॉल आई, जिसमें खुद को सीबीआई अधिकारी बताने वाले व्यक्ति ने उन्हें धमकाया कि उनका पार्सल चेन्नई पोर्ट पर पकड़ा गया है और वे जेल जा सकते हैं। डर के मारे मनीष ने तुरंत कॉल डिलीट कर दी, पर जल्द ही एक और कॉल आया, इस बार एक आईपीएस अधिकारी की डीपी लगी हुई थी। इस व्यक्ति ने भी खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और मनीष को डराकर कई बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लिए। कुल मिलाकर मनीष सिंह से करीब 14 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318(4), 316(2) तथा आईटी एक्ट की धारा 66डी, 66सी के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

### कानूनी दृष्टिकोण, क्या कहता है कानून?

भारतीय न्याय संहिता के प्रावधान धारा 318(4), धोखाधड़ी से धन प्राप्त करना, इसमें सात वर्ष तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। धारा 316(2) भय दिखाकर, धोखे से संपत्ति हस्तांतरण करवाना, इसमें भी कठोर कारावास और आर्थिक दंड की व्यवस्था है।

- **सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 :** धारा 66सी, किसी की पहचान का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी करना तीन वर्ष तक की सजा। धारा 66डी धोखाधड़ी कर कंप्यूटर संसाधनों का दुरुपयोग, इसमें भी तीन वर्ष तक की सजा व जुर्माना हो सकता है। लेकिन प्रश्न उठता है क्या इतना ही पर्याप्त है?
- **कानून निष्प्रभावी क्यों नहीं रुक रहे ऐसे अपराध :** तकनीकी पहुंच, लेकिन सीमित प्रशिक्षण के कारण पुलिस बल को अक्सर पर्याप्त साइबर प्रशिक्षण नहीं मिल पाता।

## संक्षिप्त समाचार

### पीपीएस अफसर कालू सिंह होंगे ललितपुर के नये एएसपी



**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** एएसपी अनिल कुमार का स्थानान्तरण सोनभद्र कर दिया गया है। अब उनके स्थान पर सोनभद्र में तैनात रहे कालू सिंह अपर पुलिस अधीक्षक होंगे। जुलाई 2022 में ललितपुर में अपर पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात किये गये अनिल कुमार द्वितीय का शासन स्तर से स्थानान्तरण कर अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) सोनभद्र कर दिया गया है। 2 वर्ष 10 महीने के कार्यकाल में एएसपी अनिल कुमार ने जिले में कई उपलब्धियां हांसिल कीं। वर्तमान में एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में वह कार्यरत थे। नवांगतुक एएसपी कालू सिंह के बारे में बताया जा रहा है कि वह वर्ष 2005 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं और गणित विषय में एमएससी की शिक्षा ग्रहण की है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के रहने वाले हैं।

### समाधान दिवस में तहसीलदार ने सुनी लोगों की फरियाद



**मडावरा (ललितपुर) (अवधनामा संवाददाता)।** तहसील मडावरा में तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार ने लोगों की समस्याएं सुनी। समाधान दिवस में सभी विभागों से आये 8 प्रार्थना पत्र आये, जिनमें राजस्व 04, विकास 01, पुलिस 02, विद्युत विभाग से 01 शामिल है। प्राप्त हुये आठ प्रार्थना पत्रों में एक का मौके पर निस्तारण कराया गया। शेष सात प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को सौंपकर समय से निस्तारण करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस में सभी विभागों से तहसील क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी एबं तहसील क्षेत्र के थाना से पुलिस स्टॉफ मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण देने को प्रशिक्षकों की आवश्यकता करें आवेदन

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग योजनान्तर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, यूपीपीएससी, नीट, जेईई, एनडीए, सीडीएस एवं एक दिवसीय परीक्षा इत्यादि की तैयारी हेतु छात्रों को परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण के लिये जनपद स्तर पर वर्चुअल एवं साक्षात कक्षाओं का आयोजन किया जायेगा। उक्त के क्रम में इच्छुक अध्यापन कार्य हेतु योग्य, अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्याख्याताओं की सेवाओं अतिथि व्याख्याताओं के रूप में ली जायेगी। योग्य, अनुभवी व्याख्याताओं को जिला स्तर पर चयन समिति की अनुशासन से परीक्षण व्याख्यान, ट्रायल लेक्चर के उपरान्त परीक्षा केन्द्र में जिला स्तरीय समिति द्वारा सूचीबद्ध किया जायेगा। व्याख्यान के लिए आमंत्रित किये जाने वाले विषय विशेषज्ञों, वार्ताकारों, व्याख्ताओं को प्रति व्याख्यान दर रू 2000 कार्मिक विभाग के शासनादेश दिनांक 03.09.2014 के अनुरूप तथा समय समय पर निर्गत शासनादेश में निर्धारित प्राविधानों के अन्तर्गत मानदेय का भुगतान किया जायेगा। एक व्याख्यान की अवधि 90 मिनट होगी।

### डीएम ने अर्जुनपुर पुल व बाढ़ निरोधक कार्यों का किया निरीक्षण



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने निर्माणाधीन अर्जुनपुर पुल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सेतु निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेतु के निर्माण में तेजी लायी जाये। गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाये। निर्माण प्रक्रिया सभी सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाये। उन्होंने काम पर लगे हुए कर्मियों व मजदूरों से भी संवाद किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी रामगंगा नदी में चल रहे बाढ़ निरोधक कार्यों को देखने रबियापुर गाँव पहुँचे। उन्होंने का कि बाढ़ आने से पहले सभी कार्य पूर्ण किया जाये। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता शारदा नहर अखिलेश गौतम व सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूर्ण कूल्हा प्रत्यारोपण : हडडी रोग विशेषज्ञ डा. आकाश खैरा ने दिखाई विशेषज्ञता

अवधनामा संवाददाता

- दो साल से मोहताज मरीज को कर दिया चलने फिरने लायक




**ललितपुर।** ललितपुर के प्रख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ सर्जन डा.आकाश खैरा ने एक और बड़ा ऑपरेशन कर अपनी विशेषज्ञता सिद्ध कर दी है। ललितपुर के एक गरीब आदिवासी मरीज के कूल्हे को अत्याधुनिक तकनीकि से प्रत्यारोपित कर नया आयाम स्थापित किया है।

ललितपुर के ग्राम अड़वाहा प्रतापपुरा निवासी 20 वर्षीय चाली आदिवासी पुत्र रतन आदिवासी का दो साल पहले एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें उसका दायें पैर का कूल्हा टूट गया था। चल फिर पाने में असमर्थ चाली आदिवासी का कूल्हा धीरे धीरे छोटा और कमजोर होता गया। भरी जवानी में उसका जीवन नर्क बन गया था। उस बेचारे ने कई जगह इलाज कराया, लेकिन उसे कहीं से लाभ नहीं हुआ और उसका जीवन सामान्य नहीं हो पाया। आखिर उसकी दूर की भाभी ने उसे डा.आकाश खैरा के पास जाने की सलाह दी। डा.आकाश खैरा ने उसका परीक्षण कर विचार विमर्श उपरान्त उसका पूरा कूल्हा प्रत्यारोपित करने का निर्णय लिया।

उन्होंने विगत दिवस अत्याधुनिक उपकरणों के साथ विदेशी सिरामिक निर्मित कूल्हा प्रत्यारोपित कर मरीज को नयी जिंदगी दे दी। अब मरीज और उसके परिजन खुश हैं। मरीज अपने पैरों पर खड़ा होने लगा है। जल्द ही उसकी जिंदगी सामान्य हो जायेगी।

### खुश है मरीज का परिवार

मरीज के पिता रतन आदिवासी ने बताया कि डा.खैरा उसके पुत्र के लिये भगवान बन कर आये हैं। उनका पूरा परिवार बेटे के अपाहिज होने से तनावग्रस्त था। अब इस सफल ऑपरेशन से पूरे गाँव में खुशी का माहौल है।

### इनका कहना है-

ललितपुर में ऐसा ऑपरेशन बहुत दुर्लभ था। मरीज के छोटे पैर को बढ़ाकर दूसरे पैर के बराबर कर उसमें नया कूल्हा प्रत्यारोपित किया गया है। इससे मरीज सामान्य जीवन जी सकेगा। इस ऑपरेशन से उसकी दो साल की तकलीफों का अंत हो गया है।

**-डा.आकाश खैरा,** ऑर्थो सर्जन

# ऑनलाइन धोखाधड़ी के 85 हजार रुपये वापस कराये

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी के निर्देशन, एसपी मो.मुश्ताक के कुशल नेतृत्व में जाखलौन पुलिस ने साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आवेदक से 85 हजार रुपये की धनराशि की धोखाधड़ी हुई थी, जिसके सम्बन्ध में ऑनलाईन शिकायत प्राप्त हुई थी। थाना पुलिस ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों का अवलोकन व तकनीकी विश्लेषण कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये विभिन्न वित्तीय एजेंसियों, बैंकों, वालेट आदि से सम्पर्क कर द्वारा उचित माध्यम से संबंधित वित्तीय एजेंसियों को मेल करके पीड़ित का पैसा होल्ड कराकर, पीड़ित की फ्रॉड हुई सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस करने में सफलता प्राप्त की है।

# सोलर लाइट से जगमग होगा देवराहबाबा घाट

अवधनामा संवाददाता

- एसबीआई ने सीएसआर फण्ड से 60 लाख से लगाइ हैं 85 सोलर लाइटें

**मथुरा।** भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा सीएसआर फण्ड से वृन्दावन में देवराह बाबा घाट पर लगाई गई 85 सोलर लाईटों से जगमद होगा। अब रात्रि के समय यहां आने वाले पर्यटक यमुनाजी व घाट को निहार सकेंगे। देवराह बाबा घाट पर इन लाइटों का मुख्य अतिथि मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादूर सिंह एवं भारतीय स्टेट बैंक के अपर महाप्रबन्धक राजीव मिश्रा के द्वारा घाट पर यमुना जी आरती एवं विधि विधान के साथ शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि एमवीडीए के उपाध्यक्ष श्याम बहादूर सिंह ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा देवराह बाबा घाट पर 85 सोलर लाइट लगवायीं गयीं हैं यह एक सराहनीय कार्य है। जिसके होने से वृन्दावन में देवराह बाबा घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को अब अन्धेरे से निजात मिलेगी रोशनी की ओर एसबीआई ने एक कदम बढ़ाते हुए करीब 60 लाख रुपये सीएसआर फण्ड से खर्च किये हैं। इससे आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं में भी बढ़ोत्तरी होगी।

अपर महाप्रबन्धक राजीव मिश्रा ने कहा कि मथुरा जनपद में भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाते हुए पहले शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं को साईकल वितरण एवं चिकित्सा के क्षेत्र में सोनोग्राफिक मशीन आदि उपकरणों को देते हुए सामज में अहम भूमिका निभायी है। इसी क्रम में वृन्दावन में देवराह बाबा घाट पर 85 सोलर ऊर्जा वाली लाईट करीब 60 लाख रुपये की लागत से लगवाई गयीं हैं जिससे वृन्दावन में आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो और पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी होगी और आगे भी भारतीय स्टेट बैंक सीएसआर फण्ड से समाजिक कार्यों को करती रहेगी।

# विंग कमांडर पर की टिप्पणी पर भाजपा ने सपा नेता रामगोपाल यादव की निंदा

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** भारतीय वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह को लेकर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव की कथित जातिसूचक टिप्पणी पर सियासत गरमा गई है। भाजपा के मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने इस बयान की तीखी आलोचना करते हुए इसे 'दलित बेटी का अपमान' करार दिया।

श्याम शर्मा ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा, व्योमिका सिंह न केवल भारतीय वायुसेना की एक अधिकारी हैं, बल्कि वह देश की उन बेटियों में से हैं जिन्होंने अपने मेहनत और साहस से समाज की सोच को बदलने का काम किया है। एक दलित परिवार से निकलकर उन्होंने वायुसेना जैसी प्रतिष्ठित संस्था में अपनी पहचान बनाई। ऐसे में उनकी जाति को लेकर की गई टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने सवाल उठाया, क्या दलित बेटी देश की सेवा नहीं कर सकती?

# पूरे वर्ष मथुरा में चलेगा नशा मुक्त अभियान

अवधनामा संवाददाता

- प्रशासन और ब्रह्माकुमारीज़ नें संयुक्त रूप से किया नशामुक्त भारत अभियान का किया शुभारम्भ

**मथुरा।** ब्रह्माकुमारीज़ के रिफाइनरी नगर सेवा केंद्र ने नशामुक्त भारत अभियान का शुभारंभ मथुरा जिला मुख्यालय से किया। विधायक पूरन प्रकाश और जिला अधिकारी चंद्र प्रताप सिंह, सहायक जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन, अमरेश कुमार मौर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह , जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र कुमार और अन्य प्रशासनिक अधिकारियो नें झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। ब्रह्माकुमारी संस्था के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पधारे डॉ सचिन परब जो कि संस्था के नशा मुक्त भारत अभियान के राष्ट्रीय संयोजक हैं और रिफाइनरी नगर सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बी के कृष्णा बहन नें सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई.नशा मुक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। अभियान में प्रमुख रूप से स्क्रीन बैनर मॉडल और चलचित्र के द्वारा नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी प्रदान की जाएगी। यह अभियान भारत सरकार और ब्रह्माकुमारीज़ के सहयोग से चलाया जा रहा है। ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के मुख्यालय माउंट आबू, राजस्थान के द्वारा देशभर में अलग-अलग शहरों में अनेक रैलियां निकाली जा रही हैं। रैली जिला मुख्यालय से आरम्भ होकर माउंट हिल अकादमी विद्यालय मे संपन्न हुई, जँहा लगभग 200 छात्रों को नशा मुक्त के लिए जागरूक किया गया.पूरे वर्ष मथुरा जिले के सभी गावों और शिछण संस्थानों में नशा मुक्त कार्यक्रम चलाया जायेगा.संस्था के अंतर्राष्टीय मुख्यालय से पधारे डॉक्टर सचिन परब ने नशा मुक्त भारत अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि नशा दिमाग को कमजोर करता है। एक कमजोर मन बार-बार बुराइयों की ही तरफ जाता है। उन्होंने कहा कि अगर बचपन से ही सही जानकारी दी जाए तो बच्चे नशे की तरफ नहीं जाएंगे। स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बी के कृष्णा बहन ने कहा कि मन को शक्तिशाली बनाने के लिए राजयोग जरूरी है। साथ ही उन्होंने नशामुक्त रहने की प्रतिज्ञा भी कराई। मुख्य आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ जिसमें विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मथुरा में नशा मुक्ति केंद्र के सभी संचालक, विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और विभिन्न विद्यालयों के छात्र सम्मिलित रहे.रैली में बीके पूजा, बी के अलका, शिखा, नीलम,नीतू, रजनी,अजलि,भावना, पूनम, सावित्री, रश्मि,रेखा, सुनीता, कमलेश,मनोहर, बी के मनोज,गौरव रिफाइनरी के पदाधिकारी प्रमोद वर्मा आलोक कुमार, कमल भाई, एन के गौर, डॉ अजीत, हरी पांडा, राजेंद्र,अशोक,बी के विनोद, बॉबी भाई, राजनाथ भाई, विशाल भाई, आदि का विशेष सहयोग रहा।

# सांसद के पत्र का खंड विकास आधिकारी ने लिया संज्ञान

## जखौरा स्थित बालाजी विद्यालय के पीछे डंप हो रहा था कचरा

अवधनामा संवाददाता



- कचरा जलाने पर बच्चों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा था खिलवाड़

**जखौरा (ललितपुर)।** झांसी-ललितपुर लोकसभा सांसद अनुराग शर्मा ने सीडीओ को लिखें एक पत्र द्वारा अवगत कराया कि बालाजी विद्या मंदिर जखौरा के प्रबंधक द्वारा 6 मई को मौखिक रूप से अवगत कराया कि स्कूल के पास कचरा एकत्रित कर उसमें आग लगा दी जाती है जिससे प्रदूषण हो रहा है। बालाजी विद्या मंदिर का स्थलीय निरीक्षण कराकर उसके आसपास एकत्रित कचरे का स्थायी समाधान करा दें और भविष्य में स्कूल के पास कचरा एकत्रित न हो इसके लिए संबंधित को आदेश दे दें। यह भी शिकायत की गई की ग्राम में सफाई कर्मी द्वारा ग्राम का कचरा एकत्र कर और जलाकर स्कूल के पास नदी में फेंका जा रहा है जिससे पानी दूषित हो रहा है और बच्चों तथा ग्राम वासियों को संक्रमण का खतरा बना हुआ है। यह भी सुनिश्चित कराऐं कि ग्राम में कचरा जलाकर फेंकने आदि की पुनरावृत्ति न हो और कचरा, कचरा प्लांट में ही जाये, इसका स्थायी समाधान कराकर कार्रवाही करें। सीडीओ ने यह पत्र खंड विकास अधिकारी जखौरा को भेजा गया जिसको तत्काल संज्ञान में लेते हुए बीडीओ ने सुबह विद्यालय के पीछे सफाई कराने का आदेश जारी किया। सफाई कर्मियों ने तत्काल प्रभाव से सफाई की एवं भविष्य में भी वहां कचरा ना फेंका जाए उसके लिए संबंधित को आदेशित किया।

**शोपीस बन के रह गया कचड़ा प्लांट :** जखौरा में कचड़ा डंप बनाए जाने के बाद भी न तो कचड़े की गाड़ियां नजर आ रही है न ही सफाई की ओर ध्यान दिया जा रहा है नगर का कचड़ा ट्रालियों में भर के जखौरा श्मशान घाट के पास नदी में फेंका जा रहा हैं जिसमें जानवर भी मर रहे हैं उक्त कचड़े में जब आग लगाई जाती है तब आस पास के रहने वाले लोगों का रहना मुश्किल हो जाता है साथ ही साथ कचड़ा फेंकने वाले स्थान के 50 मीटर की परिधि में हनुमान जी का प्रसिद्ध मंदिर , श्री राम केवट मंदिर , शंकर जी का मंदिर , शमशान घाट , एवं स्कूल है जिसमें लगभग लगभग 400 बच्चे अध्ययन करते है जब कचड़े में आग लगाई जाती है तो कक्षाओं में बच्चों का बैठना मुश्किल हो जाता है । स्कूल प्रबंधक से इस मामले में जब बात की तब उन्होंने बताया 4 सालों से परेशान है कई बार संबंधित लोगों से, बीडीओ से,सफाई कर्मियों से कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है परन्तु कोई भी निराकरण नहीं हो पा रहा है उन्होंने बताया कि में खुद मानसिक रूप से बहुत परेशान हूं मेरे पास एक मात्र विकल्प बचता है जिस दिन कचड़े में आग लगाई जाती है स्कूल की जल्दी छुट्टी करना ही विकल्प रह जाता है । नदी में कचड़ा फेंकने से एक ओर पानी दूषित हो रहा है उधर दूसरी तरफ जानवर मर रहे है मरे जानवरों को भी कचड़े में फेक दिया जाता और जब इसमें आग लगाई जाती तो रहना मुश्किल हो जाता है ।

# कूड़ा निस्तारण एवं स्वच्छता अभियान को गति दें पंचायत कर्मी

■ स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक में नागरिकों को समझाया स्वच्छता का महत्व



पंचायत सभागार में आयोजित गोष्ठी में मौजूद अधिकारी।

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय, कानपुर, पलक शर्मा एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय शिवम सिंह द्वारा नगर के वार्ड संख्या-11 अशफाक उल्ला नगर में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक में प्रतिभाग कर आम जनता को स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों से अवगत कराया एवं वार्ड में कूड़ा के सोर्स सेग्रीगेशन के सम्बन्ध में सम्बन्धित सफाई मित्र एवं सफाई नायक से वार्ता कर उन्हें सोर्स सेग्रीगेशन के महत्व को समझाया।

शनिवार को आयोजित बैठक में उन्होंने बताया कि कचरे को सोर्स पर ही गीले एवं सूखे कचरे में अलग-अलग करने से उनका निस्तारण आसान हो जाता है। जबकि मिश्रित कचरा को निस्तारित किया जाना एक दुर्गम प्रक्रिया है। जिसमें समय एवं संसाधनों का अपव्यय होता है एवं वातावरण भी प्रदूषित होता है जो कि आम जनता के लिये हानिकारक है। बैठक उपरांत मण्डल प्रबन्धक द्वारा वार्ड में नागरिकों से भी सफाई व्यवस्था एवं कूड़ा निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक प्राप्त किया गया जिसमें अधिकांश नागरिकों द्वारा बताया गया कि पालिका गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित किये जाने हेतु रिक्शा चला रही है। जिसमें नागरिकों द्वारा अलग-अलग कचरा प्रदान किया जाता है। इसके उपरांत नगर पंचायत कार्यालय सभागार में सफाई कर्मचारियों एवं सफाई नायकों, आम जनता के साथ बैठक कर उनको सफाई व्यवस्था में आवश्यक सुधार हेतु दिशा निर्देश दिये एवं सफाई सफाई कर्मचारियों को सेफ्टी किट पहन कर ही कार्य किये जाने हेतु भी निर्देशित किया। इस दौरान सफाई नायक नरेश चंद्र, कम्प्यूटर ऑपरेटर दीपक श्रीवास्तव, आलोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों को गुड टच का दिया गया प्रशिक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्भल।** यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम पॉक्सो 2012 और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 पर जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पेंसिया के आदेश पर शनिवार को पीएमश्री स्कूल इटाला माफी एवं कस्तूरबा स्कूल मनोटा असमोली में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। जिसमें आई सी कमेटी (आंतरिक शिकायत समिति) बनाना जो कि भारत सरकार के दिशानिर्देश के अनुसार हर कार्यस्थल पर अनिवार्य है के विषय में जानकारी देते हुए सदस्यों को शिकायतों के निष्पक्ष, और कार्यस्थल पर हल करने के तरीके के बारे में बताया। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्टाफ सदस्यों को अधिनियम के प्रावधानों के बारे में संवेदनशील बनाना, बाल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें दुर्व्यवहार की घटनाओं की पहचान करने और उनका समाधान करने की जानकारी देना था प्रशिक्षण गौरीशंकर चौधरी द्वारा दिया गया जो बच्चों एव महिलाओं की सुरक्षा पर अपने एनजीओ जस्ट राइट्स के माध्यम से जनपद में लगातार काम कर रहे हैं चौधरी ने POCSO अधिनियम 2012 के विषय में बताया जिसमें बच्चों को यौन अपराधों से बचाने वाले विशिष्ट प्रावधानों एवं दुर्व्यवहार के संकेतों और लक्षणों की पहचान कैसे करें। स्टाफ़ के सदस्यों को शारीरिक, भावनात्मक, यौन और उपेक्षा सहित विभिन्न प्रकार के दुर्व्यवहार के बारे में प्रशिक्षण दिया। इस अबसर पर स्कूल के प्रिंसिपल कपिल मलिक,एव कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन सुनीता सैनी एवं सिराज अहमद ओर समस्त स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहा।

# एडीजी ने कानून व्यवस्था हर हाल में बेहतर रखने के दिए निर्देश

■ पुलिस लाइन सभागर में कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर की समीक्षा बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** अपर पुलिस महानिदेशक डॉ संजीव गुप्ता ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक कर कानून.व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में कानून व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए गए। एडीजी ने कानून व्यवस्था पर विशेष जोर दिया।

अपर पुलिस महानिदेशक ने समीक्षा दौरान अपराधों पर नियंत्रण रखने के भी निर्देश दिए। उन्होने जिले में अपराधों की रोकथाम, शांति व्यवस्था बनाए रखने, और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रभावी दिशा.निर्देश दिए गए। एडीजी ने मादक पदार्थो की तस्करी, अवैध शस्त्र निर्माण, संग्रहण व बिक्री में लिप्त अपराधियों पर सख्त एवं त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाशत नही की जाएगी। उन्होने अधिकारियों को जनता के प्रति संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई एवं पारदर्शिता बनाए रखने की अपील की। कहा कि अपराध और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस बल को सतर्कता, समर्पण, एवं टीमवर्क के साथ कार्य करना होगा। समीक्षा बैठक के दौरान एडीजी ने गुण्डे, माफिया, हिस्ट्रीशीटर, टॉप.10 वांछित व इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी करने के स्पष्ट निर्देश जारी किए। उन्होने चोरी, लूट, टप्पेबाजीए नकबजनी जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए भीड़.भाड़ वाले स्थानों पर नियमित पैदल गश्त एवं रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने पर बल दिया। महिला सम्बन्धी अपराधों के संबंध में संवेदनशीलता एवं शीघ्र निस्तारण की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। बैठक में चित्रकूट धाम मंडल बांदा परिक्षेत्र के राजेश एस, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार मौजूद रहे। इससे पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक का पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत तीन पर की कार्यवाही



**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अवैध अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन मे, सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस के द्वारा पशु क्रूरता करने वाले तीन दबोच लिया जबकि एक आरोपी फरार होने में सफल रहा।

बीते दिन शान्ति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत संदिग्ध वाहन/व्यक्ति चैकिंग के दौरान कस्वा प्रभारी दीपक कुमार ने कांस्टेवल गजेन्द्र सिंह, मोनू, नीरज कुमार के साथ सोशल मीडिया पर वायरल फोटो जिसमें पशुओं के साथ क्रूरता दिखायी दे रही है। के अपराधीगण की तलाश में मोहल्ला गाँधीनगर में मामूर थे कि मुखविर की सूचना पर गोपे पुत्र स्व. भोले निवासी मोहल्ला गाँधी नगर के घर से जफर पुत्र कल्लू निवासी मोहल्ला बगिया व इन्तजार पुत्र शमी निवासी मोहल्ला गाँधी नगर, गोपे कुरैशी पुत्र स्व0 भोले कुरैशी निवासी मोहल्ला गाँधी नगर को समय करीब 11.50 बजे गिरफ्तार किया गया। जबकि अनस पुत्र इलियास मौके से फरार होने में सफल रहा। जिनके विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराकर अभियुक्तगणों को न्यायालय भेजा गया।

# नि:शुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना नयी दिशा 2025 का शानदार शुभारंभ



**अवधनामा संवाददाता**

**गजरौला/अमरोहा।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान में बोर्ड परीक्षा के उत्तीर्ण एवं ग्रेजुऐशन युवाओ को आगे भविष्य के लिए सशक्त कैरियर विकल्प चुनने की शानदार निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना ''नयी दिशा-2025'' की शानदार शुभारम्भ हो गया। आगामी साठ दिनो तक चलने वाली इस शैक्षणिक परामर्श योजना के तहत देश के जाने-माने कैरियर विशेषज्ञ पश्चिमी यूपी के दसवीं/बारहवीं एवं ग्रेजुएशन युवाओ को विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की जानकारी के साथ-साथ सिविल सर्विसेज, डिफेन्स सर्विसेज, पुलिस एवं प्रशासनिक सेवाओ समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी एवं चयन के लिए शैक्षणिक योग्यता समेत महत्वपूर्ण जानकारी निशुल्क प्रदान करेंगे। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के डॉ0 सी0वी0 रमन सभागार में आयोजित महत्वाकांक्षी निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना ''नयी दिशा-2025'' का शुभारम्भ संस्थापक अध्यश डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, कुलपति प्रो0 कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव प्रो0 पीयूष पाण्डेय, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की अध्यश डॉ0 मधु चतुर्वेदी आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। वेंक्टेश्वरा की निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना ''नयी दिशा-2025'' के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति विख्यात कैरियर कोच एवं राष्ट्रीय प्रेरकवक्ता डॉ0 राजीव त्यागी ने बताया कि साठ (60) दिनों तक चलने वाली इस शानदार निशुल्क कैरियर मार्गदर्शन योजना ''नयी दिशा'' से पश्चिमी यूपी विशेष रूप से मेरठ, मुरादाबाद मण्डल के दसवीं/बारहवीं एवं ग्रेजुएशन युवाओ को एक स्थायी सम्मानित एवं सशक्त कैरियर विकल्प चुनने मे मदद मिलेगी। देश भर के दो दर्जन से अधिक कैरियर विशेषज्ञ आने वाले साठ दिनो में युवाओ को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ में चयन के लिए आवश्यक योग्यता एवं तैयारी के लिए ''महत्वपूर्ण टिप्स'' निशुल्क प्रदान करेंगे।

## श्री चित्रगुप्त धाम से निकलेगी शोभायात्रा, मंगलवार को होगा भंडारा

**सुलतानपुर।** नगर के सीताकुंड स्थित श्री चित्रगुप्त धाम मंदिर में विभिन्न देवी देवताओं की मूर्तियां जिसमें एकादश मुखी हनुमान जी, श्री राम दरबार, श्री दुर्गा जी, शिव परिवार, बारह ज्योतिर्लिंग, शिवलिंग एवं नंदी महराज की स्थापना से पूर्व किए जाने वाले धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत 14 मई से हो चुकी है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले जलाधिवास, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास के बाद शनिवार को फलाधिवास का कार्यक्रम भी विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। इसके पूर्व पुष्पाधिवास में मुख्य यजमान पवन श्रीवास्तव के साथ विशिष्ट यजमानों में श्रीमती एवं श्री संतोष खरे ,श्रीमती एवं श्री मुकुल श्रीवास्तव, श्रीमती एवं श्री सुधीर श्रीवास्तव ,श्रीमती एवं श्री राजेश सोनी, श्रीमती एवं श्री मृतुन्जय श्रीवास्तव शामिल रहे। शुक्रवार को होने वाले धार्मिक अनुष्ठान फलाधिवास में मुख्य यजमान के साथ विशिष्ट यजमान क्रमशः श्रीमती एवं श्री राजू खरे, श्रीमती एवं श्री अभिनव श्रीवास्तव ,श्रीमती एवं श्री अमित श्रीवास्तव, श्रीमती एवं श्री पंकज श्रीवास्तव और श्रीमती एवं श्री प्रशांत सक्सेना शामिल रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## सौरिख पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के वांछित को दबोचा



**कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्ग दर्शन मे, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ मनोज कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक विष्णुकान्त तिवारी थाना सौरिख के कुशल नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट के मामले में बांछित चल रहे आरोपी को हिरासत में लेकर कार्यावाही की गई है। शनिवार को अपराध नियंत्रण हेतु शांति व्यवस्था में गस्त दौरान थाना सौरिख प्रभारी निरीक्षक विष्णुकान्त तिवारी ने उपनिरीक्षक देवीसहाय वर्मा, कांस्टेवल कार्तिक तोमर, राजेश कुमार, निक्की कुमार के साथ चैकिंग के दौरान पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित मुकदमें में वांछित चल रहे नन्हे उर्फ चन्द्रशेखर पुत्र मुन्ना लाल उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम हैवतपुर नादेमऊ थाना सौरिख को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## बाइकों की टक्कर में युवक हुआ घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के ग्राम खाडे देवर निवासी रफीक खान पुत्र अंसार खान द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शनिवार को 09:30 बजे वाईक पर सवार होकर वह घर की ओर जा रहा था। जैसे ही रामगंज स्थित पन्ना मिष्ठान भंडार के सामने पहुंचा तभी अनियंत्रित गति से आ रही बाईक के चालक इरफान पुत्र अख्तर निवासी मोहल्ला अफसरी ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## छह परिवारो को मिलाया गया

**संभल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10:30 बजे पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई जहां पति-पत्नी के मध्य हुए आपके विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया जहां कुल 69 पत्रावलियों को सुनकर 20 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया जिसमें से 5 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवं 6 परिवारों को मिलाया गया तथा 9 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने एवं अन्य कारणों से बंद की गई इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधि परामर्दता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट तथा काउंसलर श्रीमती कंचन महेश्वरी बबीता शर्मा श्वेता गुप्ता सीमा आर्य तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 94 शिकायतों मे सिर्फ 09 का हुआ निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**



■ जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस मे तेज धूप और गर्मी के बाद भी जुटी फरियादियों की भीड़

**महोबा।** तहसील महोबा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस पर जिले के आला अधिकारियों ने तेज धूप और लू लपट के बीच ग्रामीण अंचलों से आए फरियादियों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस पर तहसील महोबा से कुल 94 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 09 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में 21 में से 02 तथा तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में 105 में से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। जिलाधिकारी ने शिकायतों को सुनते हुए उनका निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किए जाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। डीएम ने कहा कि अधिकारी आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अंदर किया जाए। जिससे फरियादियों को अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए इधर.उधर न भटकना पड़े। उन्होने कहा कि यदि निस्तारण में गड़बड़ी पाई गई तो अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार के अलावा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# लाखों की लगत से बने अन्नपूर्णा भवन बनकर रह गये शोपीस

**अवधनामा संवाददाता**

■ घर से ही राशन वितरण कर रहे हैं कोटेदार

**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर जिले के नगर क्षेत्र सहित विकास खंडों के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभाओ में अन्नपूर्णा भवन (उचित दर विक्रेता भवन ) का लोकार्पण फरवरी माह में किया गया था। भवन के निर्माण का उद्देश्य था कि ग्रामीण क्षेत्र में खाद्य आपूर्ति व्यवस्था, राशन वितरण की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाया जा सके और लाभार्थियों को समय पर राशन मिल सके। पर अन्नपूर्णा भवन तैयार हो जाने के बावजूद भी कोटेदार के घर से राशन वितरण किया जा रहा है।कोटेदार इस योजना के उद्देश्य को असफल कर सरकार की नीतियों पर पानी फेर रहे हैं। अधिकारियो द्वारा अन्नपूर्णा भवन के लोकार्पण के समय अन्नपूर्णा भवन के सुचारू ढंग से संचालन के लिए कोटेदार को चाबी भी सौंपी गई थी और यह निर्देश भी दिया गया था कि प्रति माह राशन वितरण का कार्य अन्नपूर्णा भवन में ही सुनिश्चित कराया जाना चाहिए, जिससे लाभार्थियों को एक ही छत के नीचे गुणवत्ता युक्त, विवाद रहित, पारदर्शी राशन वितरण का लाभ मिल सके।नागरिकों तथा संबंधित ग्राम सभाओ की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। पर कोटेदार द्वारा, सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शुमार एवं लाखों की लागत से बनाए गए अन्नपूर्णा भवन में राशन रखना और राशन वितरण करना रास नहीं आ रहा है। वही नगर के सभासदों व ग्राम प्रधानो से बात करने पर उन्होंने बताया कि मैंने कई बार राशन विक्रेता को सूचित किया और कहा भी की भवन के अंदर ही राशन वितरण किया जाए पर राशन विक्रेता द्वारा कोई ठोस कारण या कोई समस्या नहीं बताई गई और न ही उन्होंने मेरी बातों को समझा। जिसको लेकर एक शिकायतो पत्र खंड विकास अधिकारी के माध्यम से जिला पूर्ति अधिकारी को दिया गया है। वहीं पर कुड़वार के खाद्य पूर्ति अधिकारी नन्हे सिंह से फोन पर बात होने पर उन्होंने कहा कि मई माह का राशन अन्नपूर्णा भवन में ही वितरित किया जाएगा।खबर लिखे जाने तक न तो भवन में राशन आया और न ही राशन का वितरण किया जा रहा है। सूत्रों द्वारा यह भी पता चला है कि राशन विक्रेता के घर पर ही रखा गया वहीं से वितरण भी हो रहा है। अब देखना यह होगा कि शिकायत के बावजूद जिला पूर्ति अधिकारी इस पर संज्ञान लेते हैं, या कोटेदार अपनी मनमानी के अनुसार राशन वितरण का कार्य अपने घर से ही करते रहेंगे। और लाखों रुपए की लागत से बना अन्नपूर्णा भवन केवल शो पीस ही बनकर रह गया है। उक्त संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश मौर्य ने बताया कि कुछ अन्नपूर्णा भवन अभी अधूरे बने हैं,कहीं पर बिजली कनेक्शन की कमी है,जल्द ही पूर्ण करवाकर एकाध हफ्ते में अन्नपूर्णा भवन से ही राशन वितरण सुनिश्चित करवाया जाएगा।

# बेकाबू कार ने सब्जी विक्रेता को टक्कर मारकर किया घायल

■ सब्जी मंडी में कार घुस जाने से लोगों में मची अफरा तफरी



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** शहर के कीरत सागर स्थित थोक सब्जी मंडी में एक सब्जी विक्रेता को अनियंत्रित कार से टक्कर मारकर घायल कर दिया। मंडी में अचानक कार घुस जाने से लोगों में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। घायल को स्थानीय लोगों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। घटना को अंजाम देने के बाद चालक कार सहित वहां से निकलने की फिराक में था, लेकिन लोगों की भीड़ ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस घटना की जांच कर रही है। गौरतलब है कि शनिवार की सुबह करीब सात बजे शहर के काजीपुरा निवासी इब्राहीम राईन ;55) प्रतिदिन की तरह कीरत सागर स्थित सब्जी मंडी में सब्जी बेचने का काम कर रहे थे। सुबह होने के कारण मंडी में दुकानदारों के अलावा खरीददारों की भी खासी भीड़ जुटी थी, जिससे वहां की सड़क पर अक्सर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है, जिस कारण पुलिस ने वाहन चालकों को इस मार्ग पर धीमी गति से चलने के निर्देश दिए है, बावजूद इसके एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार मंडी में घुस गई और सब्जी बेच रहे इब्राहीम को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

अनियंत्रित कार के अचानक मंडी में घुस जाने से वहां मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई और कार रुकने के थोड़ी देर बाद मौजूद लोगों ने घायल इब्राहिम को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया और डाक्टर ने तत्काल इलाज शुरू किया। डाक्टरों के अनुसार इब्राहीम की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक मौके से भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन भीड़ ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों और व्यापारियों में खासा गुस्सा है।

# 25 हजार का ईनामियां बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

■ मुठभेड़ दौरान वांछित अभियुक्त के पैर पर लगी गोली, अस्पताल में भर्ती



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट व गुण्डा एक्ट में वांछित चल रहा 25 हजार रुपये का ईनामी बदमाश को थाना खन्ना और एसओजी की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र के इलाही पुरवा से शुक्रवार की रात को मुठभेड़ दौरान पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया है। वांछित अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस और एक बाइक बरामद की है। घायल अभियुक्त को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं बदमाश को गिरफ्तार करने वाली टीम की एसपी ने सराहना की।प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना वीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने इलाहीपुरवा तिराहा, सर्विस रोड के पास चेकिंग के दौरान दीपक अहिरवार ;22) पुत्र पंचम लाल निवासी नया प्राइवेट बस स्टैंड के पास, होटल मीरा हेरिटेज के पीछे, थाना कोतवाली नगर महोबा को रोकने की कोशिश की गई। उक्त बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिस पर पुलिस टीम ने आत्मरक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ दौरान अभियुक्त के बाएं पैर में गोली लगी है जिससे वह घायल हो गया, जिसे तत्काल हिरासत में लेकर आवश्यक उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। अभियुक्त के कब्जे से एक 315 बोर अवैध तमंचा, 02 जिन्दा कारतूस, 01 खोखा कारतूस नाजायज 315 बोर सहित एक मोटर साइकिल की बरामदगी की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर अपराधी है जो गैंगस्टर एक्ट में काफी समय से वांछित चल रहा था, अभियुक्त पर 25 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित है। अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में सदर कोतवाली नगर में चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट व गुण्डा एक्ट जैसे संगीन मामले पंजीकृत हैं। पुलिस मुठभेड व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना खन्ना में विभिन्न गंभीर धराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है एवं बरामद बाइक को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया है। बदमाश को गिरफ्तार करने वालों में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना वीरेंद्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक अनुरुद्ध प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक मौजीलाल वर्मा, हेड कांस्टेबल रामबाबू हेड कांस्टेबल हरदेव सिंह परिहार हेड कांस्टेबल लोकेश कुमार हेड कांस्टेबल प्रिंयक कुमार कांस्टेबल विवेक कुमार कांस्टेबल सूर्यांश प्रताप सिंह के अलावा एसओजी टीम के उपनिरीक्षक शिवप्रताप सिंह, कांस्टेबल निर्भय सिंह, कांस्टेबिल रंजीत सिंह कांस्टेबिल आशीष बघेल कांस्टेबिल कुलदीप यादव कांस्टेबिल अभिषेक दुबे शामिल हैं।

# राम्या सेठ ने स्टेला मैरिस कान्वेंट स्कूल में लहराया परचम

**अवधनामा संवाददाता**



**सुलतानपुर।** जनपद में सीबीएसई बोर्ड के रिजल्ट में जिले के स्टेला मैरिस कान्वेंट स्कूल की छात्रा राम्या सेठ ने 95.4त्न लाकर स्कूल सहित जिले में नाम रोशन किया है।राम्या सेठ ने बात चीत के दौरान बताया कि उनके पिता पेशे से बिजनेसमैन है।और माता अध्यापक है। अपने सफलता के पीछे उसके गुरुजन और माता पिता सहित परिवारीजन का आशीर्वाद है।जो आज वह इस मुकाम पर पहुंची है, राम्या ने यह भी बताया कि आज के शिक्षण समाज में बच्चों को कोचिंग क्लास करने की कोई जरूरत पड़ती है। बस अपने हौसलों को उड़ान देने की जरूरत पड़ती हैं फिलहाल मेरी ख्वाइश यही है कि मैं वैज्ञानिक बन कर देश सहित समाज सेवा करना चाहती हूँ। राम्या की माँ मोनिका सोनी ने बताया की विंग कमांडर व्योमिका सिंह, व कर्नल सोफिया कुरैशी जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में मुख्य भूमिका निभाई यह दोनों नारी शक्ति का प्रतीक है। इन दोनों ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी वीरतापूर्वक देश की सेवा की है। संकट के समय में महिलाएं वीरता के साथ देश की सेना का नेतृत्व कर रही हैं। यह देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा मेरी बेटी वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करना चाहती है।

## एजिंग स्किन की केयर कर सकती है सौंफ



स्किन को टाइटन करने से लेकर उसके टेक्सचर को बेहतर बनाने और स्किन के नेचुरल ग्लो को बढ़ाने में सौंफ मददगार साबित हो सकती है। यह अपनी स्किन का ख्याल रखने का एक नेचुरल और बजट फ्रेंडली तरीका है।

सौंफ को डाइजेशन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि सौंफ आपकी स्किन के लिए भी उतनी ही फायेदमंद है। खासतौर से, सौंफ आपकी स्किन को लंबे समय तक यंगर बनाए रखने में मददगार है। दरअसल, सौंफ में एंटी-ऑक्सीडेंट्स, विटामिन सी और कई ज़रूरी मिनरल्स पाए जाते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं, जो स्किन की झुर्रियों, ढीलापन और बेजानपन के पीछे का बड़ा कारण होते हैं।

यही वजह है कि अपनी स्किन को टाइटन करने से लेकर उसके टेक्सचर को बेहतर बनाने और स्किन के नेचुरल ग्लो को बढ़ाने में सौंफ मददगार साबित हो सकती है। यह अपनी स्किन का ख्याल रखने का एक नेचुरल और बजट फ्रेंडली तरीका है। इतना ही नहीं, आप इसे अपने स्किन केयर रूटीन में कई अलग-अलग तरीकों से शामिल भी कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि एजिंग स्किन की देखभाल के लिए आप सौंफ को किस तरह इस्तेमाल कर सकते हैं-

**सौंफ टोनर स्प्रे**

यह एक नेचुरल एंटी-एजिंग टोनर की तरह काम करता है। सौंफ के बीज में फ्लेवोनॉयड्स और विटामिन सी होते हैं, जो स्किन को टाइटन करने, फाइन लाइन्स को कम करने और स्किन की रंगत को एकसमान बनाने में मदद करते हैं।

**कैसे इस्तेमाल करें**

1 चम्मच सौंफ के बीज को 1 कप गर्म पानी में 30 मिनट तक भिगोकर रखें। फिर छानकर इसे स्प्रे बोतल में भरकर फ्रिज में रखें। इसे चेहरे पर ताजगी देने वाले मिस्ट या टोनर के रूप में इस्तेमाल करें।

**सौंफ और दही से बनाएं फेस पैक**

सौंफ फ्री रेडिकल्स से लड़ने के साथ-साथ कोलेजन को बढ़ाता है, जबकि दही स्किन को हाइड्रेट करती है और लैक्टिक एसिड की मदद से हल्के से एक्सफोलिएट करता है। यह मिश्रण स्किन को ताजगी और चमक देता है।

**कैसे इस्तेमाल करें**

1 चम्मच सौंफ के बीज को पीसकर पाउडर बना लें। इसे 1 चम्मच दही के साथ मिला लें और चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट तक लगा रहने दें और फिर धो लें।

**सौंफ से बनाएं स्क्रब**

यह स्क्रब डेड स्किन सेल्स को हटाने और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में मदद करता है। जिसकी वजह से आपकी स्किन ज्यादा चमकदार और जवां दिखने लगती है। सौंफ के एंटी-एजिंग गुण समय के साथ उम्र के धब्बों को कम करने में मदद करते हैं।

**कैसे इस्तेमाल करें**

एक चम्मच सौंफ के बीज को मोटे तौर पर पीसकर शहद या एलोवेरा जेल में मिला लें और इसे एक हल्के स्क्रब के रूप में हफ्ते में एक बार इस्तेमाल करें।

## इस गर्मी ट्राई करें ये व्हाइट कलर चिकनकारी कुर्ती

# लुक में लगेगा ग्लैमर और स्टाइल का तड़का



अगर आप कुछ ऐसा ट्राई करना चाहते हैं, जिससे आपका लुक काफी अच्छा लगे। तो आप व्हाइट कलर वाले अनारकली कुर्ते ट्राई कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ व्हाइट कलर वाले अनारकली कुर्ते के बारे में बताने जा रहे हैं।

गर्मियों का मौसम सबसे ज्यादा परेशान करने वाला होता है। इसलिए इस मौसम में पहनने के लिए हम अक्सर सिंपल और लाइट फैब्रिक वाले कपड़े पहनना पसंद करते हैं। लेकिन प्रिंट या कलर के कारण हम इन कपड़ों को दोबारा पहनना पसंद नहीं करते हैं। अगर आप कुछ ऐसा ट्राई करना चाहते हैं, जिससे आपका लुक काफी अच्छा लगे। तो आप व्हाइट कलर वाले अनारकली कुर्ते ट्राई कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ व्हाइट कलर वाले अनारकली कुर्ते के बारे में बताने जा रहे हैं।

**चिकनकारी अनारकली कुर्ता**

आप इस गर्मी में चिकनकारी अनारकली कुर्ती ट्राई कर सकती हैं। यह कुर्ती पहनने के बाद काफी अच्छी लगती है। हालांकि इस तरह की कुर्ती में आपको घेर थोड़ा सा कम मिलेगा। लेकिन इस कुर्ती में आपको पूरे में वर्क मिलेगा। इससे यह कुर्ती काफी अच्छी लगेगी। आप इस तरह की कुर्ती को प्लेन पैंट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। वहीं आप प्रिंटेड पैंट के साथ भी यह कुर्ती कैरी कर सकती हैं। आप 300-800 रुपए में मार्केट से इस तरह की कुर्ती मिल जाएगी।

**अंगरखा स्टाइल अनारकली कुर्ता**

अगर आप अपने लुक को क्रिएटिव बनाना चाहती हैं, तो आप अंगरखा स्टाइल अनारकली कुर्ती वियर कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग से लेकर शॉर्ट कुर्ती के पैटर्न मिल जाएंगे। आप इसमें कॉन्ट्रास्ट कलर पैटर्न भी ले सकती हैं। इस तरह की कुर्ती के साथ आ व्हाइट बॉटम या फिर जींस स्टाइव कर सकती हैं। इससे आपके लुक में चार चांद लग जाएंगे। मार्केट में आपको 400-900 रुपए तक में इस तरह की कुर्ती मिल जाएगी।

**लॉन्ग स्ट्रेट व्हाइट चिकनकारी कुर्ती**



अगर आप ऑफिस या फिर बाहर घूमने जाने के लिए कैजुअल लुक क्रिएट करना चाहती हैं। तो आपको लॉन्ग स्ट्रेट व्हाइट चिकनकारी कुर्ती स्टाइल करना चाहिए। इस तरह की कुर्ती पहनने के बाद काफी अच्छी लगती हैं। वहीं आपको इस पूरी कुर्ती में चिकनकारी वर्क वाला डिजाइन मिलेगा। मार्केट में आपको 200-500 रुपए में आसानी से मिल जाएगी।

## चेहरे की खूबसरती बरकरार रखने में फायदेमंद हो सकती है फिटकरी



चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। गर्मी में छोटी-मोटी परेशानियां चेहरे की खूबसूरती को कम कर सकती हैं। आप इन समस्याओं से बचने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं फिटकरी भी फेस के लिए फायदेमंद हो सकती है।

चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन गर्मियों में स्किन का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि गर्म हवाओं की वजह से फेस पर अलग-अलग तरह की परेशानियां हो सकती हैं। जिससे महिलाएं परेशान हो जाती हैं। वहीं अगर आपको गर्मी के मौसम में स्किन प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ रहा है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। दरअसल, आप घर पर ही अपनी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बना सकती हैं।

चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। गर्मी में छोटी-मोटी परेशानियां चेहरे की खूबसूरती को कम कर सकती हैं। आप इन समस्याओं से बचने के लिए फिटकरी का इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं फिटकरी भी फेस के लिए फायदेमंद हो सकती है।

**फिटकरी से बनाएं टोनर**

ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें, तो आप फिटकरी से टोनर भी बना सकती हैं। इसके लिए फिटकरी को एक कंटेनर में डाल दें। अब इसमें थोड़ा सा पानी डालकर कुछ देर के लिए रख दें। अब इस पानी को स्प्रे बॉटल में छानकर भर लें। फिर इस पानी से फेस पर स्प्रे करके इस्तेमाल करें। इसको फेस पर स्प्रे करने के बाद हल्के हाथों से मसाज करें।

**ऐसे बनाएं फेस पैक**

आप फिटकरी की सहायता से घर पर फेसपैक बनाकर इस्तेमाल कर सकती हैं। फेस पैक बनाने के लिए एक कंटेनर में सबसे पहले थोड़ा सा फिटकरी पाउडर लें। अब इसमें हनी मिक्स करें और राइस फ्लोर मिक्स करें। अब इसमें रोज वॉटर डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इस तरह से फेस पैक बनकर तैयार हो जाएगा।

**इन बातों का रखें ध्यान**

इसको फेस पर अप्लाई करके 20 मिनट के लिए छोड़ दें। इससे आपकी त्वचा ग्लोइंग हो सकती है और डार्क स्पॉट्स भी हल्के हो सकते हैं। फेस पर इसको अप्लाई करने से पहले चेहरे को अच्छे से धोकर सुखा लें। चेहरा धोने के बाद ही फिटकरी का इस्तेमाल करें।

## राजस्थानी लहरिया साड़ियों में मिलेगा ट्रेडिशनल लुक, वार्डरोब में जरूर करें शामिल



वेडिंग फंक्शन में पहनने के लिए आप राजस्थानी लहरिया प्रिंट वाली साड़ी को खरीद सकती हैं। यह आपको पारंपरिक लुक देने का काम करती है। इस साड़ी को पहनने के बाद आपका लुक काफी अलग नजर आएगा। राजस्थानी लहरिया साड़ी रंग-बिरंगे पैटर्न और पारंपरिक आकर्षण के लिए जानी जाती हैं।

भारतीय महिलाओं का सबसे पसंदीदा और खास पहनावा साड़ी होता है। इसको आप हर मौके पर कैरी कर सकती हैं। वहीं आजकल वेस्टर्न कल्चर में भी साड़ी को काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। साड़ी में कई तरह के डिजाइन और पैटर्न देखने को मिल जाते हैं। जिसको आप अपनी पसंद के हिसाब से सेलेक्ट कर सकती हैं। साड़ी में महिला का लुक परफेक्ट आता है। अगर आपको भी साड़ी पहनना पसंद है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके लिए कुछ न्यू डिजाइन वाली साड़ी लेकर आए है। जिनको आप हर मौके पर पहन सकती हैं। वेडिंग फंक्शन में पहनने के लिए आप राजस्थानी लहरिया प्रिंट वाली साड़ी को खरीद सकती हैं। यह आपको पारंपरिक लुक देने का काम करती है। इस साड़ी को पहनने के बाद आपका लुक काफी अलग नजर आएगा। राजस्थानी लहरिया साड़ी रंग-बिरंगे पैटर्न और पारंपरिक आकर्षण के लिए जानी जाती हैं।

**जॉर्जेट राजस्थानी लहरिया साड़ी**

अगर आप सिंपल और एलिगेंट लुक पाना चाहती हैं, तो आपको जॉर्जेट राजस्थानी लहरिया साड़ी पहननी चाहिए। छोटे फंक्शन के लिए यह साड़ी परफेक्ट है। पर्पल कलर की लहरिया साड़ी का बॉर्डर गोल्डन रखा गया है। वहीं इस तरह की साड़ी के साथ हैवी ब्लाउज काफी अच्छा लगेगा। इसके साथ आप गोल्डन ज्वेलरी और बन हेयर स्टाइल से अपना लुक कंप्लीट कर सकती हैं।

**गोटा वर्क राजस्थानी लहरिया साड़ी**

ज्यादातर राजस्थानी लहरिया साड़ी में आपको गोटा वर्क जरूर देखने को मिलता है। यह साड़ी में रॉयल टच देने का काम करता है। वेडिंग फंक्शन के अलावा त्योहारों पर भी ऐसी साड़ियां खूब पहनी जाती हैं। पिंक कलर की इस साड़ी का बॉर्जर गोटा वर्क से कवर है। इस तरह की साड़ी के साथ प्लेन स्लीवलेस ब्लाउज कैरी कर आप क्लासी लुक पा सकती हैं। लहरिया साड़ी के साथ आप सिल्वर पेंडेंट नेकलेस और मैचिंग की झुमकी जरूर पहनें।

**जरी वर्क लहरिया साड़ी**

वेडिंग फंक्शन में अगर आप ट्रेडिशनल अंदाज में नजर आना चाहती हैं, तो आपको अपनी वार्डरोब में जरी वर्क राजस्थानी लहरिया प्रिंट साड़ी को जरूर शामिल करना चाहिए। यह साड़ी आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगी। इस येलो और रेड कॉम्बिनेशन वाली साड़ी के बॉर्डर पर और बीच-बीच में जरी वर्क किया गया है। इस साड़ी के साथ आप वन फोर्थ स्लीव्स का प्लेन ब्लाउज पहन सकती हैं। वहीं स्लीक का नेकलेस और लूज बन आपका लुक कंप्लीट करेगा।

## गर्मियों में विटामिन ई कैप्सूल का इस तरह से करें इस्तेमाल, चेहरे पर आएगा जबरदस्त निखार

आज हम आपको विटामिन ई कैप्सूल के इस्तेमाल के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे फेस पर होने वाली समस्याएं कम हो सकती हैं। अगर हमारे फेस पर एक भी फूंसी हो जाए, तो इससे फेस की खूबसूरती पर असर पड़ता है।

जैसे-जैसे गर्मियों का मौसम शुरू हो रहा है, वैसे-वैसे महिलाओं को स्किन संबंधी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। अगर आप भी गर्मी में स्किन प्रॉब्लम से परेशान रहती हैं, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आज हम आपको विटामिन ई कैप्सूल के इस्तेमाल के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे फेस पर होने वाली समस्याएं कम हो सकती हैं। अगर हमारे फेस पर एक भी फूंसी हो जाए, तो इससे फेस की खूबसूरती पर असर पड़ता है। अगर आप भी गर्मियों के मौसम में होने वाली परेशानियों से राहत पाना चाहती हैं, तो आप विटामिन ई कैप्सूल की मदद से फेस की खूबसूरती को बरकरार रख सकती हैं।

**फायदेमंद**

**ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें, तो विटामिन ई कैप्सूल त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है। लेकिन आपको डायरेक्ट इसे अपने फेस पर इस्तेमाल करने से बचना चाहिए।**

ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें, तो विटामिन ई कैप्सूल त्वचा के लिए



बेहद फायदेमंद हो सकता है। लेकिन आपको डायरेक्ट इसे अपने फेस पर इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। विटामिन ई कैप्सूल को फेस पैक में शामिल करके लगा सकती हैं। इसके लिए आप घर पर फेस पैक बना सकती हैं।

**ऐसे बनाएं विटामिन ई से फेस पैक**

विटामिन ई से फेस पैक बनाने की लिए सबसे पहले एक कंटेनर में चावल का आटा निकाल लें। फिर इसमें विटामिन ई कैप्सूल और थोड़ा सा एलोवेरा जेल मिला लें। अब इस पेस्ट में गुलाब जल मिलाएं और 20 मिनट तक फेस पर अप्लाई करें। इसके बाद साफ पानी से चेहरा धो लें।

**इन बातों का रखें खास ध्यान**

बता दें कि विटामिन ई से बना यह फेस पैक आप सप्ताह में दो से तीन बार तक इस्तेमाल कर सकती हैं।

इससे आपको काफी फर्क देखने को मिलेगा। हालांकि ध्यान रखें कि इस पेस्ट का इस्तेमाल करने से पहले अपने फेस को अच्छे से धोकर सुखा लें और फिर इस फेस पैक को अप्लाई करें।

## अपनी स्किन टाइप के अनुसार चुनें ओवरनाइट रिपेयर मास्क, मिलेगा भरपूर पोषण

अगर आपकी स्किन रूखी है तो आप शहद, नारियल तेल व एलेवेरा जेल की मदद से मास्क बना सकती हैं। शहद एक प्राकृतिक नमी प्रदान करने वाला पदार्थ है, नारियल तेल गहरी नमी प्रदान करता है, और एलोवेरा रूखी स्किन को आराम



पहुंचाता है।

हम सभी की स्किन अलग होती है और यही वजह है कि हम सभी को अपनी स्किन टाइप का ख्याल रखते हुए सही प्रोडक्ट्स का चयन करते हैं। लेकिन बार-बार महंगे स्टोर-बॉट उत्पादों पर निर्भर रहना भी अच्छा नहीं माना जाता है, क्योंकि कहीं ना कहीं इससे आपकी जेब पर अतिरिक्त जोर पड़ता है। ऐसे में सबसे अच्छा होता है कि आप कुछ होममेड व नेचुरल तरीकों का सहारा लें। अगर आप अपनी स्किन की बेहतर तरीके से केयर करना चाहते हैं तो ऐसे में ओवरनाइट रिपेयर मास्क इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है।

जब आप ओवरनाइट रिपेयर मास्क का इस्तेमाल कर रही हैं तो ऐसे में आप अपनी स्किन टाइप का खास ख्याल रखें। इन ओवरनाइट हेयर मास्क को बनाना काफी आसान होता है और आप सोते-सोते ही अपनी स्किन का बेहतर तरीके से ख्याल रख पाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ ओवरनाइट रिपेयर मास्क के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप अपनी स्किन टाइप के अनुसार इस्तेमाल कर सकते हैं-

**रूखी त्वचा के लिए ओवरनाइट मास्क**

अगर आपकी स्किन रूखी है तो आप शहद, नारियल तेल व एलेवेरा जेल की मदद से मास्क बना सकती हैं। शहद एक प्राकृतिक नमी प्रदान करने वाला पदार्थ है, नारियल तेल गहरी नमी प्रदान करता है, और एलोवेरा रूखी स्किन को आराम पहुंचाता है।

**आवश्यक सामग्री-**

1 बड़ा चम्मच शहद

1 बड़ा चम्मच नारियल तेल

1 बड़ा चम्मच एलोवेरा जेल

मास्क बनाने का तरीका-

शहद, नारियल तेल और एलोवेरा जेल को एक साथ मिलाएं।

इस मिश्रण को अपने साफ चेहरे पर लगाएं।

इसे रात भर लगा रहने दें और सुबह गुनगुने पानी से धो लें।

ऑयली स्किन के लिए मास्क

ऑयली स्किन के लिए नींबू, दही व शहद की मदद से ओवरनाइट मास्क बनाएं। नींबू का रस तेल को नियंत्रित करता है, जबकि दही स्किन को हाइड्रेट करती है। शहद जीवाणुरोधी एजेंट की तरह काम करता है।

**आवश्यक सामग्री-**

1 बड़ा चम्मच नींबू का रस

1 बड़ा चम्मच दही

1 छोटा चम्मच शहद

**मास्क बनाने का तरीका-**

नींबू का रस, दही और शहद को मिलाकर चिकना पेस्ट बनाएं।

मास्क को अपने चेहरे पर लगाएं, लेकिन इसे आंखों के आस-पास न लगाएं।

इसे रात भर लगा रहने दें, और सुबह ठंडे पानी से धो लें।

सेंसेटिव स्किन के लिए मास्क

अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो आप ओटमील और शहद की मदद से मास्क बनाएं। ओटमील जलन को शांत करता है, जबकि शहद स्किन को नमी देता है।

**आवश्यक सामग्री-**

1 बड़ा चम्मच ओटमील (पाउडर में पिसा हुआ)

1 बड़ा चम्मच शहद

1 बड़ा चम्मच कैमोमाइल चाय (ठंडी)

**मास्क बनाने का तरीका-**

ओटमील, शहद और कैमोमाइल चाय को मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें।

चेहरे पर लगाएं और रात भर के लिए छोड़ दें।

सुबह ठंडे पानी से धो लें।



## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के लिए कांग्रेस ने नहीं दिया था थरूर का नाम



**नई दिल्ली।** सरकार पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आक्रामक राजनयिक अभियान के तहत वैश्विक मंच पर भारत के पक्ष को मजबूती से रखने और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बेनकाब करने के लिए अगले सप्ताह से विभिन्न देशों में कई बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजेगी। वैश्विक मंच पर भारत के पक्ष को मजबूती से रखने और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को बेनकाब करने के लिए अगले सप्ताह सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों का दौरा करेगा। इन सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में शामिल सांसदों में सबसे अधिक चर्चा कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नाम की हो रही है। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की एक टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी पर सांसद शशि थरूर ने खुशी जताई है। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भी एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, भारत सरकार ने हालिया घटनाओं पर देश का पक्ष रखने के लिए पांच प्रमुख देशों की यात्रा के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का जो न्योता मुझे दिया है, उससे मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब बात देशहित की हो और मेरी सेवाओं की जरूरत हो, तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। जय हिंद! थरूर के बयान के इतर कांग्रेस ने सरकार पर आरोप लगाया है कि जो पार्टी की ओर से नाम दिए गए थे। उनमें थरूर का नाम नहीं हैं। कांग्रेस ने प्रतिनिधिमंडलों के लिए अपने चार नेताओं आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम सरकार को दिए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश का कहना है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू को पत्र लिखकर ये नाम दिए।

# टीएमसी सांसद ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने से किया इनकार

**सांसद**

**सरकार सात प्रतिनिधिमंडलों को अलग-अलग देशों के दौरे पर भेजेगी, जिसके हर प्रतिनिधिमंडल में छह से सात सांसद होंगे।**



**नई दिल्ली।** सरकार का कहना है कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को दुनिया के सामने रखेंगे। वे दुनिया के सामने आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टोलेरेंस की नीति का मजबूत संदेश लेकर जाएंगे। सरकार ने टीएमसी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय को सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने का निमंत्रण दिया था, लेकिन टीएमसी सांसद ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया। गौरतलब है कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलेरेंस की नीति, पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के पक्ष को दुनिया के देशों के सामने रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का एलान किया है। सरकार सात प्रतिनिधिमंडलों को अलग-अलग देशों के दौरे पर भेजेगी, जिसके हर प्रतिनिधिमंडल में छह से सात सांसद होंगे। टीएमसी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने अपने इनकार की वजह बताते हुए कहा कि मुझे संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू और विदेश मंत्रालय की तरफ से कॉल आई थी और मुझे अमेरिका जाने को कहा गया था, लेकिन मैंने उन्हें बताया कि मैं स्वास्थ्य कारणों से नहीं जा सकूंगा। संसदीय कार्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद से निपटने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ दृष्टिकोण को दुनिया के सामने रखेंगे। वे दुनिया के सामने आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टोलेरेंस की नीति का मजबूत संदेश लेकर जाएंगे।

सात प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जो सांसद करेंगे, उनमें भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद, बैजयंत पांडा, कांग्रेस सांसद शशि थरूर, जदयू सांसद संजय झा, डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि, एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले, शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे शामिल हैं। संसदीय कार्य मंत्रालय ने बताया कि हर प्रतिनिधिमंडल में राजनयिकों को भी शामिल किया जाएगा।

शशि थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल को अमेरिका भेजा जा सकता है। अमेरिका दुनिया की सबसे ताकतवर आवाज है। इसके आधार पर कहा जा सकता है कि शशि थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल को सबसे अहम जिम्मेदारी मिली है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल को सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, अल्जीरिया भेजा जा सकता है।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ की देशवासियों से अपील- सोच-समझकर ही किसी देश से व्यापार या पर्यटन करें



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों से अपील की है कि वे सोच-समझकर ही किसी देश से व्यापार या पर्यटन करें। भारत के खिलाफ काम करने वाले देशों को किसी भी रूप में आर्थिक मदद न दी जाए यही समय की मांग है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि भारतीय लोग ऐसे देशों की अर्थव्यवस्था को मदद नहीं दे सकते जो भारत के हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं। इसका मतलब यह है कि हमें ऐसे देशों से सामान खरीदने (आयात) या वहां घूमने (पर्यटन) से बचना चाहिए जो भारत विरोधी रुख अपनाते हैं। उनका यह बयान उस समय आया है जब तुर्किये और अजरबैजान के खिलाफ व्यापार और पर्यटन का बहिष्कार चल रहा है। इन दोनों देशों ने हाल ही में पाकिस्तान का साथ दिया, जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया था।

## सीसीपी नेताओं से राहुल गांधी की मुलाकात पर भाजपा ने उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** मालवीय ने दावा किया कि सीसीपी प्रतिनिधिमंडल ने सुझाव दिया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार को भी शांति वार्ता के लिए संघर्षविराम के लिए जोर लगाना चाहिए। राहुल गांधी ने भी कथित तौर पर इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है। राहुल गांधी ने हाल ही में कॉर्डिनेशन कमेटी फॉर पीस के सदस्यों से मुलाकात की। भाजपा ने इस पर सवाल उठाए हैं। भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में राहुल गांधी के सीसीपी नेताओं से मुलाकात पर शंका जाहिर की। उन्होंने लिखा कि ऐसे समय में जब भारत नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है, ऐसे में राहुल गांधी का माओवादी समूह के शुभचिंतकों से मिलना, परेशान करने वाला है। अमित मालवीय ने लिखा कि सुरक्षाबल नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन कगार चला रहे हैं, जिसमें सीपीआई (माओवादी) कैडर को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। ऐसे में कथित शांति समन्वय समिति (कॉर्डिनेशन कमेटी फॉर पीस) द्वारा कांग्रेस के समर्थन से सुरक्षाबलों और माओवादी उग्रवादियों के बीच संघर्ष विराम की कोशिश की जा रही है। सीसीपी के प्रतिनिधिमंडल ने 9 मई को नई दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात की। सीसीपी प्रतिनिधिमंडल का आरोप है कि सरकार माओवादी विरोधी ऑपरेशन के जरिए आदवासी समुदाय को निशाना बना रही है। उन्होंने राहुल गांधी से दखल देने और संघर्षविराम कराने की अपील की है।

मालवीय ने दावा किया कि सीसीपी प्रतिनिधिमंडल ने सुझाव दिया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार को भी शांति वार्ता के लिए संघर्षविराम के लिए जोर लगाना चाहिए। राहुल गांधी ने भी कथित तौर पर इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है। भाजपा नेता बताया कि सीसीपी के प्रतिनिधिमंडल में कविता श्रीवास्तव, रिटायर्ड प्रोफेसर जी हरगोपाल, रिटायर्ड जस्टिस चंद्र कुमार, भारत बचाओ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. एमएफ गोपीनाथ, झारखंड जन अधिकार महासभा के दिनेश मुर्मू और लेखक मीना कांदासामी शामिल हैं। अमित मालवीय ने दावा किया कि यह शांति समन्वय समिति हाल ही में दिल्ली में गठित की गई और इसका उद्देश्य सरकार और सीपीआई नेतृत्व के बीच शांति वार्ता कराना है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने सवाल उठाते हुए पूछा कि मिस्टर गांधी, जब हमारे सुरक्षाबल अपनी जान की बाजी लगाकर हिंसक उग्रवाद को तबाह करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में आप उनका साथ दे रहे हैं। आप वास्तर में किसकी तरफ हैं? देश को रक्षकों की तरफ या प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन की तरफ। आपकी क्या प्राथमिकताएं हैं।

## ओडिशा में आकाशीय बिजली गिरने से नौ लोगों की मौत, कई घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से नौ लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए है। बता दें कि, मौसम विभाग ने पहले ही राज्य में आंधी-तूफान के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की थी। ओडिशा के अलग-अलग जिलों में शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जिनमें छह महिलाएं शामिल हैं। राज्य में तेज बारिश और आंधी-तूफान के बीच यह हादसे हुए। कुछ लोग घायल भी हुए हैं। जानकारी के मुताबिक. कोरापुट जिले के पारिडिगुड़ा गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। ये लोग खेत में काम कर रहे थे और बारिश के कारण एक अस्थायी झोपड़ी में छिपे थे। तभी झोपड़ी पर बिजली गिर गई। वहीं जाजपुर जिले के धरमशाला इलाके में तेज आंधी और बारिश के दौरान तारे हेम्ब्रम और तुकुलू चत्तर नाम के दो बच्चों की मौत हो गई।

# एक के बाद एक सैन्य नुकसान कबूल रहा पाकिस्तानः विमान गिरा, एयरबेस पर तबाही

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को कितने नुकसानों की बात सामने आ चुकी है? कैसे एक के बाद एक पाकिस्तान सरकार, उसकी सेना और नागरिकों ने तबाही को लेकर खुद खुलासे किए हैं? भारत को लेकर उसने खुद कौन से दावों को झूठा करार दिया? इसके अलावा कैसे पाकिस्तान के मंत्री ने खुद आतंकवाद को पनाहगाह होना कबूल किया? आइये जानते हैं...

भारत की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस सटीकता के साथ पहले आतंकी ठिकानों और फिर पाकिस्तान के एयरबेसों को निशाना बनाया गया, उसकी तस्दीक अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों से लेकर मीडिया समूह तक करने में जुटे हैं। सबूतों के इस भारी दबाव में खुद पाकिस्तान भी दबा नजर आ रहा है। शुरुआती दौर में भले ही उसने अपने सैन्य नुकसान की बात छिपाई हो, लेकिन अपनी कुछ हरकतों और कबूलनामे से एक के बाद एक उसकी क्षति सामने आ रही है।

पाकिस्तान ने भले ही अपनी हानि को छिपाने के लिए भारत के बेसेज में तबाही की झूठी खबरें फैलाई हों, लेकिन सैटेलाइट तस्वीरों ने पूरे घटनाक्रम की पोल खोल कर रख दी। इस बीच यह जानना अहम है कि आखिर पाकिस्तान को कितने नुकसानों की बात सामने आ चुकी है? कैसे एक के बाद एक पाकिस्तान सरकार, उसकी सेना और नागरिकों ने तबाही को लेकर खुद खुलासे किए हैं? भारत को लेकर उसने खुद कौन से दावों को झूठा करार दिया? इसके अलावा

**पोल**

**पाकिस्तान ने भले ही अपनी हानि को छिपाने के लिए भारत के बेसेज में तबाही की झूठी खबरें फैलाई हों, लेकिन सैटेलाइट तस्वीरों ने पूरे घटनाक्रम की पोल खोल कर रख दी।**

कैसे पाकिस्तान के मंत्री ने खुद आतंकवाद को पनाहगाह होना कबूल किया? आइये जानते हैं... पाकिस्तान लगातार कह रहा है कि भारत की सैन्य कार्रवाई से उसके




सैन्य ठिकानों और वायु रक्षा प्रणालियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। भारत लगातार पाकिस्तान के झूठ का पर्दाफाश कर रहा है। अब पाकिस्तान के ही पूर्व एयर मार्शल ने कबूल किया है कि भारत की ब्रह्मोस मिसाइल ने उनके देश में तबाही मचाई। एक टीवी इंटरव्यू में पाकिस्तान के पूर्व एयर मार्शल मसूद अख्तर ने कहा कि 10 मई को भारतीय सेना ने लगातार चार ब्रह्मोस मिसाइलें दागीं। ये सतह से सतह पर थीं या हवा से सतह पर मुझे इसकी जानकारी नहीं है। हमारे पायलट अपने जहाजों को सुरक्षित करने के लिए दौड़े। पहली, फिर दूसरी, तीसरी एक के बाद एक मिसाइलें आती रहीं। चौथी मिसाइल भोलारी एयरबेस के हैंगर से टकराई और ध्वस्त क्षतिग्रस्त हो गया।

## शांति वार्ता टूटते ही रूस ने यूक्रेन पर किया बड़ा ड्रोन हमला, नौ लोगों की मौत

**चर्चा**

**यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फ्रांस, जर्मनी, यूके और पोलैंड के नेताओं के साथ बातचीत पर चर्चा की।**



**कीव।** वहीं अभी तक रूस की ओर से इस पर कोई टिप्पणी नहीं की गई। सुमी क्षेत्रीय प्रशासन ने मैसेजिंग ऐप पर एक पोस्ट में कहा, यह रूस की तरफ से किया गया एक और युद्ध अपराध है - नागरिक परिवहन पर जानबूझकर किया गया हमला, जिससे कोई खतरा नहीं था। यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी सुमी क्षेत्र में शनिवार को एक रूसी ड्रोन ने यात्री बस को निशाना बनाते हुए हमला किया। जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह हमला मॉस्को और कीव के बीच वर्षों में पहली बार हुई सीधी शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुआ, जिसमें युद्धविराम नहीं हो सका। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को यूक्रेन के उत्तरपूर्वी सुमी क्षेत्र में एक रूसी ड्रोन ने एक यात्री बस पर हमला किया, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यह हमला मॉस्को और कीव के बीच वर्षों में पहली प्रत्यक्ष शांति वार्ता के कुछ ही घंटों बाद हुआ, जिसमें युद्धविराम नहीं हो सका। यूक्रेन की राष्ट्रीय पुलिस ने रूस के साथ अग्रिम पंक्ति और सीमा से लगभग 10 किलोमीटर दूर सुमी के बिलोपिलिया शहर में हमले के बाद की तस्वीरें जारी कीं। अस्थायी युद्धविराम पर पहुंचने के प्रयास में शुक्रवार को रूसी और यूक्रेनी अधिकारियों ने तुर्किये में मुलाकात की, लेकिन वार्ता दो घंटे से भी कम समय में बिना किसी सफलता के समाप्त हो गई। फरवरी 2022 में मॉस्को की तरफ से यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के शुरुआती हफ्तों के बाद से यह दोनों पक्षों के बीच पहली आमने-सामने की बातचीत थी। और जबकि दोनों पक्ष एक बड़े कैदी की अदला-बदली पर सहमत हुए, वे स्पष्ट रूप से लड़ाई को समाप्त करने के लिए महत्वपूर्ण शर्तों पर एक दूसरे से बहुत दूर रहे। यूक्रेन के लिए ऐसी ही एक शर्त, जिसे उसके पश्चिमी सहयोगियों का समर्थन प्राप्त है, एक शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में पहला कदम के रूप में एक अस्थायी युद्धविराम है। क्रेमलिन ने इस तरह के युद्धविराम के खिलाफ विरोध किया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फ्रांस, जर्मनी, यूके और पोलैंड के नेताओं के साथ बातचीत पर चर्चा की। अल्बानिया में यूरोपीय नेतृत्व की बैठक से एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने मॉस्को के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों का आग्रह किया, अगर वह पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम और हत्याओं को समाप्त करने को अस्वीकार करता है। इस्तांबुल में, कीव और मॉस्को ने दोनों प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के अनुसार, 1,000 युद्धबंदियों की अदला-बदली करने पर सहमति व्यक्त की, जो उनकी सबसे बड़ी ऐसी अदला-बदली होगी।

# ट्रंप ने सातवीं बार कहा- भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर अमेरिकी प्रशासन की सफलता

**न्यूयॉर्क।** नौ पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने वाली भारतीय सेना की कार्रवाई के बाद बीते 10 मई से भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम है। इस मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार गलत बयानी कर रहे हैं। उन्होंने बीते आठ दिनों में सातवीं बार कहा है कि दोनों देशों के बीच सीजफायर अमेरिकी प्रशासन की सफलता है। बता दें कि भारत कई बार इन बयानों का खंडन कर चुका है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को अपने प्रशासन की बड़ी सफलता बताया। उन्होंने कहा, दोनों पड़ोसियों के बीच गुस्से का स्तर अच्छी बात नहीं थी। ट्रंप ने कहा, जो हुआ उससे हम बहुत खुश हैं और मुझे उम्मीद है कि यह जारी रहेगा। ट्रंप ने खाड़ी देशों की अपनी यात्रा से वाशिंगटन लौटते समय एयर फोर्स वन में प्रेस से बातचीत के दौरान यह बातें कहीं।

**प्रशासन**

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर को अपने प्रशासन की बड़ी सफलता बताया।**

10 मई के बाद यह सातवीं बार है, जब ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका ने नई दिल्ली व इस्लामाबाद के बीच सीजफायर करवाया। क्षेत्र की अपनी चार दिनी यात्रा के दौरान सऊदी अरब,



कतर और संयुक्त अरब अमीरात का दौरा करने वाले ट्रंप ने गुरुवार को दोहा, कतर में अल उदीद एयर बेस पर अमेरिकी सैनिकों को संबोधित करते हुए अपने दावे को दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का समाधान करने में मदद की।

अल उदीद एयर बेस मध्य पूर्व / पश्चिम एशिया में अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है। वहीं, अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बार फिर से कहा कि वह भारत-पाकिस्तान के बीच सीधी वार्ता को प्रेरित करना चाहता है।

विदेश विभाग के मुख्य उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बृहस्पतिवार को कहा, देखिए, हम सीजफायर को देखकर खुश हैं। पिछले कुछ दिनों से हम यही कह रहे हैं, और हम दोनों पक्षों के बीच सीधी बातचीत को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। हम इस मामले में स्पष्ट हैं।

यह भी दिलचस्प है कि बीते कई दिनों से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर का श्रेय लेने में जुटे थे। हालांकि, 15 मई को उन्हें इससे पलटी मार दी।

इसके बाद से ही भारत समेत दुनिया भर के कई देश उनकी विश्वसनीयता पर ही सवाल उठाने लगे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के पास पहुंचा ट्रंप प्रशासन, लाखों सरकारी कर्मचारियों की छंटनी पर लगी रोक हटाने की अपील



**वॉशिंगटन।** अब ट्रंप प्रशासन ने और व्यापक स्तर पर कर्मचारियों की छंटनी के लिए सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मांगी है। फरवरी में जारी एक कार्यकारी आदेश के तहत कई एजेंसियां बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की कटौती करना चाहती हैं। इसी आदेश के तहत अब लगभग 17 एजेंसियों में करीब 40 छंटनी प्रक्रियाएं रोकी गई हैं।

अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि वह उसे तुरंत हजारों संघीय फेडरल कर्मचारियों की छंटनी करने की अनुमति दे। यह जानकारी पोलिटिको की रिपोर्ट में सामने आई है। ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को आपातकालीन अपील के तहत सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया कि वह निचली अदालत लोअर कोर्ट के उस आदेश को रद्द करे, जिसने फिलहाल इन छंटनियों पर रोक लगा रखी है। यह अपील ट्रंप प्रशासन की उस योजना का हिस्सा है, जिसके तहत वह फेडरल कर्मचारियों की संख्या को कम करना चाहता है।

इससे पहले अप्रैल में भी सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन को मदद दी थी। तब उसने निचली अदालत के उस फैसले को पलटा था, जिसमें छह मंत्रालयों के प्रोबेशनरी प्रशिक्षु कर्मचारियों की छंटनी पर रोक लगाई गई थी। पिछले सप्ताह अमेरिकी जिला न्यायाधीश सुसन इल्सटन, जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने नियुक्त किया था, ने ट्रंप प्रशासन को इन छंटनियों से रोक दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसे मामलों में लागू कानूनी और प्रक्रिया संबंधी नियमों का पालन नहीं किया है। विशेष रूप से यह ध्यान देना जरूरी है कि कोई कर्मचारी कितने समय से उस एजेंसी में काम कर रहा है। इल्सटन ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति इतने बड़े स्तर पर सरकारी पुनर्गठन अकेले नहीं कर सकते, इसके लिए उन्हें संसद का सहयोग चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि ट्रंप ने पहले भी कांग्रेस से इसी तरह की योजनाओं के लिए कानून पारित करने की अपील की थी।

सुप्रीम कोर्ट में अपील करते हुए, अमेरिका के सॉलिसिटर जनरल जॉन सॉयर ने कहा कि इल्सटन का आदेश राष्ट्रपति की कानूनी अधिकारों में हस्तक्षेप है। उन्होंने लिखा, इस आदेश की वजह से कई एजेंसियों में चल रही छंटनी प्रक्रियाएं रुक गई हैं, जिससे सरकार को हजारों कर्मचारियों को जबरन बनाए रखना पड़ रहा है, जबकि एजेंसियों का मानना है कि उनकी सेवाएं सरकार और जनता के हित में नहीं हैं।

# भीषण तूफानों ने अमेरिका के मिडवेस्ट में मचाई तबाही, मिसौरी में सात की मौत

**मिसौरी।** अमेरिका के मिडवेस्ट इलाकों में भीषण तूफानों ने भारी तबाही मचाई है। वहीं मिसौरी में सात लोगों की और सेंट लुइस में पांच लोगों की मौत हुई है। इन तूफानों का असर विस्कॉन्सिन, ग्रेट लेक्स क्षेत्र और टेक्सास तक देखने को मिला है। फिलहाल प्रशासन ने लोगों से घर में ही रहने की अपील की है।

अमेरिका के मिडवेस्ट क्षेत्र में शुक्रवार को आए भीषण तूफानों और एक संभावित बवंडर ने भारी तबाही मचाई। मिसौरी राज्य में कम से कम सात लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। वहीं राहत और बचाव दल इमारत-दर-इमारत जाकर फंसे और घायल लोगों को खोजने में जुटे हैं। इस तूफानी मौसम का असर मिसौरी के साथ-साथ विस्कॉन्सिन, ग्रेट लेक्स क्षेत्र और टेक्सास तक भी देखने को मिला। टेक्सास में भीषण गर्मी पड़ रही है, वहीं ग्रेट लेक्स क्षेत्र शुक्रवार रात तक बिजली के बिना रहे। उन्होंने कहा, यह वाकई बहुत भयानक स्थिति है। प्रशासन ने आपातकाल घोषित करने की प्रक्रिया



में लाखों लोगों की बिजली गुल हो गई है। सेंट लुइस शहर की मेयर कारा स्पेंसर ने बताया कि शहर में पांच लोगों की मौत हुई है और करीब 5,000 घरों को नुकसान पहुंचा है। लगभग एक लाख लोग शुरू कर दी है और सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में शुक्रवार रात कर्फ्यू लगा दिया गया। बार्न्स यहूदी अस्पताल की प्रवक्ता लॉरा हाई ने बताया कि वहां तूफान से घायल होकर 20 से 30 लोग पहुंचे थे, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर थी, लेकिन अधिकतर को शुक्रवार रात तक छुट्टी दे दी गई। वहीं, सेंट लुइस चिल्ड्रेन हॉस्पिटल में 15 बच्चे भर्ती कराए गए, जिनमें से दो को हफ्ते के अंत तक अस्पताल में ही रहना होगा।

नेशनल वेदर सर्विस के अनुसार, दोपहर 2ः30 से 2ः50 के बीच एक संभावित टॉर्नाडो सेंट लुइस के क्लेटन क्षेत्र में आया। यह फॉरेस्ट पार्क से गुजरा, जो कि शहर का प्रसिद्ध पार्क है और जहां 1904 की वर्ल्ड फेयर और ओलंपिक गेम्स हुए थे।

सेंटेनियल क्रिश्चियन चर्च में तूफान के दौरान दीवार गिर गई, जिससे तीन लोगों को बचाया गया। उनमें से एक महिला की मौत हो गई। मृतक का नाम पैट्रीशिया पेनलटन बताया गया है, जो चर्च की सक्रिय सदस्य थीं और गाना गाने वाले समूह में भी शामिल थीं। चर्च के सामने रहने वाले जेफ्री सिमंस सीनियर ने बताया कि मोबाइल पर चेतावनी आने के तुरंत बाद बिजली चली गई और तेज हवा चलने लगी। वह और उनका भाई तुरंत तहखाने में चले गए। बाद में उन्होंने देखा कि सब कुछ बर्बाद हो गया था।

यूनिवर्सिटी ऑफ मिसौरी-सेंट लुइस के छात्र जॉन रेंडल अपनी दोस्त के साथ सेंट लुइस आर्ट म्यूजियम में थे। तूफान के समय उन्हें और करीब 150 अन्य लोगों को तहखाने में भेज दिया गया। उन्होंने बताया, हमने खिड़कियों पर टहनियों और ओलों की आवाज सुनी। जब मैं ऊपर गया तो देखा दरवाजे उड़ रहे थे और लोग भाग रहे थे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनी लोगों की जनसमस्याएं

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में तहसील बदलापुर के सभागार में और कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने गम्भीरता पूर्वक समस्याओं को सुनते हुए सम्बधित अधिकारियो को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने समस्त लेखपालों को प्रत्येक गांव में पांच फार्मर रजिस्ट्री बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कानूनगों का वेतन तभी आहरित होगा जब वे एक महीने में न्यूनतम 20 पक्का पैमाइश के कार्य को पूर्ण करेंगे। उन्होंने आईजीआरएस के सन्दर्भ में निर्देश देते हुए कहा कि सम्बन्धित अधिकारी शिकायतकर्ता से सीधा संवाद करें तथा मौके पर जाकर कार्रवाई करने के साथ ही जिओ टैग फोटो भी लगाये। कृषक दुर्घटना बीमा के आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। उन्होंने लेखपालों को कृषक दुर्घटना बीमा योजना के प्राप्त सभी आवेदनों की रिपोर्ट दो दिन के अंदर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने हीट वेव के दृष्टिगत फरियादियों तथा अधिकारियों, कर्मचारियों को बचाव करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों को निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन योजनार्न्तगत जिन परियोजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध नही है वहां भूमि हेतु आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराये। सभी लेखपाल इसकी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें। उन्होंने लेखपालों को फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों को गति देने तथा धारा 24 के ऐसेए मामले जिनमें पैमाईश होना है, 31 जून तक पूर्ण कर लेने के निर्देश दिये और कहा कि जमीन के संबंध में पैमाइश निष्पक्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी कानूनगों एक महीने में 40 पैमाइश करें, हर गांव में न्यूनतम 5 फार्मर रजिस्ट्री किए जाएं, वरासत के मामले बिना पूर्ण साक्ष्य के निरस्त नहीं किए जाएं। कानूनगो राम विशाल पटेल को वरासत की धाराओं के संबंध में गहन और अच्छी जानकारी पर जिलाधिकारी ने उन्हें अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वरासत के मामलों में संवेदनशीलता बरती जाए, निर्विवाद वरासत के मामले निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण कराएं जाए। इस दौरान तहसील बदलापुर में 125 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 11 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसी प्रकार तहसील सदर के कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में 69 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 05 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसके साथ ही अन्य तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की शिकायतों को सुना गया और कहा गया कि शासन की मंशा के अनुरुप ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।

## आदित्य और आशुतोष ने इलाहाबाद पब्लिक स्कूल को जिताया



**प्रयागराज।** प्रयागराज इलाहाबाद पब्लिक स्कूल ने सोनामती क्लब को 123 रन से हराकर राम मूर्ति त्रिपाठी स्मृति अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में आदित्य पांडेय (6-2-13-5) और आशुतोष भास्कर (6-0-21-4) की गेंदबाजी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में इलाहाबाद पब्लिक स्कूल ने 28.5 ओवर में 165 रन (दीपांशु 55, आर्यन 29, पार्थ नायक 23, प्रिंस विश्वकर्मा 3/24, संस्कार सिंह 3/36) बनाए। जवाब में सोनामती क्लब की टीम 12.5 ओवर में मात्र 42 रन पर सिमट गई। कोई बल्लेबाज दो अंको में नहीं पहुंचा। इलाहाबाद पब्लिक स्कूल के आदित्य पांडेय ने पांच और आशुतोष भास्कर ने चार विकेट लिए।

# कृपाशंकर सिंह ने हजारों समर्थकों के साथ निकाला तिरंगा यात्रा

- ऑपरेशन सिंदूर पर जो लोग प्रमाण मांग रहे है वो सच्चे हिंदुस्तानी नहीं है : कृपाशंकर

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता के बाद पूरा देश जश्न मना रहा है है तो पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है इसी क्रम में जिले के महाराणा प्रताप सिंह पार्क से बीजेपी के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई वहीं विपक्ष के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर साबुत मांगा जा रहा है जिस पूर्व गृह राज्य मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बारे पाकिस्तान को तो पता चल गया है और जिसको ऑपरेशन सिंदूर को समझते नहीं होंगे वो हिंदुस्तानी नहीं होंगे। कृपा शंकर सिंह पूर्व गृह राज्य मंत्री निवर्तमान जौनपुर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी के हजारों समर्थकों के साथ नगर के विभिन्न इलाकों से निकलकर जौनपुर कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई।

वी.ओ. जौनपुर के नईगंज तिराहा के समीप महाराणा प्रताप पार्क से आज भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के बाद तिरंगा यात्रा निकाली है इस दौरान भाजपा के हजारों की संख्या में बाइक सवार कार्यकर्ताओं ने हाथ में झंडा लेकर भारत माता की जय हिंदुस्तान जिंदाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसे तमाम नारे लगाते हुए जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे वहीं इस दौरान जौनपुर लोकसभा के निवर्तमान प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह ने कहा ऑपरेशन सिंधु की कामयाबी के बाद पूरा देश खुशियां मना रहा है ऐसे में आज तिरंगा यात्रा निकाली गई है एक सवाल के जवाब जब पूछा गया की ऑपरेशन सिंधु को आधे में क्यों रोका गया और देश की जनता की आवाज है पक को ले लेना चाहिए जिस पर जवाब देते हुए कहा कि इंतजार करिए पीओके कद्य अब आई ओके यानी इंडिया अधिकृत कश्मीर जल्द हो जाएगा सरकार उसे पर काम कर रही है और अभी ऑपरेशन सिंदूर रुका नहीं है सरकार ने सिर्फ सीज फायर रोक लगाई है।

## वैश्य शिरोमणि भामाशाह व्यापारी समाज के प्रेरणा पुंज है : महापौर

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज की सदन की बैठक में महापौर गणेश केसरवानी के द्वारा राष्ट्रभक्त वैश्य शिरोमणि भामाशाह की प्रतिमा सदन के द्वारा मंजूरी किए जाने पर व्यापारी समाज में हर्ष है। प्रयागराज के व्यापारिक संगठनों ने महापौर गणेश केसरवानी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर गोलघर व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष राजेश केसरवानी ने व्यापारियों के साथ महापौर कैंप कार्यालय पहुंचकर महापौर को सम्मानित किया।

इस अवसर महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि वैश्य शिरोमणि भामाशाह व्यापारी समाज के प्रेरणा पुंज हैं। उन्होंने मुगलों से लड़ने के लिए महाराणा प्रताप कि सेना को बल देते हुए मातृभूमि के लिए अपना राष्ट्र धर्म निभाते हुए अपना सर्वस्व खजाना राष्ट्र के प्रति समर्पित कर दिया। आज भी व्यापारी समाज भामाशाह की वंशज होने पर गर्व करता है और राष्ट्र के प्रति अपना खजाना खोलने में देर नहीं करता है। उन्होंने आगे कहा कि बहुत जल्द शिरोमणि भामाशाह की प्रतिमा का अनावरण स्टैनली रोड पर नगर निगम के द्वारा किया जाएगा।

# केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन जौनपुर की आमसभा गुरुवार सायं को बदलापुर पड़ाव स्थित अकबर पैलेस में भव्य रूप से संपन्न हुई। इस अवसर पर संस्था के पांच वर्षीय चुनावी कार्यक्रम का समापन निर्वाचित व मनोनीत पदाधिकारियों की घोषणा और शपथ ग्रहण के साथ हुआ।

चुनाव संचालन समिति द्वारा एक महीने चली चुनावी प्रक्रिया के अंतिम चरण में मुख्य चुनाव अधिकारी अरुण त्रिपाठी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की। सह चुनाव अधिकारी संजीव कुमार सिंह व मो. असीम ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### विनोद कुमार रावत को मिली बड़ी जिम्मेदारी

पांच उपाध्यक्षों में विनोद कुमार रावत का नाम प्रमुखता से सामने आया है। संगठन के समर्पित और सक्रिय सदस्य रहे रावत को यह पद दिए जाने पर सदस्यों में उत्साह देखा गया। मंच से उन्हें शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में संगठन के लिए उपयोगी भूमिका की उम्मीद जताई गई।नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने अपने पहले संबोधन में संस्था के सदस्यों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और अपने 41 वर्षों के संगठनात्मक अनुभव को साझा किया। वहीं, नवनिर्वाचित महामंत्री बंशीधर मौर्य ने कुछ मनोनीत पदाधिकारियों की घोषणा की।

# भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू रखी जाए

- केबिल, तार के कारण किसी भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** भीषण गर्मी में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू रखी जाए, अकारण रोस्टिंग न हो, केबिल, तार के कारण किसी भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, खराब ट्रांसफार्मर सर्वोच्च प्राथमिकता पर बदले जाएं, नगर निकाय, ग्राम पंचायत आम-जन को मूल-भूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोताही न बरतें, नगर के मुख्य चौराहों, सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड आदि पर आम-जन हेतु पीने के स्वच्छ पानी की व्यवस्था रहे, नगर निकाय भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर वाटर कूलर स्थापित करायें, प्रत्येक पात्र व्यक्ति को शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, पात्रों के चयन में पूरी पारदर्शिता बरती जाए, अधिकारी, कर्मचारी संवेदनशील रहकर आम-जन को राहत पहुंचाने की दिशा में कार्य करें, फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निदान हो, कहीं भी सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जे न रहे, भूमि संबंधी विवादों का निपटारा सर्वोच्च प्राथमिकता पर किया जाए, किसी भी समस्या को लेकर कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो, सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहें, गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर मुकम्मल व्यवस्था रहे, स्वास्थ्य केन्द्रों पर आने वाले मरीजों को बैठने के साथ पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, मरीजों के साथ चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी मृदुल व्यवहार कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें।उक्त निर्देश पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने ट्रांजिस्ट हॉस्टल में जन-समस्याएं सुनने के दौरान संबंधित अधिकारियों को दिए। जन-सुनवाई के दौरान पर्यटन मंत्री के सम्मुख नटराज होटल वाली गली नि. अरुण ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि मुहल्ले में आर.डी.एस.एस. योजना के अंतर्गत डाली गई विद्युत केबिल की गुणवत्ता बेहद खराब है, केबिल बार-बार टूट कर गिर रही है, जिस कारण भीषण गर्मी में विद्युत की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, पूर्व की केबिल वर्तमान में डाली गई केबिल से काफी बेहतर थी, नई केबिल मानक के अनुसार नहीं है, जिस पर उन्होंने शिकायती प्रार्थना पत्र को मुख्य अभियंता वितरण फिरोजाबाद को पृष्ठाकिंत कर निर्देशित किया कि केबिल की गुणवत्ता की जांच करें यदि केबिल की गुणवत्ता मानक के अनुरूप न हो तो संबंधित फर्म के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### नवीन सब्जी मण्डी से बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**चौकियां धाम, जौनपुर।** नगर के लाइन बाजार थाना के शीतला चौकियां स्थित नवीन सब्जी मंडी स्थल से एक बाइक चोरी के मामले में थाना पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया और मामले की जांच में जुट गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जिले के मेहनगर थाना क्षेत्र के धरनीपुर रानीपुर गांव निवासी आनन्द यादव एक सप्ताह पहले एक वैवाहिक कार्यक्रम के लिये शीतला चौकिया स्थित नवीन सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने आया था। बाइक खड़ी कर वह सब्जी खरीदने चला गया। जब वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। पुलिस ने तहरीर मिलने पर शुक्रवार को चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जाँच में गई है।

### डीएम एसपी द्वारा संयुक्त रूप से गौशालाओं का निरीक्षण



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना द्वारा संयुक्त रूप से आज गौ आश्रय स्थल सेठवल, ब्लाक रानी की सराय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय स्थल पर पर्याप्त भूसा, हरा चारा, पशुओं को भीषण गर्मी से बचाव हेतु फॉगर सिस्टम एवं शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था पायी गयी। जिलाधिकारी द्वारा पशुओं के वैक्सीनेशन आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी। उन्होने सहभागिता रजिस्टर का भी अवलोकन किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि पशुओं के लिए पर्याप्त भूसे का स्टोर है, हरा चारा की बुवाई करा दी गयी है एवं नियमित रूप से पशु चिकित्साधिकारियों द्वारा पशुओं की जांचध्उपचार एवं समय-समय पर वैक्सीनेशन भी किया जाता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा पशुओं को गुड़ व केला खिलाया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 मुकेश गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जुबैर अहमद बने एआईएमआईएम के विधानसभा शहर पश्चिम अध्यक्ष



**प्रयागराज।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन का एक कार्यकर्ता सम्मेलन महानगर अध्यक्ष अफ़सर महमूद की अध्यक्षता में जुबैर अहमद के निवास मुर्गा दरबार के सामने मंसूर पार्क पर रखा गया। जिसमें मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन महानगर के पदाधिकारीगण व अन्य नए सदस्य सम्मेलन में शामिल हुए। कुछ लोगों की ज्वाइनिंग भी कराई गई और पार्टी के विस्तार पर चर्चा की गई। जुबैर अहमद को शहर पश्चिम विधानसभा का अध्यक्ष नामित किया गया। सम्मेलन में उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से इफ्तेखार अहमद मंदर, हंजला फारूकी सद्दाम, मोहम्मद ज़हूर, परशुराम चौहान, रियाजुल हक़, मोहम्मद असलम, हबीब अहमद, मोहम्मद हाशिम, जमालुद्दीन, मोहम्मद फैसल, मुहम्मद शारिक, मोहम्मद इरफान आदि उपस्थित रहे।

### दिव्यांग बच्चों हेतु समर कैंप का शुभारंभ



**प्रयागराज।** भाविनी वेलफेयर सोसाइटी के अंतर्गत संचालित भाविनी डे केयर के तत्वाधान में दिव्यांग बच्चों हेतु समर कैंप का उद्घाटन रवि श्रीवास्तव मेंबर इंचार्ज (इ स्टेट) कायस्थ पाठशाला प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा प्रयागराज द्वारा फीता काटकर, सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर बच्चों के अच्छे भविष्य की कामना करते हुए किया गया। साथ मेँ संस्था की सचिव श्रीमती पूनम सिंह भी उपस्थित रही।

# शिवसेना का प्रयागराज में हुआ विस्तार सैकड़ों ने ली सदस्यता

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** शिवसेना विस्तार और सदस्यता के क्रम में प्रयागराज महानगर निवासी सुनील जायसवाल, शकुन्तला हास्पिटल, सिविल लाइन प्रयागराज ने शिवसेना राज्य संगठन उप्र की सदस्यता पूरे परिवार के साथ और लगभग 25 नये सदस्यो के साथ ग्रहण की।उनके दामाद और बेटी गोरखपुर के बडे व्यवसायी है। उन्होंने अपनी बेटी को भवानी सेना और दामाद को शिवसेना गोरखपुर इकाई से भी जोडा। प्रदेश सचिव बहन रुचि अभिषेक तिवारी की तरफ से भी सहयोग रहा। जिलाध्यक्ष यमुनापार सोनू सेठ भी उपस्थित रहे। राज्य संगठन प्रमुख शिवसेना उप्र अरविंद कुमार तिवारी ने महानगर अध्यक्ष युवा सेना विश्वनाथ चौधरी की संस्तुति पर संगठन की सदस्यता दिलायी। प्रदेश संगठन प्रमुख अरविन्द ने बताया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हिन्दू हृदय सम्राट बालासाहब के विचारो को आगे बढाया जा रहा है। राज्य संगठन उप्र के सभी 162012 बूथ तक विस्तार करके बूथ स्तर तक संगठन विस्तार करेगा। शिवसेना एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में महाराष्ट्र और केन्द्र सरकार की सहयोगी पार्टी है। उप्र में भी लोकसभा के चुनाव में भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को समर्थन दे चुकी है।

# छात्र के ऊपर हमले पर कार्यवाही न होने से आक्रोश

- किया चक्का जाम, अधिकारियों के आश्वासन पर माने छात्र

अवधनामा संवाददाता





**प्रयागराज।** गत 12 में को केपीयूसी छात्रावास के अंतर्वासी से मारपीट के मामले में कोई कार्रवाई न होने पर आक्रोशित छात्रों ने आज चक्का जाम कर दिया। पुलिस द्वारा संबंधित घटना में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था लेकिन उसमें जान से मारने के प्रयास की धाराएं भी वर्णित नहीं थी। छात्रों का कहना था कि पुलिस भी हमलावर का सहयोग कर उसे बचाने का प्रयास कर रही है, जिसके चलते सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी। आज 5 दिन बीत गए लेकिन संबंधित प्रकरण में पुलिस प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई थी, जिसके छात्र आक्रोशित हो गए और केपीयूसी छात्रावास के बाहर चक्काजाम कर दिया। धूप में छात्र प्रदर्शन करते रहे। इसकी सूचना पर एएसपी अभिजीत कुमार भी मौके पर आ गए। उन्होंने आकर छात्रों को इसपर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। गत 12 मई को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र व केपीयूसी छात्रावास के अंतःवासी पर छात्रावास के समीप स्थित एक दुकानदार ने छात्र के सिर पर जानलेवा हमला किया था, जिसकी सभी छात्रों द्वारा तहरीर देकर हमला करने वाले पर कार्रवाई की मांग की गई थी।

पुलिस द्वारा संबंधित घटना में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था किन्तु उसमें जान से मारने के प्रयास की धाराएं भी वर्णित नहीं थी।

छात्रों का कहना था कि पुलिस भी हमलावर का सहयोग कर उसे बचाने का प्रयास कर रही है, जिसके चलते सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी। आज पांच दिन पूर्ण हो गए किन्तु संबंधित प्रकरण में पुलिस प्रशासन द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गई थी, जिसके छात्र आक्रोशित हो गए और केपीयूसी छात्रावास के बाहर चक्काजाम कर दिया। इसके चलते एएसपी अभिजीत कुमार ने आकर छात्रों को इसपर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

छात्रों की यह स्पष्ट मांग है कि प्राथमिकी में जान से मारने के प्रयास की धारा को जोड़ा जाए साथ ही 24 घण्टे के भीतर प्रकरण में संलिप्त सभी पर कार्रवाई की जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो इलाहाबाद विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी उग्र आन्दोलन करने को बाध्य होंगे।

# सेना की शौर्यता के सम्मान में यात्रा का आयोजन संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** वासियों और सामाजिक संगठनों द्वारा भारतीय सेना की शौर्यता के सम्मान में शाहिद कुंवर सिंह उद्यान से गांधी तिराहा, रैदोपुर त्रिमूर्ति तिराहा, कलेक्ट्रेट चौराहा, पं दीनदयाल उपाध्याय चौराहा, अग्रसेन चौराहा, होते हुए मेहता पार्क तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन सम्पन्न हुआ।

तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि हमारी सेना ने आपरेशन सिन्दूर के माध्यम से पूरी दुनिया में देश का मान बढ़ाया है। पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारे 26 नागरिकों की निर्मम हत्या कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने संकल्प लिया कि हमारी सेना पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के खिलाफ ऐसी कार्यवाही करेगी जो नजीर बनेगी। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमारी सेना ने 6 मई की रात पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के खिलाफ जिस प्रकार की कार्रवाई की है उससे एक-एक भारतीय का सीना चौड़ा हुआ है। इस तरह की कार्यवाही दुनिया के कुछ चुनिन्दा देश ही कर पाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से हमारी सेना ने जो कार्यवाही की है उसका लोहा आज पूरी दुनिया मान रही है। हमारी सेना ने पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के खिलाफ जो कार्यवाही की है उसके लिए हम सब अपनी सेना के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने बडी सैन्य कार्रवाई के बाद स्पष्ट संदेश दिया कि अब पाकिस्तान से सिर्फ आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी। प्रधानमंत्री के संदेश में 140 करोड़ भारतीयों की प्रतिबद्धता निहित है। आज मोदी के नेतृत्व में देश समृद्धशाली और शक्तिशाली होने के साथ ही विकसित भारत के रूप में तेजी से उभर रहा है। जिसमें प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर है। ऑपरेशन सिन्दूर देश की बहन, बेटियों के सम्मान तथा सुरक्षा का संकल्प है तथा तिरंगा यात्रा उस संकल्प को पूर्ण करने वाली भारतीय सेना का देशवासियों की ओर से अभिनंदन है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने नेहरू हाल में आयोजित पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान कार्यशाला को संबोधित किया।प्रदेश अध्यक्ष भुपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि यह वर्ष पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती वर्ष है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने काशी विश्वनाथ से लेकर सोमनाथ तक अनेकों मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। रानी अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 में महाराष्ट्र के चौड़ी गांव में हुआ था। लोकमाता अहिल्याबाई जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 21 मई से 31 मई तक चलेगा। जिसको लेकर राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर की बैठक हो चुकी हैं। आजमगढ़ जिले की बैठक आज हो रही है। 21 मई से 31 मई 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होना है।

# डॉ. खेतान ने चौथी बार बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

- स्पाइनल कार्ड से 14 सेंटीमीटर शिष्ट निकाल कर बनाया नया कीर्तिमान

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** एक बार फिर से विख्यात न्यूरो सर्जन डॉ प्रकाश खेतान ने प्रयागराज का नाम रोशन किया। जो काम बड़े शहर और बड़े अस्पताल में होता है और किसी काम को करने के लिए डॉक्टरों की टीम लगती है , उसे डॉ खेतान ने अकेले करके दिखाया और चौथी बार दुनिया में अपना नाम रोशन किया साथ में प्रयागराज का नाम ऊपर किया।

प्रयागराज से सटे मिर्जापुर जिले से एक 12 साल की लड़की परी सिंह के स्पाइनल कार्ड में लम्बा शिष्ट हो गया था , जिसकी वजह से परी सिंह का करवट लेना भी दुर्लभ हो गया था। न्यूरो सर्जन डॉ प्रकाश खेतान ने रिपोर्ट देखने के बाद सर्जरी करने का निर्णय लिया और 12 घंटे लगातार कठिन सर्जरी करके उन्होंने 14 सेंटीमीटर का सिस्ट निकाल दिया। शिष्ट ही नहीं उन्होंने स्पाइनल बोन को अलग किया शिष्ट निकाला और फिर से बोन को प्रत्यारोपित किया। यह एक कठिन सर्जरी था , 12 घंटे लगातार डॉक्टर ने बिना रुके सर्जरी किया और थोड़ी सी लापरवाही खतरनाक हो सकती थी। सर्जरी की सफलता का ही परिणाम है कि आज लड़की खुद से चल सकती है और डॉ खेतान के अनुसार लड़की नार्मल लाइफ जीएगी।

14 सेंटीमीटर शिष्ट आज तक दुनिया में नहीं ऑपरेट किया गया था , इस उपलब्धि पर डॉ खेतान का नाम इंटरनेशनल बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। इसके पहले 2011 में डॉ खेतान ने ब्रेन से 296 शिस्ट निकाला था जो गिनीज वर्ल्ड बुक में दर्ज हुआ , एक 260 ग्राम का तुमेर ब्रेन से निकाल कर डॉ खेतान ने एशिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया , एक बार 296 शिस्ट में हीउ नाम दर्ज हुआ और चौथी बार परी सिंह के स्पाइनल से निकाले गए सिष्ट की वजह से डॉ खेतान का नाम इंटरनेशनल बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ।

डॉ प्रकाश खेतान ने इस उपलब्धी पर कहा कि वे ओप्रशन किसी रिकॉर्ड को ध्यान में रखकर नहीं करते हैं , उनका लक्ष्य मरीज को बिना किसी नुकसान के सफलतापूर्वक ऑपरेट करके स्वस्थ करने का होता है। बाकी मेहनत का फल है कि कोई रिकॉर्ड बन जाता है , एक सवाल के जवाब में डॉ खेतान ने कहा कि उनका भी मन होता था की बड़े शहर और बड़े संसथान में ऑपरेशन करें लेकिन उनको लगता है प्रयागराज में वे हैं और लोगों की पहुंच आसानी से होने की वजह से उनको संतुष्टि मिलती है।

## गंगा में डूबने से किशोर सहित दो की मौत

**प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र में गंगा स्नान के दौरान एक युवक और एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। घटना मेजा के जेवनियां पुलिस चौकी के बारा दशरथपुर गांव स्थित गंगा घाट की है। मृतकों की पहचान सराय इनायत थाना क्षेत्र के लीलापुर निवासी लवकुश कुमार (26) और बारा दशरथपुर, मेजा निवासी आदर्श कुमार (12) के रूप में हुई है। लवकुश अपने ननिहाल बारा दशरथपुर गांव में दो दिन पहले आए थे और आज उन्हें वापस घर जाना था।

## सूचना

मैं रूबीना आयु लगभग 44 वर्ष पत्नी आसिफ अली निवासिनी 3-वक्फ इमामबाड़ा झाउलाल, हरदोई मार्ग ठाकुरगंज, लखनऊ में रहती हूं। मेरा पुत्र मो. औन जो सिटी मान्टेसरी लखनऊ कक्षा 7 का छात्र है। मेरे पुत्र मो. औन के स्कूल दस्तावेजों में मेरा नाम रूबी दर्ज हो गया है जो कि गलत है। मेरा सही नाम रूबीना है जो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड पर भी दर्ज है जो सत्य है।

# अमेरिका से पैसे भेजना भारतीयों को पड़ेगा महंगा
## ट्रंप प्रशासन ने लगाया पांच फीसदी टैक्स

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'बिग प्रयोरिटी बिल' में रेमिटेंस (धन प्रेषण) पर पांच फीसदी उत्पाद शुल्क लगाने का प्रस्ताव किया है। यह ग्रीन कार्ड और एच1बी वीजा रखने वालों सहित चार करोड़ से अधिक लोगों को प्रभावित करेगा।

अमेरिका से अब घर पर पैसे भेजना भारतीयों को महंगा पड़ेगा। ट्रंप प्रशासन ने विदेश में भेजे जाने वाले धन पर पांच फीसदी टैक्स लगा दिया है। एक अनुमान के मुताबिक इस टैक्स के कारण अमेरिका में रहने वाले भारतीयों पर सालाना 1.6 अरब डॉलर से अधिक का बोझ पड़ सकता है। यह अनुमानित राशि आरबीआई के हालिया लेख में प्रकाशित 2023-24 के आंकड़ों पर आधारित है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'बिग प्रयोरिटी बिल' में रेमिटेंस (धन प्रेषण) पर पांच फीसदी उत्पाद शुल्क लगाने का प्रस्ताव किया है। यह ग्रीन कार्ड और



एच1बी वीजा रखने वालों सहित चार करोड़ से अधिक लोगों को प्रभावित करेगा। प्रस्तावित शुल्क अमेरिकी नागरिकों पर लागू नहीं होगा। आरबीआई के मार्च बुलेटिन के प्रकाशित लेख के मुताबिक, विदेश में रहने वाले भारतीयों ने 2023-24 में 118.7 अरब डॉलर की राशि भारत भेजी है। यह आंकड़ा 2010-11 में भेजे गए 55.6 अरब डॉलर से दोगुना है। भारत भेजी गई कुल राशि में अमेरिका की हिस्सेदारी 2023-24 में बढ़कर 27.7 फीसदी पहुंच गई, जबकि 2020-21 में यह 23.4 फीसदी रही थी। इस आधार पर अमेरिका में रहने वाले भारतीयों ने कुल 32.9 अरब डॉलर का राशि घर भेजी है। इसका पांच फीसदी 1.64 अरब डॉलर होगा।

लेख के मुताबिक, रेमिटेंस से मिली राशि का इस्तेमाल मुख्य रूप से परिवार के भरण-पोषण के लिए होता है। इसलिए, इसकी लागत बढ़ने का सामाजिक-आर्थिक प्रभाव होता है। इस लागत को कम करना वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण नीतिगत एजेंडा रहा है।

विश्व बैंक के मुताबिक, भारत 2008 से ही रेमिटेंस प्राप्त करने वाला शीर्ष देश बना हुआ है। वैश्विक स्तर पर धन प्रेषण में भारत की हिस्सेदारी 2001 के 11 फीसदी से बढ़कर 2024 में करीब 14 फीसदी पहुंच गई है। 2024 में जिन पांच देशों में विदेश से सबसे ज्यादा धन आया, उनमें 129 अरब डॉलर के साथ भारत शीर्ष पर रहा। अन्य देशों में मेक्सिको (68 अरब डॉलर), चीन (48 अरब डॉलर), फिलिपीन (40 अरब डॉलर) और पाकिस्तान (33 अरब डॉलर) शामिल हैं।

### सरकार ने खरीदा पिछले साल से अधिक गेहूं

**नई दिल्ली।** सरकार की गेहूं खरीद पिछले साल के स्तर को पार कर गई है। चालू विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक 2.86 करोड़ टन गेहूं की खरीदारी की गई है। यह खरीद 2022-23 विपणन वर्ष के बाद से सबसे अधिक है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य एजेंसियां केंद्रीय भंडार के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदती हैं। इस वर्ष 11.53 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का अनुमान है। गेहूं खरीद करने वाले सभी पांच प्रमुख राज्यों में पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश ने पिछले वर्ष की तुलना में चालू वर्ष में अधिक खरीद की है। 16 मई तक पंजाब ने 1.15 करोड़ टन, मध्य प्रदेश ने 74 लाख टन, हरियाणा ने 70 लाख टन और राजस्थान ने 16 लाख टन खरीद की है। 62,346 करोड़ का न्यूनतम समर्थन मूल्य भुगतान किया गया है, जिससे 22.7 लाख किसानों को लाभ मिला है। आरबीआई ने कुछ नियामकीय मानदंडों का पालन नहीं करने के लिए डॉयचे बैंक एजी, इंडिया और यस बैंक पर कुल 79.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

## एपल को भारत से निकालने के पीछे उच्च टैरिफ को लेकर दबाव बनाना चाहता है अमेरिका: जीटीआरआई

**नई दिल्ली।** ग्लोबल ट्रेड इनिशिएटीव रिसर्च (जीटीआरआई) के मुताबिक, यह ट्रेड टैरिफ के मामले में भारत को दबाने की ट्रंप की चाल हो सकती है। ट्रंप ने टिम कुक से चीन से विनिर्माण इकाई को स्थानांतरित करने के लिए अभी तक नहीं कहा है, जबकि एपल 85 फीसदी आईफोन चीन में बनाती है। भारत का योगदान सिर्फ 15 फीसदी है।

आईफोन बनाने वाली एपल को भारत से निकालने के पीछे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान को भारत पर दबाव बनाने के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर बातचीत चल रही है। ऐसे में ट्रंप चाहते हैं कि कुछ फैसला होने से पहले ही भारत पर टैरिफ को लेकर इस तरह से दबाव बनाया जाए। ग्लोबल ट्रेड इनिशिएटीव रिसर्च (जीटीआरआई) के मुताबिक, यह ट्रेड टैरिफ के मामले में भारत को दबाने की ट्रंप की चाल हो सकती है। ट्रंप ने टिम कुक से चीन से विनिर्माण इकाई को स्थानांतरित करने के लिए अभी तक नहीं कहा है, जबकि एपल 85



फीसदी आईफोन चीन में बनाती है। भारत का योगदान सिर्फ 15 फीसदी है।

रिपोर्ट के अनुसार, एपल विनिर्माण इकाइयों को बाहर ले जाती है तो इससे भारत को राजस्व का बहुत ज्यादा नुकसान नहीं होगा। हालांकि, नौकरियों पर जरूर असर पड़ेगा, क्योंकि देश में सस्ते वेतन पर लोग मिल जाते हैं। इस फैसले से एपल को ही ज्यादा नुकसान हो सकता है। भारत प्रति आईफोन से 30 डॉलर कमाता है। इसका अधिकांश हिस्सा उत्पादन से जुड़ी सब्सिडी (पीएलआई) के तहत एपल को वापस मिल जाता है। एपल जैसी बड़ी कंपनियों पर भारत टैरिफ भी कम कर रहा है। इससे घरेलू उद्योग को नुकसान हो रहा है, जो स्थानीय विनिर्माण तंत्र बनाने में लगे हैं। अमेरिका में 1,000 डॉलर में बिकने वाले हर आईफोन में भारत का हिस्सा 30 डॉलर से भी कम है। एपल विनिर्माण अमेरिका में ले जाती है तो भारत नए युग की प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित कर सकता है।

**भारत में वेतन 290 व अमेरिका में 2,900 डॉलर**

भारत में एपल असेंबली कर्मचारियों को 290 डॉलर मासिक वेतन देती है। अमेरिका में यह 2,900 डॉलर हो जाएगी। यानी एक डिवाइस को असेंबल करने की लागत 30 डॉलर से बढ़कर 390 डॉलर प्रति डिवाइस हो जाएगी। प्रति डिवाइस लाभ 450 डॉलर से घटकर 60 डॉलर रह जाएगा। भारत में बनने वाले हर आईफोन पर एक दर्जन देशों की छाप होती है। 1,000 डॉलर वाले आईफोन की कीमत भारत में 450 डॉलर होती है। क्वालकॉम व ब्रॉडकॉम जैसे अमेरिकी कंपोनेंट निर्माताओं को 80 डॉलर मिलते हैं।

### बैंक ऑफ बड़ौदा लखनऊ अंचल को मिला नया अंचल प्रमुख, शैलेन्द्र कुमार सिंह ने संभाला पदभार



**लखनऊ।** बैंक ऑफ बड़ौदा को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि शैलेन्द्र कुमार सिंह ने लखनऊ अंचल के नए अंचल प्रमुख के रूप में 10 मई 2025 को अपना कार्यभार संभाल लिया है। सिंह को बैंकिंग क्षेत्र में 27 वर्षों का विशाल अनुभव प्राप्त है। उन्होंने बैंक के विभिन्न विभागों और महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है, जिनमें शाखा प्रमुख, क्षेत्रीय प्रमुख, बैंक ऑफ बड़ौदा युगांडा लिमिटेड में कार्यभार तथा मुख्यालय स्थित ग्रामीण एवं कृषि बैंकिंग विभाग में वरिष्ठ पदों पर कार्य शामिल है।

ग्राहकों की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले श्री सिंह तेजी से सेवा निष्पादन, व्यवसाय के साथ पूर्ण अनुपालन, तथा ग्राहक शिकायतों के प्रति शून्य सहिष्णुता के सिद्धांतों पर कार्य करते हैं। उनकी नेतृत्वशैली रणनीतिक सोच, अनुशासित संचालन और वित्तीय समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित है।

पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद, सिंह ने उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय का दौरा किया और प्रशांत कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस की गरिमामय उपस्थिति में 1.80 करोड़ रुपये का चेक यूपी पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत एक शहीद पुलिसकर्मी के परिजनों को सौंपा, जिससे बैंक के ग्राहकों के प्रति संवेदनशील और समर्पित दृष्टिकोण को बल मिला।

उनके नेतृत्व में, लखनऊ अंचल जो उत्तर प्रदेश के 29 महत्वपूर्ण जिलों को शामिल करता है – में ग्राहक सेवा, डिजिटल बैंकिंग और विभिन्न उत्पादों एवं क्षेत्रों में विस्तार की दिशा में नए आयाम स्थापित किए जाने की उम्मीद है।

## सरकार से मदद नहीं मिली तो बंद हो जाएगी वोडाफोन आइडिया, दिवालिया होने का भी खतरा

**नई दिल्ली।** वीआईएल के सीईओ अक्षय मूंदड़ा ने दूरसंचार सचिव को लिखे पत्र में कहा, एजीआर पर सरकार का समय पर समर्थन मिले बगैर कंपनी 2025-26 से आगे परिचालन नहीं कर पाएगी, क्योंकि बैंक से कर्ज नहीं मिलने पर वह निवेश योजना पर आगे नहीं बढ़ पाएगी। ऐसा होने पर परिचालन प्रदर्शन में सुधार थम जाएगा।

कर्ज संकट से जूझ रही वोडाफोन आइडिया ने दूरसंचार विभाग से कहा, समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाये पर सरकार से समय पर समर्थन नहीं मिला तो वह वित्त वर्ष 2025-26 के बाद परिचालन नहीं कर पाएगी।

वोडाफोन आइडिया लि. (वीआईएल) ने 17 अप्रैल, 2025 को दूरसंचार विभाग (डॉट) को भेजे एक पत्र में खुद को नई जीवन रेखा देने का अनुरोध करते हुए कहा, कोई





समर्थन नहीं मिलने पर उसकी वापसी असंभव हो जाएगी।वीआईएल के सीईओ अक्षय मूंदड़ा ने दूरसंचार सचिव को लिखे पत्र में कहा, एजीआर पर सरकार का समय पर समर्थन मिले बगैर कंपनी 2025-26 से आगे परिचालन नहीं कर पाएगी, क्योंकि बैंक से कर्ज नहीं मिलने पर वह निवेश योजना पर आगे नहीं बढ़ पाएगी। ऐसा होने पर परिचालन प्रदर्शन में सुधार थम जाएगा। कंपनी में सबसे अधिक 49 फीसदी हिस्सेदारी सरकार के पास है। स्पेक्ट्रम शुल्क और एजीआर बकाया को इक्विटी हिस्सेदारी में बदलने से सरकार कंपनी में सबसे बड़ी शेयरधारक बन चुकी है।

**दिवालिया होने का भी खतरा; 20 करोड़ उपभोक्ताओं पर पड़ सकता है असर**

वोडा आइडिया ने कहा, अगर सरकारी सहायता नहीं मिलती है और कंपनी एजीआर बकाया नहीं चुका पाती है, तो फिर कंपनी को एनसीएलटी में जाना होगा और यह एक लंबी प्रक्रिया होगी। ऐसी स्थिति में नेटवर्क के साथ स्पेक्ट्रम परिसंपत्तियों का मूल्य भी कम हो जाएगा और दूरसंचार सेवा थोड़े समय के लिए बाधित हो सकती है। ऐसा होने पर उसके 20 करोड़ उपयोगकर्ता प्रभावित होंगे।

**30000 करोड़ के बकाया माफी पर सुनवाई 19 को**

सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को वीआईएल की एक नई याचिका की सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें करीब 30,000 करोड़ के एजीआर बकाये को माफ करने की मांग की गई है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और न्यायमूर्ति जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ से कंपनी के वकील मुकुल रोहतगी ने तत्काल सुनवाई का आग्रह किया था। याचिका पर 19 मई को सुनवाई कर सकती है।

### टैरिफ पर ट्रंप ने फिर चौंकाया, बोले- भारत 100% टैरिफ कटौती को तैयार

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क में 100 प्रतिशत कटौती करने को तैयार है। इसके साथ ही ट्रंप ने कहा है कि नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच जल्द ही व्यापार समझौता होने वाला है। हालांकि, फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने कहा कि वे प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर जल्दबाजी में नहीं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति की बार-बार यह दावा किए जाने की पृष्ठभूमि में कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर सभी टैरिफ हटाने की पेशकश कर रहा है, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि कोई भी व्यापार समझौता पारस्परिक रूप से लाभकारी होना चाहिए। इस बीच ट्रम्प ने एक बार फिर भारत को दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक बताया। ट्रंप ने कहा, वे व्यापार करना लगभग असंभव बना देते हैं। क्या आप जानते हैं कि वे संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए अपने टैरिफ में 100 प्रतिशत कटौती करने को तैयार हैं? जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत के साथ समझौता जल्द ही होने वाला है, तो ट्रंप ने कहा, यह जल्द ही होगा। मुझे कोई जल्दबाजी नहीं है। देखिए, हर कोई हमारे साथ समझौता करना चाहता है। इसके बाद उन्होंने आगे कहा, दक्षिण कोरिया एक समझौता करना चाहता है, लेकिन मैं हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहा हूँ। मैं बस सीमा तय करने जा रहा हूं। मैं कुछ और समझौते करूंगा। क्योंकि मैं सभी के साथ समझौता नहीं नहीं कर सकता, आप इतने सारे लोगों से नहीं मिल सकते। मेरे पास 150 देश हैं जो समझौता करना चाहते हैं।

भारत और अमेरिका व्यापार समझौते को पुख्ता करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। गुरुवार को जयशंकर ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है।

## बीएमएल मुंजाल युनिवर्सिटी ने एआई के इस दौर में उच्च शिक्षा एवं करियर में आ रहे बदलावों पर डाली रोशनी

**लखनऊ।** हीरो ग्रुप की पहल बीएमएल मुंजाल युनिवर्सिटी (बीएमयू) ने आज लखनऊ में 'मीट द डीन' सैशन का आयोजन



किया। इस कार्यक्रम में हाई स्कूल के छात्रों, अभिभावकों, स्कूल के प्रधानाचार्यों और एजुकेशन काउन्सलर्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान इस बात पर रोशनी डाली गई कि टेक्नोलॉजी में तेज़ी से हो रहे बदलाव के बीच किस तरह उच्च शिक्षा में बदलाव आ रहे हैं।डॉ प्रीतम बरूआह, डीन- स्कूल ऑफ लॉ, बीएमयू के साथ आयोजित सुबह के सत्र का विषय था 'प्रीपेयरिंग फॉर द फ्यूचरः हायर एजुकेशन इन 21सेंचुरी'। उन्होंने बताया कि किस तरह एआई एवं उभरती तकनीकें करियर को आयाम दे रही हैं। उन्होंने शिक्षा में आधुनिक टेक्नोलॉजी, बहु-आयामी लर्निंग और प्रेक्टिकल एक्सपोज़र को शामिल करने के लिए अकादमिक संस्थानों की भूमिका पर ज़ोर दिया।डॉ बरुआह ने बताया कि किस तरह बीएमयू आज की गतिशील दुनिया में टेक-इनेबल्ड शिक्षा, व्यवहारिक लर्निंग और व्यापक पाठ्यक्रम के संयोजन के द्वारा छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करती है। उत्तर भारत, खासतौर पर उत्तर प्रदेश से बढ़ती रूचि के बीच, बीएमयू क्षेत्र में अपनी स्थिति को निरंतर मजबूत बना रही है।डॉ प्रीतम बरुआह, डीन- स्कूल ऑफ लॉ, बीएमयू ने कहा, ''इस कार्यक्रम ने परिवारों और शिक्षकों के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान किया, जो लीडर्स की अगली पीढ़ी को आकार दे रहे हैं। बीएमयू में हम छात्रों को न सिर्फ पहली नौकरी के लिए बल्कि आजीवन करियर के लिए भी तैयार करते हैं, ताकि वे बदलती दुनिया के अनुसार अपने आप को ढालकर हमेशा सफलता हासिल करते रहें। आज टेक्नोलॉजी और एआई ने हर उद्योग को बदल दिया है, हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्र भविष्य के लिए तैयार रहें और बदलती दुनिया के अनुसार अपने आप में बदलाव ला सकें।'

## अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप: 18 राज्यों की 2.5 लाख छात्राओं के लिए वर्ष 2024-25 में 25,000 से ज़्यादा छात्राओं को स्कॉलरशिप दी गई

**लखनऊ।** आज अज़ीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन ने छात्राओं के लिए अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप की घोषणा की है। छात्राओं को यह स्कॉलरशिप अपनी उच्च शिक्षा (स्नातक) जारी रखने या पाने के लिए प्रदान की जाएगी। इस स्कॉलरशिप की मुख्य विशेषताएँ, अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने के लिए छात्रा का किसी सरकारी स्कूल या म्युनिसिपल स्कूल से कक्षा 10 और 12 उत्तीर्ण करना आवश्यक है। इसके साथ ही, आवेदन के समय किसी सरकारी संस्थान या विश्वसनीय प्रामाणिक निजी कॉलेज या विश्वविद्यालय में मान्यता प्राप्त स्नातक उपाधि या डिप्लोमा के प्रथम वर्ष में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश प्राप्त किया होना चाहिए।

यह स्कॉलरशिप पाने वाली छात्राओं को अपनी स्नातक/डिप्लोमा की पढ़ाई पूरी होने तक हर साल 30,000 रुपये प्रदान किए

**सहायता**

> **अगर कोई छात्रा 4 वर्षों का बीएससी नर्सिंग कोर्स कर रही हैं, तो वह इन चार वर्षों में 1,20,000 रुपयों की सहायता प्राप्त करेगी।**

जाएँगे। अगर कोई छात्रा 4 वर्षों का बीएससी नर्सिंग कोर्स कर रही हैं, तो वह इन चार वर्षों में 1,20,000 रुपयों की सहायता प्राप्त करेगी। यह धनराशि हर साल दो किस्तों में छात्रा के बैंक खाते में सीधे भेजी जाएगी। वह अपनी ज़रूरत के मुताबिक इन पैसों का उपयोग कर सकती है।

अकादमिक वर्ष 2025-26 में लगभग 2.5 लाख छात्राओं को अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप प्रदान की



जाएगी। इस बार देश के 18 राज्यों की छात्राएँ स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकती हैं।

अज़ीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन के चीफ़ एक्सेक्यूटिव ऑफिसर अनुराग बेहार ने कहा कि, ÷अच्छी स्कूली शिक्षा जीवन की आधारशिला है, जबकि उच्च शिक्षा जीवन की सामाजिक और आर्थिक संभावनाओं में बदलाव लाती है।

देश सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है, इसके बावजूद देश की लड़कियाँ शिक्षा हासिल करने की राह में कई सामाजिक और आर्थिक बाधाओं का सामना कर रही हैं। हम लड़कियों को उनके उच्च शिक्षा के सफ़र में ज़रूरी सहयोग करने का वादा करते हैं। इससे उन्हें अपने जीवन की दिशा खुद तय करने में मदद मिलेगी।

अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप पहल को वर्ष 2024-25 कुछ चुनिंदा जगहों पर लागू किया गया। इसमें मध्य प्रदेश, राजस्थान व उत्तर प्रदेश के कुछ ज़िले और झारखण्ड का इटकी ब्लॉक शामिल किए गए थे। इस सत्र में अज़ीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन ने 25,000 छात्राओं को स्कॉलरशिप प्रदान की। पहले वर्ष का पैसा इन छात्राओं के बैंक खातों में भेजा जा चुका है।

अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप के दूसरेसत्र के लिए जुलाई 2025 में आवेदन आमंत्रित किए जाएँगे। इस सत्र में और भी कई राज्यों को स्कॉलरशिप के दायरे में शामिल किया जाएगा। ये राज्य हैं- (1) अरुणाचलप्रदेश, (2) असम, (3) बिहार, (4) छत्तीसगढ़, (5) झारखंड, (6) कर्नाटक, (7) मध्यप्रदेश, (8) मणिपुर, (9) मेघालय, (10) मिज़ोरम, (11) नागालैंड, (12) ओडिशा, (13) राजस्थान, (14) सिक्किम, (15) तेलंगाना, (16) त्रिपुरा, (17) उत्तरप्रदेश, और (18) उत्तराखंड। इस कार्यक्रम में अगर कोई भी बदलाव या इस बारे में कोई भी अपडेट आते हैं, तो आवेदन प्रक्रिया की शुरुआत में ही सूचित किया जाएगा।आने वाले समय में अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप प्रोग्राम पूरे देश में लागू किया जाएगा।

## संगीत और सिनेमा के सितारे एक मंच पर: शंकर महादेवन, शान, सोनू निगम, जैकलीन फर्नांडेज़ और नील नितिन मुकेश ने पेश किया 'है जुनून' का म्यूजिक मास्टरपीस

**मुंबई।** संगीत, नृत्य और युवा जोश की एक शानदार शाम बनी 'है जुनून - म्यूजिकल नाइट', जिसका





आयोजन जियोहॉटस्टार, जियो क्रिएटिव लैब्स और सारेगामा के सहयोग से हुआ। यह आयोजन 16 मई को जियोहॉटस्टार पर रिलीज़ हो रही यूथ सीरीज 'है जुनून - ड्रीम. डेयर. डॉमिनेट' के उत्साह का प्रतीक बना।

इस आयोजन में संगीत जगत के दिग्गजों और शो के कलाकारों ने मिलकर दर्शकों को एक यादगार शाम का अनुभव कराया। शंकर महादेवन, शान, सोनू निगम और नितिन मुकेश जैसे प्रसिद्ध नामों ने अपने जोशीले और भावनात्मक परफॉर्मेंस से स्टेज पर धमाल मचा दिया।

शंकर महादेवन ने अपने प्रतिष्ठित गाने 'ब्रीथलेस' की प्रस्तुति अपने बेटों सिद्धार्थ और शिवम के साथ दी, जिसे दर्शकों ने बेहद सराहा। सोनू निगम ने 'गले लगाना' गाकर माहौल को संगीतमय बना दिया। वहीं नितिन और नील नितिन मुकेश ने साथ मिलकर 'जीना यहाँ मरना यहाँ' प्रस्तुत किया, जो मुकेश जी की 100 साल की संगीत विरासत को समर्पित थी। इस भावुक प्रस्तुति पर दर्शकों ने खड़े होकर तालियाँ बजाईं और परिवार की इस संगीतमय परंपरा को सलाम किया।

शो के कलाकारों जैकलीन फर्नांडेज़, नील नितिन मुकेश, बोमन ईरानी, सुमेध मुदगलकर, सिद्धार्थ निगम, प्रियांक शर्मा और अनुष्का सेन ने भी मंच की रौनक बढ़ा दी। उन्होंने दर्शकों को एंडरसन्स कॉलेज की उस ऊर्जावान और रंगीन दुनिया से रूबरू कराया, जहाँ संगीत और नृत्य आत्म-अभिव्यक्ति, गौरव और महत्वाकांक्षा का प्रतीक हैं। कलाकारों ने 'वाइब है मुंबई', 'एक मैं और एक तू है', 'लेकर हम दीवाना दिल' जैसे 40 धमाकेदार गानों पर परफॉर्म कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

जैकलीन फर्नांडेज़ ने कहा, ''क्या शानदार रात थी! मंच पर मौजूद कलाकारों और दर्शकों के बीच जोश की बिजली-सी दौड़ रही थी। है जुनून - ड्रीम. डेयर. डॉमिनेट मेरे दिल के बेहद करीब है, क्योंकि यह सिर्फ एक सीरीज नहीं, बल्कि उन सभी के लिए एक संदेश है, जिन्हें कभी लगा कि वे इस दुनिया का हिस्सा नहीं हैं। 'मिसफिट्स' सिर्फ एक डांस ग्रुप नहीं है, बल्कि वे हर उस अंडरडॉग की आवाज़ हैं, जिन्हें खुद पर भरोसा करके हौसला मिला। मैं बेसब्री से चाहती हूं कि पूरी दुनिया उन्हें देखे।''

दिग्गज गायक नितिन मुकेश ने कहा, ''यह शाम यादों से भरी, गर्व से सराबोर और उम्मीदों से जगमग थी। नई पीढ़ी की प्रतिभा को मंच और स्क्रीन पर देखकर दिल भर आया। मेरे बेटे नील का है जुनून में होना इस अनुभव को और भी खास बना गया। इतने जुनूनी कलाकारों के साथ मंच साझा करना एक सौभाग्य था। मुझे गर्व है कि हमारे परिवार की विरासत नई पीढ़ी की दमदार आवाजों में आगे बढ़ रही है। जब मैं पीछे देखता हूं, तो 'जीना यहाँ मरना यहाँ' जैसा अमर गीत याद आता है, जिसे मेरे पिता, महान गायक मुकेश जी ने बड़े जज्बे के साथ गाया था। उन्होंने वह विरासत मुझे दी और अब नील, एक अभिनेता के रूप में उसे आगे बढ़ा रहा है। आगामी सीरीज में नील को यह गीत परफॉर्म करने का अवसर मिला है – यह हमारे पारिवारिक संगीत इतिहास की शक्ति का प्रमाण है। मैं आभारी हूं कि हमारी यह विरासत दुनिया के साथ साझा हो रही है।''

शंकर महादेवन ने कहा, ''आज की रात की ऊर्जा जबरदस्त थी। संगीत हमेशा से कहानियों को ज़िंदा करता आया है, लेकिन है जुनून - ड्रीम. डेयर. डॉमिनेट जैसे प्रोजेक्ट कम ही होते हैं, जिनमें संगीत सिर्फ पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि खुद एक किरदार होता है। हर सुर में युवा जोश, बगावत और दिल की गूंज है। शो की कहानी को देखने से पहले ही जिसे दर्शक महसूस कर लें, उनके सामने प्रस्तुति देना वाकई एक खास अनुभव था।''

सोनू निगम ने कहा, ''है जुनून आज के युवाओं की धड़कनों को पकड़ता है – उनकी उलझनें, समझ और साहस। इसमें संगीत सिर्फ सजावट के लिए नहीं है, बल्कि यह खुद एक बयान है। इस शो का हिस्सा बनना, और इतने बेहतरीन तथा जोशीले कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य रहा। यह शो वाकई में चर्चा का विषय बनने वाला है।''

**देखना न भूलें**

है जुनून - ड्रीम. डेयर. डॉमिनेट की दुनिया में कदम रखिये 16 मई से, सिर्फ जियोहॉटस्टार पर, जहां गोट (त्रड्ढञ्ज) ट्रॉफी के लिए शुरू होगा जोश और जज्बे से भरा मुकाबला!

### एलपीजी पर तेल कंपनियों का घाटा लगभग 45% तक कम होने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार घरेलू उत्पादन की तुलना में एलपीजी की खपत तेजी से बढ़ी है। दूसरी ओर, भारतीय रिफाइनर ने मांग को पूरा करने के लिए एलपीजी उत्पादन में पर्याप्त वृद्धि नहीं की है, जिससे आयात पर निर्भरता बढ़ गई है। रिपोर्ट में आगे क्या है आइए विस्तार से जानते हैं। अगर कच्चे तेल की कीमतें 65 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर रहती हैं, तो तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को एलपीजी से होने वाले घाटे में वित्त वर्ष 26 में लगभग 45 प्रतिशत की कमी आ सकती है। केयरएज रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अगले वित्त वर्ष में संचयी एलपीजी अंडर-रिकवरी में काफी कमी आने की संभावना है, जिसका मुख्य कारण उच्च खुदरा कीमतों और कम अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों का मिश्रण है। रिपोर्ट में कहा गया है, अगर कच्चे तेल की कीमतें 65 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहती हैं, तो संचयी रूप से, वित्त वर्ष 26 में एलपीजी अंडर-रिकवरी में 45% की कमी आने की उम्मीद है। अंडर-रिकवरी तेल कंपनियों को होने वाले घाटे के बारे में बताती है। ये कंपनियां एलपीजी सिलेंडर को उनकी लागत मूल्य से कम पर बेचती हैं, ऐसा घरों में खाना पकाने की गैस को किफायती रखने के लिए किया जाता है। भारत में, लगभग 90 प्रतिशत एलपीजी खपत घरेलू खाना पकाने के लिए उपयोग की जाती है, जबकि शेष 10 प्रतिशत का उपयोग औद्योगिक, वाणिज्यिक और मोटर वाहन क्षेत्रों में किया जाता है। पिछले दस वर्षों में, घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या दोगुनी हो गई है, जो 1 अप्रैल 2025 तक लगभग 33 करोड़ तक पहुंच गई है।

# कप्तानगंज तहसीलदार को डीएम ने लगाई फटकार, मांगा स्पष्टीकरण

**अवधनामा ब्यूरो**


कप्तानगंज तहसील में पीड़ितों की फरियाद सुनते डीएम व एसपी

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में शनिवार तहसील कप्तानगंज के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए तहसील क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को एक-एक कर गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए प्राप्त करा दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में एक प्रार्थना पत्र आया जिसमें प्रार्थी अमरनाथ कन्नौजिया ग्राम देऊरवा पोस्ट खभराभार तहसील कप्तानगंज ने बताया कि मेरे अपने घर के दरवाजे के सामने निकलने वाले रास्ते पर विपक्षी विश्वामित्र कन्नौजिया के द्वारा दीवार चलवाने तथा शौचालय की टंकी बैठाने के कारण आवागमन मार्ग अवरुद्ध हो गया है जिसे खुलवाने के संबंध में विभिन्न स्तरों पर शिकायत पूर्व में की गई। जिसमें लेखपाल कानूनगो तहसीलदार सर मौके पर गए लेकिन कोई उचित कार्यवाही नहीं की गई, जिससे कि विपक्षी द्वारा अवरुद्ध हुए मार्ग को अबतक खोला नहीं गया। पृच्छा के क्रम में जब जिलाधिकारी ने तहसीलदार से सम्पूर्ण प्रकरण के बारे में पूछताछ की गई उनके द्वारा अनभिज्ञता जाहिर की गई तथा उनके द्वारा उक्त प्रकरण उचित प्रत्युत्तर नहीं दिया गया, जबकि उक्त प्रकरण में तहसीलदार द्वारा मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण भी किया गया था। जिसपर जिलाधिकारी ने रोष व्यक्त करते हुए उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त प्रकरण में तहसीलदार कप्तानगंज से स्पष्टीकरण प्राप्त करें और

**कई मामलों में स्पष्ट जवाब न देने पर डीएम ने जताई नाराजगी**

मौके पर एसडीएम स्वयं जाकर प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। सभी एसडीएम अपने अपने तहसील क्षेत्रों में कल शाम में अचानक आए आंधी तूफान से होने वाली फसल क्षति का आकलन व सर्वे कर रिपोर्ट प्रेषित करें। जो जनहानि पशु हानि हुई ही शासकीय व्यवस्था के अनुरूप भी नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें।

आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 35 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 25 में से 05 को तत्काल निस्तारित किया गया, पुलिस विभाग से संबंधित 02, विकास विभाग से संबंधित 02, तथा अन्य विभाग के 06 प्रकरण प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 35 में से 05 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 30 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयांतर्गत निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बरहज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**देवरिया।** बरहज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर की मौजूदगी में संपन्न हुआ। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निस्तारण के लिए प्रभावी कदम उठाए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जन शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से निपटाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने मौके पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। श्रीमती मित्तल ने विशेष रूप से राजस्व विभाग के अधिकारियों और लेखपालों को अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण करने, भूमि विवादों का त्वरित समाधान करने और सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण को तुरंत हटाने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकांश शिकायतें भूमि पैमाइश, पारिवारिक संपत्ति विवाद और अवैध कब्जे से जुड़ी होती हैं।

# भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को प्रणाम किया

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को सुबह जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा निकाली और भारत माता और सेना के शौर्य का गुणगान किया। तिरंगा यात्रा में सांसद अमर पाल मौर्य ने कहा कि आपरेशन सिंदूर ने दुनिया को भारत की सम्प्रभुता और शौर्य का संदेश दिया है। भारत अब युद्ध थोपने वालों के लिए काल है, भारत से जो टकराएगा वह मिट जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से सामरिक और आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर हो रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकी अड्डों का सफाया किया। आपरेशन सिंदूर सैन्य कार्रवाई ने देश की जनता की उम्मीदों के अनुरूप हुई है। आज भारत का तिरंगा शान से दुनिया में फहराता नजर आ रहा है। जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया के सभी देशों को भारत की ताकत का एहसास करा दिया है।अब हमें विकसित भारत के संकल्प की पूर्णता और देश को वैभवशाली बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करना है। तिरंगा यात्रा में प्रदेश मंत्री शंकर गिरि राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह,एम एल सी शैलेन्द्र प्रताप सिंह,पूर्व विधायक तेजभान सिंह, पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र मटियारी, पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव,राम प्रसाद मिश्र, दुर्गेश त्रिपाठी, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी तिवारी, जिला महामंत्री भागीरथी मिश्र, केशव सिंह, जिला उपाध्यक्ष उपमा सरोज, प्रवक्ता चन्द्र मौलि सिंह भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विषुव मिश्र, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आशा बाजपेई, ब्लाक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू, ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह मुन्ना, नीलम भारती,भवानी दत्त दीक्षित,प्रभात शुक्ल, अतुल सिंह, मनोज पासी आदि मौजूद रहे।

# राम-सीता वन गमन की कथा सुन भावविभोर हुए श्रोता

**अवधनामा संवाददाता**


कथा का रसपान कराते कथावाचक वीरेंद्र तिवारी

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत हरपुर सुक्खड़ के अकटहवां टोले पर स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रहे एकादश रूद्र महायज्ञ के आठवें दिन कथा वाचक विरेन्द्र तिवारी ने अयोध्या काड का विस्तार वर्णन करते हुए राम वन गमन की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि अयोध्या के राजा दशरथ गुरू वशिष्ठ के परामर्श से प्रभु राम के तिलक की तैयारी में जुटे थे।वहां की जनता खुशी में उत्सव मना रहे थी। इधर मंथरा ने सबसे छोटी रानी कैकेयी के मन में विद्वेष की भावना पैदा कर दिया। कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वरदान के बदले राम को चौदह वर्ष का वनवास और भरत को अयोध्या का राजा बनाने की मांग रख दी। राजा दशरथ को कैकेयी की इच्छा जानकर काफी दुख हुआ। जब इसका पता प्रभु श्री राम को हुआ तो वह माता पिता के आदेश को मानकर वनवास जाने लगे तो लक्ष्मण भी वनवास जाने की जिद करने लगे। अंत में प्रभु श्रीराम मां सुमित्रा के आदेश पर लक्ष्मण को साथ ले जाने के लिए तैयार हुए। भगवान के वन गमन की कथा सुनकर श्रोता भावुक हो गए। इस दौरान इस दौरान यज्ञ समिति के अध्यक्ष मनोज यादव, विपिन यादव,विनय यादव, नन्दू गौड़, सागर राय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से दो युवकों की दर्दनाक मौत

**अवधनामा ब्यूरो**



**वापस नहीं लौटे रात में घर से निकले दोनों युवक, आई मौत की खबर**

**पंजाब में साथ-साथ काम करने वाले दोनों मित्र छुट्टी पर आए थे घर**

**कुशीनगर।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के मंझरिया के समीप शुक्रवार रात एक ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसा शुक्रवार देर रात लगभग 12 बजे एनएच पर स्थित एक होटल के पास हुआ। डिबनी खास निवासी सैफ (20) पुत्र जहिर और दनियाड़ी निवासी नीतीश पटेल (20) पुत्र राजू, एक ही बाइक पर सवार होकर तमकुहीराज की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें ठोकर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दोनों युवक पंजाब में एक साथ काम करते थे और हाल ही में छुट्टी पर घर आए थे। स्वजन के अनुसार सैफ अपने मित्र नीतीश को लबनिया किसी रिश्तेदार के यहां ले जा रहा था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ल ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना से गांव में शोक की लहर है।

# कपड़े का झोला वितरित कर रोटरी क्लब ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## पालीथिन मुक्त कुशीनगर की मुहिम को मिली नई गति

**अवधनामा संवाददाता**


झोला वितरण करते रोटरी क्लब

**कसया, कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा शनिवार शाम कसया स्थित गोला बाजार सब्जी मंडी में पालीथिन मुक्त नगर की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए कपड़े के झोले वितरित किए गए। इस अवसर पर क्लब द्वारा सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को लेकर जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने दुकानदारों और ग्राहकों से संवाद करते हुए पालीथिन के स्थान पर कपड़े के झोले का उपयोग करने की अपील की। क्लब अध्यक्ष वाहिद अली ने कहा कि पालीथिन हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए बेहद घातक है। यदि हम सुखद और सुरक्षित जीवन चाहते हैं, तो हमें कपड़े के थैले को पुनः अपनी दिनचर्या में शामिल करना होगा। क्लब वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा कि, एक समय था जब कपड़े के थैले का ही प्रयोग आम था। इसलिए अब इसे फिर से अपनाना कोई कठिन कार्य नहीं है। परिवर्तन की शुरुआत हमें अपने घर और आसपास से करनी होगी। इस अवसर पर रोटरी क्लब के पदाधिकारियों द्वारा दर्जनों लोगों में जन जागरूकता हेतु कपड़े के झोले वितरित किए गए। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष वाहिद अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, निदेशक अमित श्रीवास्तव, डॉ. जे.के. पटेल, सह-कोषाध्यक्ष सदरे आलम, राजीव तिवारी, हेमंत गर्ग, रंजीत श्रीवास्तव, सरवरे आलम छोटे, वैभव राव, शिवजी जायसवाल, उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के सेन्दुरिया निवासी घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के सेंदुरिया विशुनपुर निवासी चंद्रभान सिंह पुत्र विंध्याचल उम्र लगभग 72 वर्ष बुधवार को जगदीशपुर किसी काम से जा रहे थे की अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मार कर फरार हो गया जिससे चंद्रभान गंभीर रूप से घायल हो गए परिजन उन्हें मेडिकल कालेज गोरखपुर ले गए जहां उनका इलाज चल रहा था शुक्रवार की देर शाम इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई इस घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# डीएम ने बरहज और खुखुन्दू में गो आश्रय स्थलों का लिया जायजा

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने शनिवार को बरहज के कान्हा गो-आश्रय स्थल और खुखुन्दू के कांजी हाउस का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, बरहज नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष और तहसीलदार बरहज मौजूद रहे। कान्हा गो-आश्रय स्थल, बरहज में 284 गोवंश संरक्षित हैं, जिनमें 29 मादा और 254 नर गोवंश शामिल हैं। जिलाधिकारी ने गोशाला में स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित %गोबर पेंट% निर्माण संयंत्र का अवलोकन किया और इसे पर्यावरण संरक्षण व महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अनुकरणीय स्वदेशी प्रयास बताया। उन्होंने इस नवाचार की प्रशंसा करते हुए इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने वाला कदम करार दिया। जिलाधिकारी ने गोवंशों को अपने हाथों से गुड़ और केला खिलाया। उन्होंने गोशाला में स्वच्छता, हरा चारा, स्वच्छ पेयजल, साइलेज, भूसा और पशु आहार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, गर्मी और लू से बचाव के लिए विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी। इसके बाद जिलाधिकारी ने खुखुन्दू के कांजी हाउस का दौरा किया, जहां 58 गोवंश संरक्षित हैं। इस अवसर पर पशुचिकित्सा अधिकारी भलुअनी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत और मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे। यहां भी जिलाधिकारी ने गोवंशों को केला, गुड़ और चना खिलाया। उन्होंने सोलर पैनल और पंखे लगाने के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा, गौ संरक्षण केवल धार्मिक या सांस्कृतिक कर्तव्य नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक प्रभावी माध्यम है।

**गौ संरक्षण और महिला सशक्तिकरण की पहल को सराहा**

# मंडलायुक्त ने कम्पोजिट विद्यालय पाराकलाँ में एमडीएम शेड का किया उद्घाटन



**अवधनामा संवाददाता**

**रायबरेली।** मंडलायुक्त लखनऊ डॉ रोशन जैकब ने वि.ख.महाराजगंज स्थित कंपोजिट विद्यालय पाराकलाँ में मनरेगा द्वारा निर्मित एमडीएम शेड का उद्घाटन किया। इस शेड के बन जाने से विद्यालय के बच्चों को साफ सुथरा और व्यवस्थित मिड डे मील प्राप्त हो सकेगा, साथ ही विद्यालय की गुणवत्ता में सुधार होगा।प्राइमरी स्कूल में मिड डे मील किचन शेड का निर्माण होने से पर्याप्त भंडारण, तैयारी और खाना पकाने के क्षेत्र और एकीकृत वाश सुविधाओं के साथ मॉडल एमडीएम किचन शेड छात्रों को सुरक्षित और स्वच्छ भोजन सुनिश्चित कराएगा। मंडलायुक्त लखनऊ ने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के साथ विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को पठन-पाठन सामग्री भी वितरित की। जिसमें पेंसिल बॉक्स, शिक्षा पर प्रेरक कहानी की पुस्तके, चार्ट आदि शामिल है। उन्होंने विद्यालय में स्मार्ट क्लास की सुविधाओं की भी जानकारी ली।

**मंडलायुक्त ने विद्यालय में बच्चों को वितरित किया पठन-पाठन सामग्री**

### मंडलायुक्त ने ग्राम पंचायत पोखरनी में स्थित अमृत सरोवर का किया अवलोकन

मंडलायुक्त, लखनऊ डॉ रोशन जैकब ने ग्राम पंचायत पोखरनी में नवनिर्मित अमृतसर सरोवर का अवलोकन भी किया। उन्होंने यहां पर कार्य की गुणवत्ता को देखते हुए निर्देश दिया कि मानसून आने से पहले ही सरोवर में जलभराव कर लिया जाए। उन्होंने अमृत सरोवर परिसर में जिलाधिकारी के साथ वृक्षारोपण भी किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, उपजिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव, डीसी मनरेगा रवि शंकर पांडेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, ग्राम प्रधान गीता सहित विद्यालय के कार्मिक उपस्थित रहे।

# कपूरीपुर पंचायत पेयजल योजना में हुए 484 जल कनेक्शन, विधायक सुरेश पासी ने किया निरीक्षण

## चौपाल लगाई और ग्रामीणों को दिए परियोजना की सुरक्षा के संदेश



**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** शनिवार को पूर्व मंत्री और जगदीशपुर विधानसभा के विधायक सुरेश पासी ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कपूरीपुर पंचायत पेयजल योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद चौपाल लगाकर ग्रामीणों को हर घर नल परियोजना को ठीक से संचालित करने और परियोजना, ओवरहेड और जलवितरण प्रणाली को सुरक्षित रखने के संदेश दिए। कपूरीपुर पंचायत पेयजल योजना के सेवित क्षेत्र में हुसैन गंज, कपूरीपुर,पूरे शिवनंदन और पूरब गांव शामिल हैं। यहां लक्ष्य 412के सापेक्ष 484 जल कनेक्शन हुए हैं।जल वितरण प्रणाली की लम्बाई 9995मी है। परियोजना का निर्माण 5136 आबादी को आधार बनाकर किया गया है। विधायक सुरेश पासी ने घर घर जाकर जल कनेक्शन का निरीक्षण किया और गांव के लोगों से जलापूर्ति के बारे में जानकारी ली। अधिशासी अभियंता इंजीनियर अनिल कुमार राव, डी पी एम यू के जिला समन्वयक, अवर अभियंता इंजीनियर नीरज प्रजापति, जल निगम डी पी एम यू/टी पी आई /कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

## पाकिस्तान का विदेशों में पोल खोलेंगे सांसद

**देवरिया।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकवादी गतिविधियों के खिलाफ सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में तथा आतंकवादियों के सरपरस्त पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए भारत सरकार ने विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों का एक डेलिगेशन बनाया है जो विदेशों में जाकर पाकिस्तान की करतूतों को उजागर करेगा। इसके तहत विभिन्न दलों के सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों को अलग अलग देशों में भेजा जाएगा। इस प्रतिनिधिमंडल में देवरिया के सांसद शशांक मणि को भी शामिल किया गया है। भारत सरकार द्वारा सदर सांसद शशांक मणि को ऐसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, विजयलक्ष्मी गौतम, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, पंडित गिरीशचंद तिवारी, सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, सुरेंद्र चौरसिया, जयप्रकाश निषाद, दीपक मिश्रा शाका, सभाकुंवर कुशवाहा, सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# सीडीओ ने रात में किया तीन अस्पतालों का निरीक्षण, स्वच्छता की स्थिति ठीक नहीं मिली



**डाक्टरों की पालीवार ड्यूटियां लगाने, औषधीय और रोग विवरण पर्चियां तैयार करने के निर्देश दिए**

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अस्पतालों में रात्रिकालीन सेवाओं और चिकित्सकों की उपस्थिति की जानकारी को मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने शुक्रवार की देर रात जिला चिकित्सालय और दो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। सी डी ओ के निरीक्षण के दौरान सी एम ओ डा अंशुमान सिंह,एस डी एम प्रीति तिवारी और आशीष कुमार सिंह भी मौजूद रहे।सी डी ओ ने 9.50बजे से 11.25बजे तक अस्पतालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भर्ती मरीजों की औषधीय पर्चियां और रोग विवरण पर्चियां तैयार करने के साथ चिकित्सकों की पालीवार ड्यूटियां लगाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी और संग्रामपुर में स्वच्छता की स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। सी डी ओ ने मरीजों से बातचीत कर चिकित्सा सेवाओं और भोजन के बारे में जानकारी ली। सीडीओ ने शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिलाने के निर्देश दिए। ओ पी डी और भर्ती रजिस्टर के साथ दवाओं के स्टोर और वितरण काउंटर का भी निरीक्षण किया। मरीजों को बाहर की दवाएं न लिखने के विशेष निर्देश दिए।

# संघर्षशील नेतृत्व की सशक्त हस्ताक्षर थीं रानी अहिल्याबाई होल्कर : संतराज यादव

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान तथा 18 मई को भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित होने वाली भारत शौर्य तिरंगा यात्रा के निमित्त तैयारी बैठक आयोजित की गई । बैठक के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर मराठा साम्राज्य की एक संघर्षशील नेतृत्व का सशक्त हस्ताक्षर थीं।

उन्होंने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार पार्टी ने 21 मई से 31 मई तक देश के सभी जिलों में वृहद स्तर पर पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाने का निर्णय लिया है। इस हेतु रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन चरित्र को समाज के निचले स्तर तक ले जाने के लिए उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिला गोष्ठी, महिला सशक्तिकरण के लिए दौड़, नदियों के घाटों पर स्वच्छता, ब्लाक स्तर एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रम करना तथा रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाना है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के निमित्त पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ करारा जवाब दिया है इसके उपलक्ष्य में अपने देश की सेना का सम्मान बढ़ाने के लिए विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद में रामचंद्र विद्यार्थी पार्क से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान, सदर सांसद शशांक मणि, उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, परिवहन एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह, जनपद के सभी जनप्रतिनिधि सहित भारी संख्या में जनता भी शामिल रहेगी।

जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि हमारे देश की सेना ने अदभुत पराक्रम दिखाते हुए दुश्मनों के 9 ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जिसके सम्मान में हम सभी तिरंगा यात्रा निकालेंगे। बैठक को अभियान के सह संयोजक श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने भी संबोधित किया तथा संचालन अभियान के जिला संयोजक व जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट ने किया।

**सेना के सम्मान में आज निकलेगी तिरंगा यात्रा**

## भारतीय सेना के सम्मान में गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय पार्क से निकाली गई तिरंगा यात्रा

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जनपद में भारतीय सेना के सम्मान में विशाल



तिरंगा-शौर्य-यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने श्री गोविंद सिंह पार्क में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सैनिकों के सम्मान की गौरव गाथा है। तिरंगा शौर्य यात्रा श्री गुरु गोविंद सिंह पार्क से निकलकर शहीद चौक (डिग्री कॉलेज चौराहा), हाथी पार्क, अस्पताल चौराहा दीवानी न्यायालय, घंटाघर चौराहा, सुपर मार्केट, खालसा चौक होते हुए चंदापुर कोठी परिसर में स्थित श्री जगमोहनेश्वर महादेव मंदिर पर सम्पन्न हुई। जहां पर उद्यान मंत्री ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ भारतीय सैनिकों को शक्ति प्रदान करने के लिए पूजा अर्चना की। तिरंगा शौर्य यात्रा में सभी पंथ, वर्ग, दलों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस यात्रा में सलोन विधायक अशोक कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी, रामदेव फौजी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, पूर्व सभासद तेज बहादुर भरती,सुरेंद्र सिंह दाढ़ी,तिरंगा यात्रा संयोजक शरद सिंह, नन्द किशोर तिवारी, पप्पू लोहिया, देवेन्द्र सिंह, जन्मेजय सिंह, अनुज मौर्य,अभिषेक वर्मा विवेक शुक्ला आशुतोष पांडेय, रेनू सिंह, अनीता श्रीवास्तव, वंदना कश्यप, प्राची शालू,आकांक्षा शुक्ला, सुधा अवस्थी, विधु सिंह, सरिता सिंह, अन्य लोग शामिल हुए।

# बढ़ते तापमान के बीच विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की



अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** गर्मियों की तपिश दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और इसी के साथ बिजली की मांग भी आसमान छूने लगी है। ऐसे में विद्युत विभाग, पीलीकोठी बाँदा की ओर से सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है। विभाग ने एक सार्वजनिक सूचना जारी कर बताया कि अत्यधिक गर्मी और तापमान के कारण ट्रांसफार्मरों और केबलों पर अत्यधिक भार पड़ रहा है, जिससे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है।

विद्युत विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों और प्रतिष्ठानों में बिजली का उपयोग सोच-समझकर और आवश्यकता अनुसार करें, जिससे लोड को संतुलित रखा जा सके और किसी भी प्रकार की दुर्घटना या व्यवधान से बचा जा सके।

### विभाग द्वारा जारी सुझाव इस प्रकार हैं:

**रात्रि में सभी अनावश्यक लाइट बंद करें:**
सोने से पहले घर की सभी अतिरिक्त लाइटें बुझा दें जिससे बिजली की बचत हो सके।

**एसी का तापमान 25-26 डिग्री पर रखें:**
एयर कंडीशनर को कम तापमान पर चलाना न केवल बिजली की खपत को बढ़ाता है बल्कि उपकरण को नुकसान भी पहुंचा सकता है। 25 या 26 डिग्री तापमान आदर्श माना गया है।

**कम से कम एसी का प्रयोग करें:** यदि घर में एक से अधिक एसी हों तो केवल आवश्यकता अनुसार ही एक एसी का उपयोग करें।

**सभी विद्युत उपकरणों की जाँच करें:** रात को सोने से पहले यह सुनिश्चित करें कि कोई भी अनावश्यक उपकरण चालू न हो।

**सजावटी लाइट्स बंद करें:** सजावटी बल्बों और लाइटों को रात्रि में बंद कर देना चाहिए ताकि अतिरिक्त बिजली की खपत रोकी जा सके।

**संभावित खतरों की सूचना तत्काल दें:** यदि केबल, ट्रांसफार्मर या किसी अन्य विद्युत उपकरण में चिंगारी या आग की आशंका हो तो तुरंत ग्रुप या स्थानीय बिजलीघर को सूचित करें।

**विद्युत विभाग ने कहा:** आपका छोटा सा सहयोग विद्युत प्रणाली को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। हम सभी उपभोक्ताओं से अपील करते हैं कि वे इस भीषण गर्मी में लोड कम करने के प्रयास में हमारी मदद करें।

**सम्पर्क करें:** कोई भी आपात स्थिति होने पर तत्काल विद्युत विभाग, 94543 72435 बाँदा से संपर्क किया जा सकता है।

# डीएम का प्रयास लाया रंग

■ ग्लास वेयर के साथ फूड प्रोसेसिंग को भी ओडीओपी में एक अतिरिक्त उत्पाद के रूप में किया गया शामिल

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के प्रयासों से एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में ग्लास वेयर के साथ-साथ फूड प्रोसेसिंग को भी एक अतिरिक्त उत्पाद के रूप में ओडीओपी योजना में शामिल किया गया है, इस पहल से नवीन इकाईयां जनपद में स्थापित होंगी, जिससे एक लाख से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा, जिलें में इससे आलू प्रसंस्करण इकाईयों में सुधार होगा, इससे किसानों की दशा एवं दिशा सुधरेगी, जिलें में देखा जाए तो इस समय कुल 1.78 लाख हे0 कृषि क्षेत्र है, जिसमें से कुल 48000 हे0 पर आलू की खेती की जा रही है, आलू प्रसंस्करण इकाई के अलावा कृषि आधारित उत्पादों जैसे- आचार, मुरब्बा, चिप्स जैम और जैली जेसे प्रोडक्शन यूनिटों को इससे फायदा पहुेचेगा, फूड प्रोसेसिंग इकाईयों से युवाओं और तकनीकी रूप से कुशल लोगों को नये रोजगार मुहैया होंगे, ओडीओपी के तहत अतिरिक्त उत्पाद में फूड प्रोसेसिंग के रूप में शामिल करने से युवाओं को नए क्षेत्र में कारोबार करने का मौका मिलेगा, जैसा कि विदित है कि लोकल को ओकल करने के विचार से छोटे शहरों के उत्पादों को अंतराष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से उ0प्र0 सरकार ने 24 जनवरी 2018 को ओडीओपी योजना की शुरूआत की प्रमुख उद्देश्य था लघु कुटीर और मध्यम उद्योगों का विकास करना जिससे न केवल क्षेत्रीय उत्पादों को पहचना मिलेगी अपितु इससे बडी संख्या में युवाओं को रोजगार भी मिलेगा, इस योजना को संचालित करने के लिए पुरूषों को एक लाख रू. और महिलाओं को डेढ लाख रू. की लोन सब्सिडी दी जाएगी, इस योजना से परम्परागत उद्योगों को एक नया जीवन मिलेगा अपितु इन व्यवस्याओं से जड़े हुए लोगों को भी आर्थिक रूप से सम्बल बनाने में मदद मिलेगी।

# नगर पालिका परिषद बन गया हंगामा घर

अवधनामा संवाददाता

■ नगर एवं नागरिक सुविधाओं को पालिका ने डाला जैसे रद्दी को टोकरी में

**शाहजहांपुर।** तिलहर-नागरिक सुविधाओं के लिए 1884 में स्थापित तिलहर नगर पालिका परिषद, अब नागरिकों को सुविधाएं देने में धीरे धीरे पिछड़ता जा रहा है। नगर की सड़के, पेय जल, भवन मान चित्र, अतिक्रमण, तांगा और रिक्शा स्टैंड, नाले और नालियों की सफाई जैसी नगर की मूलभूत सुविधाएं, अब नागरिकों को नगर पालिका स्तर से मिलना बहुत पुरानी बाते हो चली है।

नगर विकास रूपी नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं के संबंध में पालिक बोर्ड की, होने बाली बैठके, सिर्फ हंगामई खेल हो कर, नगर भर के लिए हंसी का पात्र बन रही है। आए दिन किसी न किसी बात को लेकर नगर पालिका कर्मचारियों से कभी सभासद तो कभी आम नागरिकों में मुंह जोरी होकर बात पुलिस थाने तक पहुंचना और फिर अचानक समझौता हो जाना आम बात हो गई है। नगर पालिका की यह स्थिति अब किसी से छिपी नहीं रह गई बल्कि आम तौर पर चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि यह कोई नई बात नहीं लेकिन वर्ष 2023 के बाद नागरिकों की मूलभूत समस्या और सुविधाओं को छोड़ भ्रष्टाचार के आरोप प्रत्यारोप लगाए जाने में हंगामा घर बनने वाली नगर पालिका परिषद तिलहर एवं तिलहर के नागरिकों की सुनने का समय अब सम्मानित सभासदों सहित अधिशाषी अधिकारी और चेयरपर्सन के पास तक नहीं तो कर्मचारियों को क्या लेनादेना। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में जहां नगर पालिकाएं अपने नगर को विकास और सौंदर्यकरण में आगे निकल रही है तो वहीं स्थानीय नगर के हालात नगर के वासियों से छिपे नहीं है। एक दौर था कि जब प्रकाश के निश्चित समय में भी नगर की जगमगाहट, साफ सुथरे रोड व गलियों के चर्चे, आसपास की नगर पालिका क्षेत्रों में जम कर सुनने को मिलते थे परंतु आज नगर की शायद ही कोई गली एवं सड़क बाकी होगी जिस पर रात के अंधेरे में पैदल चलना आसान हो। सरकार की ओर से जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र बनाया जाना जितना ज्यादा सुविधाजनक किया गया तो तिलहर पालिका द्वारा आवेदकों के लिए अत्यधिक कठिन हो गया जो महीनों पालिका के चक्कर लगाते हुए दिखाई पड़ते हैं। सरकार की मंशानूरूप जहां अतिक्रमण पहले के मुकाबले अब न के बराबर होना चाहिए था तो वहीं अतिक्रमण की बढ़ोतरी नहीं हुई बल्कि अवैध कब्जों की भरमाण नजर आने लगी है। खुदी और टूटी सड़कों पर पालिका द्वारा चेतावनी के बड़े बड़े बोर्ड तो जरूर लगे है लेकिन उस संबंध में जब भी पालिका के अधिकारियों को फोन किया जाए तो वे कभी पी डब्ल्यू डी तो कभी जलनिगम का काम बोल कर अपने पल्ला झाड़ ले दिखाई पड़ते हैं। बमुश्किल नगर में एक मात्र महिला आई टी आई का निर्माण होने के बाद नगर के कितने बच्चों को दाखिला मिल सका, बाँट माँप केंद्र कार्यालय से नगर के कितने व्यापारी नफा उठा पा रहे है, होम्योपैथिक अस्पताल के निर्माण में अभी और कितना समय लगेगा, आयुर्वेदिक अस्पताल की इमारत की शुरुआत कब होगी आदि जन सुविधा छोड़, पालिका परिषद में नगर की सम्मानित जनता का प्रतिनिधित्व कर रहे सम्मानित जिम्मेदार, सीधा सीधा अपने ही अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए बैठकों को वहिष्कार ही नहीं कर रहे बल्कि स्वयं का नफा देख कर जनहिताय कार्यो को ठंडे बस्ते में डाल कर बैठे नजर आते हैं।

# नासिरगंज में लगा मेला, बाल विवाह और गर्भ निरोधक साधनों पर हुई चर्चा

अवधनामा संवाददाता

■ उम्मीद परियोजना के तहत आयोजित स्वास्थ्य मेले ने महिलाओं को दी आवाज़



**बहराइच।** अब हमें चुप नहीं रहना पड़ता पहले जो बातें दबा दी जाती थीं, अब उन्हें खुलकर कहने का मौका मिलता है÷ यह बदलाव महसूस कर रही हैं नासिरगंज की किशोरियाँ और महिलाएं, जो अब मासिक धर्म, बाल विवाह और गर्भ निरोधक जैसे विषयों पर खुलकर बात कर रही हैं और यह संभव हुआ है स्वास्थ्य मेलों के ज़रिए। नासिरगंज की 16 वर्षीय नाज़िया कहती हैं ÷पहले जो बातें घर के अंदर भी नहीं कही जाती थीं, अब उन्हें स्वास्थ्य मेला में खुलकर पूछा जा सकता है।÷, नाजिया पहली बार स्वास्थ्य मेले में आई थीं और वहां से न सिर्फ सेनेटरी पैड लेकर लौटीं, बल्कि मासिक धर्म से जुड़े मिथकों को भी वहीं छोड़ आई।यह अकेली नाज़िया की कहानी नहीं है। जरवल ब्लॉक के नासिरगंज गांव में आयोजित स्वास्थ्य मेले ने दर्जनों किशोरियों और महिलाओं को ऐसी बातें करने का मंच दिया, जो पहले संकोच और चुप्पी में दब जाती थीं।

यह मेला स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से, 'उम्मीद परियोजना' के तहत आयोजित हुआ। मेले में कुल 557 लोगों का पंजीकरण हुआ, जिनमें 362 महिलाएं और पुरुष तथा 197 किशोर-किशोरियां शामिल रहीं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश ने बताया मेले में स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ परिवार नियोजन के साधनों–जैसे कंडोम, गर्भनिरोधक गोलियां माला-एन, सासाहिक छाया सहित अंतरा इंजेक्शन और कॉपर-टी जैसी दीर्घकालिक विधियों पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि इन उपायों से महिलाओं को गर्भावस्था के बीच उचित अंतराल मिलता है, जिससे उनका स्वास्थ्य बेहतर रहता है। मेले में 48 लोगों ने इन साधनों का लाभ उठाया, इसके अलावा 115 महिलाओं व किशोरियों को सेनेटरी पैड व 87 लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जांच कर दवाएं दी गई। मेले में 10 आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

मोबियस फाउंडेशन के राज्य प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने सही उम्र में शादी की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बाल विवाह न केवल शिक्षा के अधिकार को छीनता है, बल्कि 20 वर्ष से पहले की गर्भावस्था से जच्चा-बच्चा दोनों के जीवन पर खतरा बढ़ जाता है। बाल विवाह एनीमिया, कुपोषण और मातृ मृत्यु दर जैसी समस्याओं को बढ़ावा देती है। मेले में लखनऊ से आई नुक्कड़ नाटक टीम के कलाकारों की संजीदा प्रस्तुति ने दर्शकों को न केवल जानकारी दी, बल्कि सोचने के लिए भी मजबूर किया।

इस मौके पर ब्लॉक मिशन मैनेजर, ग्राम प्रधान, एकीकृत बाल विकास सेवा के सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आरबीएसके टीम से डॉ. अब्दुल बारी, डॉ. अशोक, कम्युनिटी चैंपियन, बीसीपीएम सोनी जायसवाल, पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया से जीपीओ रामबरन यादव , डॉ सफिया समीर, पीसी अजय शुक्ला, एफओ बिंदू, फील्ड फैसलीटेटर, मोबियस फाउंडेशन के राज्य प्रतिनिधि डॉ0 शोभा एवं गीता कुमारी सहित स्थानीय विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 10 का निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्ग निर्देशन में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सिरसागंज में किया गया, इस दौरान राजस्व, पुलिस, पूर्ति विभाग, जिला पंचायत, बेसिक शिक्षा विभाग इत्यादि से संबंधित शिकायतें आई, जिनमें से कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया और कुछ का जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व और पुलिस की टीम बनाकर निस्तारित करने के आदेश दिए गए। इस दौरान एक मामला राम बहादुर पुत्र गौरी शंकर निवासी ग्राम जहांगीरपुर का आया जिसमें पक्की मुडडी गड़वाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर राजस्व निरीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी चकबंदी, एस एच ओ सिरसागंज को इस मामले को निस्तारण करने के आदेश दिए गए, निस्तारण के उपरांत नियुक्त टीम जिलाधिकारी को भी अवगत कराएगी। इसी तरह धर्मवीर, लाखन सिंह, मंजेश कुमार ने शिकायत की, की राम हटी अपने गुंडागर्दी व ताकत के बल पर सरकारी रास्ता व ग्राम सभा के घुरे के गढ्ढ़ों पर अतिक्रमण कर अपने खेतों में जबरन मिला रखा है, और रास्ते को भी बंद कर रखा है, जिससे ग्राम वासियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही साथ गांव के सभी घरों के पानी की निकासी भी नहीं हो पा रही है। इस प्रार्थना पत्र पर पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर जांच करने के आदेश दिए गए, इसी तरह विजेंद्र पुत्र कांता प्रसाद जो की मलाहपुर शाहजहांपुर पोस्ट धातरी का निवासी है, उसने शिकायत की, कि वह अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए कई बार ग्राम पंचायत अधिकारी मलाहपुर शाहजहांपुर के पास गया, परंतु उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया, इस पर खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया, कि संपूर्ण मामले की जांच कर आख्या उपलब्ध कराऐं, इसी तरह कुल मिलाकर 61 शिकायतें आयीं, जिनमें 10 का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, इस दौरान उप जिलाधिकारी सिरसागंज विकल्प, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिरसागंज एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

### पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा का तहसील दिवस में हंगामा

**शाहजहांपुर।** जनपद के तहसील तिलहर में आयोजित तहसील दिवस में पहुंचे तिलहर विधानसभा से विधायक रहे रोशनलाल लाल वर्मा ने तहसील कर्मचारियों पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया उन्होंने कहा समाधान दिवस के रूप में नाटक किया जा रहा है जनता अपनी जन समस्याओं को लेकर दर-दर भटक रही है कोई सुनने वाला नहीं है रोशन लाल वर्मा ने मीडिया को बताया उनकी खुद की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा हो गया है और अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है उन्होंने कहा जब हमारी नहीं सुनी जा रही तो आम जनता की कैसे सुनी जाएगी।

# उच्च रक्तचाप को न बनने दे साइलेंट किलर: डॉ0 संदीप

अवधनामा संवाददाता




**बहराइच।** जनपद के सीएमओ कार्यालय सभागार में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय की एनसीडी क्लीनिक समेत समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ डॉ0 संजय कुमार ने कहा कि हर साल 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे (विश्व उच्च रक्तचाप दिवस) मनाया जाता है। हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन एक ऐसा नाम है जिसे 'साइलेंट किलर' भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि आजकल 20 से 30 साल के युवाओं में उच्च रक्तचाप के लक्षण मिलना बहुत जटिल समस्या है। एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 संदीप मिश्रा ने बताया कि हाई ब्लड प्रेशर या उच्च रक्तचाप दिल, दिमाग और किडनी को साइलेंट तरीके से नुकसान पहुंचाता है इसलिए इसे साइलेंट किलर कहा जाता है। 40 वर्ष से कम आयु के युवा मुख्य रूप से तनाव, शारीरिक गतिविधि की कमी और नींद की कमी आदि के कारण हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं क्योंकि इस बीमारी के लक्षणों को व्यक्ति आम तौर पर पहचान ही नहीं पाता है। रेगुलर बल्ड प्रेशर की जांच करते रहना चाहिए ताकि उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर बनने से रोका जा सके। आज विश्व उच्च रक्तचाप दिवस है और आज की थीम मिजर योर ब्लड प्रेशर एक्यूरेटली, कंट्रोल इट, लिव लांगर रखी गई है। नोडल अधिकारी डॉ0 संदीप ने बताया कि उच्च रक्तचाप के लक्षणों में चिड़चिड़ापन, सिरदर्द, सांस लेने में कठिनाई, थकान, या चक्कर आने जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। हम अपनी डाइट में साबुत अनाज, फल, सब्ज़ियाँ और कम नमक वाले खाने से उच्च रक्तचाप को नियंत्रित कर सकते है। हमें प्रतिदिन स्वस्थ जीवनशैली का पालन करना, संतुलित आहार लेना, नियमित व्यायाम करना, तनाव कम करना, धूम्रपान और शराब का सेवन न करे, और नियमित रूप से रक्तचाप की जांच करते रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डीएचआईओ बृजेश सिंह ने कहा कि उच्च रक्तचाप के लगभग तीन-चौथाई मामले फैटी लिवर रोग से भी जुड़े हैं जिसका मुख्य कारण डिजिटल उपकरणों का लगातार उपयोग है। इससे तनाव का लेवल बढ़ता है और नींद का पैटर्न भी बाधित होता है। जो कि आजकल के युवाओं में सबसे ज्यादा देखने को मिलता है। एनसीडी क्लीनिक के डॉ0 अंशुमान सिंह श्रीनेत्र ने बताया कि वे लोग जो दिन में बहुत ज्यादा स्मोकिंग करते हैं उन्हें भी हाई ब्लड प्रेशर की प्रॉब्लम हो सकती है। स्मोकिंग करने से ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाती हैं। इसके चलते ब्लड प्रेशर का लेवल हाई होने लगता है। जेरियाट्रिक कार्यक्रम के डॉ0 परितोष तिवारी ने बताया कि वर्तमान समय में 30 साल या इससे अधिक उम्र के लोगों में हाइपरटेंशन के मामले तेजी से देखने को मिल रहे हैं। हमें चाहिए कि हम हेल्दी डायट लें, सही लाइफस्टाइल फॉलो करें, भोजन में प्राकृतिक वनस्पतियों को शामिल करें, खट्टे फलों को डाइट में शामिल करें। इस अवसर पर एनपी एनसीडी से विवेक श्रीवास्तव, मो0 हारून मो0 फहीम, एनसीडी क्लीनिक से डॉ0 रियाजुल हक़, पुनीत शर्मा, स्वाती श्रीवास्तव, बृज प्रकाश, संतोष सिंह एवं मेंटल हेल्थ कार्यक्रम से मुकेश हंस, अजय कुमार महतो, सीमा कुमारी, अजय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### टूंडला चौराहा पर रोड़वेज बसें लगाती है जाम

अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** नगर के सुभाष चौराहा पर आगरा से चलकर एटा कासगंज बरेली आदि तक चलने वाली रोजाना सैकड़ों रोडवेज बसें बस स्टैंड से न गुजर कर सीधे रोड से ही सवारियां चढ़ाते उतारते हुए गुजरती है। जिससे इस भीषण गर्मी में सुभाष चौराहा पर जाम लग जाता है। जिससे आवागमन करने वाले यात्रियों राहगीरों और स्कूली बच्चों को जाम के झाम में फसे रहना पड़ता है। वहीं कई बार रोडवेज बसों से चढ़ने उतरने वाली सवारियां भी जाम के चक्कर में जल्दबाजी में चढ़ने उतरने पर गिरकर चोटिल हो जाती है। वहीं इस सब पर शासन प्रशासन आंख मूंदे हुए बैठा है,आखिर ऐसी क्या मजबूरी है जो शासन प्रशासन इन बसों को बस स्टैंड से होकर नही गुजार पा रहा है यह एक बड़ा प्रश्न बना हुआ है, वहीं परिवहन विभाग ने बस स्टैंड को एक प्राइवेट कुल्फी वाले को दे रखा है,जिसने बस स्टैंड को कुल्फी स्टैंड बना रखा है। जिसमे कुल्फी खाने वालों के प्राइवेट वाहन पार्क होते हैं। प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि कुल्फी वाला परिवहन विभाग व जिले के अन्य विभागों को मोटी रकम के साथ फ्री कुल्फी टिक्की की सेवा देता है,साथ ही सत्ताधारी सफेद पोसों से संबंध होने की वजह से कुल्फी संचालक ने बस स्टैंड पर कब्जा जमा रखा है। सत्ता किसी की भी हो लेकिन बस स्टैंड पर दशकों से कुल्फी वाले का कब्जा बरकरार बना हुआ है। जिसे हटाने की हिमाकत आज तक कोई नहीं कर पाया है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद एत्मादपुर (आगरा)

संख्या- 6092/न0पा0प0ए0/2025 दिनांक : 16.05.2025

### अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

जिलाधिकारी महोदय आगरा के स्वीकृत पत्र सं0-1979/एल.बी0सी0 दि0-18 मार्च 2025 क्रम में नगर पालिका परिषद एत्मादपुर (आगरा) 15 वें वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से ओपन ई टेण्डरिंग के माध्यम से निकाय सीमान्तर्गत वार्ड नं0-1 में शंकर लाल कुशवाह के मकान से बाबू खां के मकान तक सी0सी0 रोड एव नाली निर्माण कार्य कराना चाहती है जो ईटेण्डरिंग की बेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से टेण्डर आमंत्रित करती हैं। धरोहर राशि नगर पालिका परिषद एत्मादपुर आगरा के कैनरा बैंक शाखा एत्मादपुर के खाता सं0-0371101013537, IFSC कोड CNRB0000371 में नगद जमा करनी होंगी व जमा रसीद कार्यालय में जमा करनी होगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा। समय के उपरान्त प्राप्त निविदाओं पर व शसर्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| no. Sr. | नगर पालिका परिषद एत्मादपुर nppetmadpur01@gmail.com | ठेकेदार/VEnder Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | | 17/05/2025 1:30 PM | --- |
| 2 | | Tender Download | 17/05/2025 1:30 PM | --- |
| 3 | | Bid submission | --- | 17/05/2025 1:30 PM |
| 4 | Close for Bid | | --- | 23/05/2025 05:00 PM |
| 5 | Bid Opening | | --- | 24/05/2025 10:00 AM |

**नोट-** ठेकेदार ई-टेण्डरिंग प्रणाली के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रों के मूल अभिलेख नगर पालिका में प्रस्तुत करने होगें तथा निविदा शुल्क 100 रूपये प्रति लाख नगर पालिका परिषद एत्मादपुर के खाते में जमा करने होंगे। किसी भी परिवर्तन संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त बेवसाइट पर देख सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पलिका परिषद**
**एत्मादपुर (आगरा)**

**अध्यक्ष**
**नगर पलिका परिषद**
**एत्मादपुर (आगरा)**



## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा, सिद्धार्थनगर

पत्रांक /जर्जर भवन /129/2025-26 दिनाँक 16 मई 2025

### प्रेस-विज्ञप्ति

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के पत्रांक/समग्र शि0/नि0का0/9975-78/2024-25 दिनाँक 19 फरवरी 2025 द्वारा विकास खण्ड इटवा के प्रा0वि0 रेहरा कला मूल भवन न्यूनतम मूल्य 74000 को जर्जर घोषित करते हुए नीलामी हेतु ब्लाक स्तरीय नीलामी समिति को निर्देशित किया गया है।

उपरोक्त विद्यालयो का नीलामी दिनाँक 23/05/2025 को अपराह्न 02.00 बजे से कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा के कार्यालय में होगी। नीलामी प्रक्रिया में बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति/संस्था भवन के मूल्य का 25 प्रतिशत नगद रूप में नीलामी समिति के पास जमा कर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते है। अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति या संस्था के पक्ष में भवन नीलामी के लिए अधिकृत होगा। शेष समस्त व्यक्ति/संस्था को उनके द्वारा जमा धनराशि उसी दिन वापस कर दी जायेगी।

**(राजेश कुमार)**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**इटवा सिद्धार्थनगर**



## नन्द किशोर कैलाश चन्द्र महाविद्यालय
**टिकरा, बिसवाँ, सीतापुर - 261201**

**आवश्यकता है।**

**कला संकाय स्नातक**

सहायक आचार्य - कला संकाय (बी0ए0) हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, राजनीति शास्त्र एवं समाज शास्त्र विषय हेतु।

**विज्ञान संकाय - परास्नातक**

सहायक आचार्य - विज्ञान संकाय (एम.एस-सी0) जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवम रसायन विज्ञान विषय हेतु।
योग्यता एवं वेतनमान यू.जी.सी./ राज्य सरकार एवं लखनऊ वि.वि., लखनऊ के मानकानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन प्रार्थना पत्र समस्त शैक्षिक अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपियों एवं चार नवीनतम फोटो ग्राफ के साथ 31.05.2025 तक रजिस्टर्ड डाक द्वारा या सीधे महाविद्यालय कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते है।

**प्रबन्धक**
9450795313, 8299494262

# मानसिक स्वास्थ्य पर जिला स्तरीय संवाद

- किशोरियों-युवतियों ने साझा किए अनुभव

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** समर्थ फाउंडेशन द्वारा होटल कान्हा धाम में तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान के तहत मानसिक स्वास्थ्य पर जिला स्तरीय संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, तरंग किशोरियों, युवतियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। मानसिक स्वास्थ्य इकाई की डॉ. मानसी ने कहा कि तनाव, अनियमित दिनचर्या और असंतुलित परिवेश मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ने के प्रमुख कारण हैं। टेली-मानस के माध्यम से परामर्श, काउंसलिंग और दवाओं से मानसिक विकारों का उपचार संभव है। उन्होंने नियमित दिनचर्या, सकारात्मक सोच और तनाव प्रबंधन के तरीकों पर जोर दिया। एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेंद्र साहू ने बताया कि आयुष्मान केंद्र, जिला अस्पताल और पीएचसी पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। डॉक्टरों, शिक्षकों, आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और व्यवहार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के गौरीश पाल ने किशोर-किशोरियों के लिए योजनाओं की जानकारी दी और मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रयासों पर बल दिया। सखी वन स्टॉप सेंटर की मोनिका गुप्ता ने कन्या सुमंगला, स्पॉन्सरशिप जैसी योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया। बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष विभा भारती ने बच्चों के हित में विभागीय योजनाओं और सहयोग का आश्वासन दिया। सहयोग लखनऊ की सुनीता सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, जबकि समर्थ फाउंडेशन की कुमकुम ने मानसिक स्वास्थ्य सर्वे की रिपोर्ट प्रस्तुत की। खुशहाली अड्डा से जुड़ी माधुरी, मोहिनी और रोशनी पाल ने दोस्तों से संवाद, खेल, रील बनाने और परीक्षा तनाव दूर करने के अनुभव साझा किए। तरंग किशोरियों खुशबू, सोनी, नेहा, बबली आदि ने मानसिक खुशहाली के लिए और प्रयासों की मांग करते हुए कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने का सुझाव दिया। मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए माधुरी, मोहिनी और रोशनी को डॉ. मानसी, सुरेंद्र साहू, विभा भारती और मोनिका गुप्ता ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में बबली, आकांक्षा, ललिता, मोनिका, यशोदा।



**मानसिक स्वास्थ्य के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी: विशेषज्ञ**
कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और सामाजिक जागरूकता के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया। आधा सैकड़ा से अधिक किशोरियों और युवतियों ने इस संवाद में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के साथ डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

**इटावा।** नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 के तहत पूर्व सैनिक स्वयंसेवकों को संगठित करने के लिए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर हयात उल्ला के साथ ज़िलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें इटावा के सभी पूर्व सैनिक संगठनों के अध्यक्षों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि पश्चिमी सीमा पर मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए तथा देश की नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नागरिक सुरक्षा कोर के गठन की आवश्यकता है। जिला मजिस्ट्रेट नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1968 के तहत नियंत्रक के रूप में कार्य करते हैं, जो विभिन्न निर्दिष्ट उद्देश्यों के लिए स्वयंसेवकों को जुटाने, तैनाती और उपयोग करने की जिम्मेदारी रखते हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि सभी नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को राष्ट्र की सेवा के लिए अपनी क्षमता और योग्यता के अनुसार सर्वोत्तम कार्य करना होगा।

# 49 शिकायतें आईं, एक का भी निस्तारण नहीं

मौदहा में समाधान दिवस

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा, हमीरपुर।** नगर के तहसील परिसर में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में 49 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई, लेकिन एक भी मामले का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। इससे फरियादियों में निराशा देखी गई। जिला विकास अधिकारी चंद्र शेखर शुक्ला ने शिकायतों की जांच कर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। शिकायतों में नमामि गंगे योजना, आवास, और पेयजल संबंधी समस्याएं प्रमुख रहीं। कस्बा निवासी निर्भय ने बताया कि नगर पालिका पेयजल कनेक्शन के लिए गड्ढा खोदने की रसीद तो देती है, लेकिन गड्ढों की भराई नहीं कराती, जिससे आवागमन में परेशानी होती है। उमेश व्यास ने नेशनल चौराहा से इगोहटा तक लिंक मार्ग की खुदाई के बाद काम शुरू न होने की शिकायत की, जिससे राहगीरों को असुविधा हो रही है। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने भभौरा गांव में नमामि गंगे योजना के तहत बनी पेयजल टंकी का काम अधूरा होने की बात उठाई। गांव में पाइपलाइन और कनेक्शनों की भराई नहीं हुई, जिससे कुछ घरों में पानी नहीं पहुंच रहा। फरियादियों ने अधूरे कार्य जल्द पूरे करने की मांग की। समाधान दिवस की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी ने की। इस दौरान उप जिला अधिकारी राजकुमार गुप्ता, तहसीलदार शेखर मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। त्वरित निस्तारण न होने से फरियादियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

# दो घर आग की भेंट, रंजिशन आगजनी का आरोप



अवधनामा संवाददाता

- पीड़ितों ने लगाई मदद की गुहार

**मौदहा हमीरपुर।** मौदहा थाना क्षेत्र के ग्राम पारा में शुक्रवार देर रात अचानक लगी आग ने दो परिवारों की गृहस्थी को तहस-नहस कर दिया। आग की चपेट में आए गया प्रसाद यादव और राजेश यादव के घरों में रखा सारा सामान, अनाज और कपड़े जलकर राख हो गए। पीड़ितों ने रंजिशन आग लगाए जाने का आरोप लगाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात जब गांव के लोग सो रहे थे, तभी अचानक दोनों घरों की अटारी सहित अन्य हिस्सों में आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। नतीजतन, दोनों घरों में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ितों ने बताया कि इस घटना से उनके सामने जीविका का संकट खड़ा हो गया है। खाने-पीने की व्यवस्था तक मुश्किल हो गई है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल मदद की गुहार लगाई है। साथ ही, रंजिशन आग लगाए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस से मामले की गहन जांच की मांग की है। फिलहाल, आग से हुए नुकसान का आकलन नहीं हो सका है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर आक्रोश और दहशत का माहौल है।

# नारायन कालेज में समर कैम्प का शुभारम्भ

- रजिस्ट्रेशन के लिये सभी विद्यालयों के बच्चों की उमड़ी भीड़
- समर कैम्प कौशल विकास के लिये आवश्यक: डॉ. धमेन्द्र



वहाज अली निहाल

**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स में शनिवार को समर कैम्प का शुभारम्भ भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। समर कैम्प का उद्घाटन मुख्य अतिथि विनय कुमार सिंह उप निदेशक, लाइन सफारी नारायन ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन की निदेशिका डॉ.श्रेता तिवारी, प्रधानाचार्य डा.धर्मेन्द्र शर्मा एवं श्रीमती पूनम शर्मा ने माँ सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नारायन कॉलेज में समर कैम्प के अंतर्गत महत्वपूर्ण गतिविधियों और विभिन्न खेल और कला क्षेत्र से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई है। तैराकी, कराटे, नृत्य, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, ताइक्वाण्डो एवं बास्केट बाल आदि का प्रशिक्षण संबंधित कुशल विशेषज्ञों द्वारा दिया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के ऑडीटोरियम के मंच पर बच्चों ने विशेष प्रस्तुतियां दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई, तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा गीत एवं समूह नृत्य ने अपना रंग जमाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.धर्मेन्द्र शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि नारायन कॉलेज छात्र-छात्राओं के सम्पूर्ण विकास के लिये प्रतिबद्ध है। समर कैम्प के द्वारा छात्र-छात्राओं में छिपी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय प्रशिक्षकों के द्वारा उभारने की कोशिश की जाती है। समर कैम्प में न सिर्फ नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के छात्र-छात्राऐं अपितु इटावा शहर एवं आस-पास के क्षेत्र के प्रमुख विद्यालयों के छात्र-छात्राऐं भी प्रतिभाग करते हैं। भीषण गर्मी में समर कैम्प एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम बच्चां के एकेडमिक विकास के अलावा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी ध्यान देते हैं। ग्रीष्म अवकाश का सही उपयोग किया जाए और लम्बे तथा उबाऊ गर्मियों के दिनों को यदि मनोरंजन और ज्ञानवर्धन से जोड़ दिया जाए तो यह अपने आपमें एक महत्वपूर्ण कार्य है। श्री शर्मा ने कहा कि यह खुशी की बात है कि इस समर कैम्प में नारायन कॉलेज के बच्चों के अलावा अन्य विद्यालयों जैसे सेंट मैरी, संत विवेकानंद, सुदिति ग्लोबल एकेडमी आदि से भी बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। समर कैंप में सर्वाधिक रूचि तैराकी को लेकर देखी जा रही है। विद्यालय का अत्याधुनिक स्वीमिंग पुल वर्तमान में पूरे शहर के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं से अपने सम्बोधन में कहा कि नारायन कॉलेज द्वारा आयोजित समर कैम्प निश्चित ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने समर कैम्प में सम्मलित होने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी। समर कैम्प में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का प्रशिक्षण राष्ट्रीय तथा अर्न्तराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा किया जा रहा है जिसमें से प्रमुख रूप से श्री सजंय कुमार मिश्रा, ताइक्काण्डो, मोहम्मद कफील कुरैशी, फैजान कुरैशी, कराटे, चन्द्र मोहन तिवारी, कौशल किशोर, दुर्गेश कुमार, शूटिंग तथा आरचरी, मोहम्मद इफ्तिखार, तैराकी, सन्दीप कुमार, नृत्य, कृष्णकान्त, संगीत, जैलेन्द्र सिंह बास्केट बॉन तथा श्रीमती ऋतु कनौजिया आर्ट एवं क्राफ्ट आदि हैं।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल कोआर्डिनेटर उरूसा रिज़वान ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ऋतु कनौजिया, सन्दीप यादव, कृष्ण कान्त, तृप्ति सक्सेना, गौरी अग्निहोत्री, निशा पाण्डेय तथा सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### मौदहा में 20 बेड वाले वार्ड के संचालन के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**मौदहा हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** मौदहा तहसील के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 20 अतिरिक्त बेड वाले वार्ड के संचालन की मांग को लेकर नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) को ज्ञापन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता सैय्यद शहबाज अली ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को एक बेड पर कई लोगों के साथ उपचार कराने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में शासन द्वारा 20 बेड वाला एक वार्ड तैयार किया गया था, लेकिन यह अभी तक मरीजों के लिए शुरू नहीं हुआ है। सीडीओ ने इस जनहित के मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आशिफ शकील, विवेकचंद, दिनेश, मोहित, मयंक, दीपेश, अर्चना, आयुषी, शमा परवीन, रिजवान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक के के राज ने विकास कार्यो को लेकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक लखना एवं अनुसूचित जाति जनजाति आयोग सदस्य के के राज व युवा भाजपा नेता आयुष राज ने मुलाकात कर भरथना विधान सभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री आवास पर पूर्व विधायक एवं अनुसूचित जाति जनजाति आयोग सदस्य के.के.राज व पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य प्रत्याशी एवं युवा भाजपा नेता आयुष राज ने मुलाकात की तथा भर्थना विधानसभा क्षेत्र के अधूरे पड़े विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने की मांग की। पूर्व विधायक एवं अनुसूचित जाति जनजाति आयोग सदस्य के.के.राज ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरी बात को बहुत ही गम्भीरता से सुना और भर्थना विधानसभा क्षेत्र के अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूरा कराने का आश्वासन दिया।

### एनटीपीसी विंध्याचल ने ग्राम-ढोंटी तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान, स्थानीय लोगों ने लिया भाग




**सोनभद्र/विंध्यनगर, अवधनामा संवाददाता।** स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत एनटीपीसी विंध्याचल ने दिनांक 17.05.2025 को ग्राम-ढोंटी तालाब, वार्ड क्रमांक 38, में एक प्रेरणादायक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हुई।इस अभियान में स्थानीय निवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर स्वच्छता और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। इस अवसर पर एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ अधिकारी महताब आलम, वरिष्ठ प्रबंधक(मानव संसाधन) निखिल जायसवाल, कार्यपालक (सीएसआर) तथा वार्ड पार्षद अनिल कुमार वैश्य भी उपस्थित रहे। साथ ही नगर निगम के अपीलीय समिति सदस्यगण और समर्पित सफाई मित्रों ने भी अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। स्वच्छता अभियान से न केवल क्षेत्र के महत्वपूर्ण जलस्रोत का कायाकल्प हुआ, बल्कि इस पहल ने एनटीपीसी विंध्याचल की स्थानीय समुदाय के साथ सहभागिता को और भी सशक्त बनाया। यह आयोजन परियोजना की सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने की भावना का एक उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

### एनटीपीसी सिंगरौली वनिता समाज ने बालिका सशक्तिकरण की छात्राओं का बढ़ाया मनोबल



**सोनभद्र/शक्तिनगर,अवधनामा संवादाता।** एनटीपीसी सिंगरौली के नैगम सामाजिक दायित्व विभाग द्वारा संचालित बालिका सशक्तिकरण मिशन÷ के अंतर्गत दिनांक 17 मई 2025 को एनटीपीसी सिंगरौली के वनिता समाज द्वारा एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 6 से 12 तक की ÷जेम कार्यक्रम÷ में चयनित कुल 50 छात्राओं को अध्ययन सामग्री युक्त किट (बैग, कॉपी-किताबें, पेन-पेन्सिल आदि) भेंट की गई। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा (वनिता समाज) रहीं। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, ÷शिक्षा ही नारी सशक्तिकरण की सबसे मजबूत नींव है। हम चाहते हैं कि हर बालिका आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े और अपने सपनों को पूरा करे।÷ उन्होंने छात्राओं को न केवल पढ़ाई में आगे बढ़ने बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील भरथना में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील भरथना में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 47 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए।

उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी भरथना सुशांत श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी न्यायिक देवेंद्र कुमार पांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बृजेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी भरथना अतुल प्रधान, तहसीलदार सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कृषि अभियंत्रण संकाय में संपन्न हुआ फेयरवेल

**इटावा।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज, दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्रों की फेयरवेल पार्टी का आयोजन कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज के अकादमिक परिसर के सामने अधिष्ठाता डॉक्टर एन के शर्मा की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विक्रम सिंह, थाना प्रभारी, सिविल लाइन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने सभी छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में मत्स्य महाविद्यालय के नवनियुक्त अधिष्ठाता डॉ अजीत सिंह भी उपस्थित हुए। उन्होंने फेयरवेल को मनाए जाने के औचित्य को समझाया। कार्यक्रम का संचालन तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों मीनाक्षी गौतम, तनिष्क तोमर, प्रिया कुशवाहा, अखिलेश वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा कविता पाठ, चुटकुले, मिमिक्री और महाविद्यालय में बिताए हुए पलों और अनुभवों को सभी के साथ साझा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त फैकल्टी उपस्थिति रही।

# ऑपरेशन सिंदूर: तिरंगा यात्रा निकाली गई



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** यात्रा सवेरा कैंपस से शीतला मंदिर तक निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में एकत्र हुए लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर हिंदुस्तान जिंदाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद भारत माता की जय भारतीय सेना की जय के गगनभेदी नारे लगाए। साथ में चल रहे डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों ने वातावरण में देश प्रेम के प्रति उत्साह व जोश को दुगुना कर दिया। यात्रा में शामिल लोगों ने कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह की तस्वीर लेकर भारत की इन बहादुर बेटियों को दुश्मन को सबक सिखाने में अहम भूमिका निभाने पर धन्यवाद दिया। लोगों ने कहा कि हिंदुस्तान की इन बहादुर बेटियों पर देश को गर्व है। इस मौके पर मुख्यअतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलिप सिंह पटेल ने कहा कि हमारे भारतीय सेना के वीर रणबांकुरों ने पाकिस्तान के दांत खट्टे कर दिए। भारत की सेना के शौर्य को पूरी दुनिया देख चुकी है ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर। भारत मां के वीर सपूतों के रहते देश की सरहद को कोई आंख नहीं दिखा सकता। ये विशाल तिरंगा यात्रा ऐसे ही वीर सपूतों व भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए निकाली गई है। हर भारतीय को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गर्व है। सेना ने घर में घुसकर पाकिस्तान को उसकी करनी का दंड दिया। तिरंगे की आन बान और शान के लिए भारत का बच्चा बच्चा मिटने को तैयार है।

# जिलाधिकारी ने तिलौलीकलॉ गांव का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

- परिवर्तन की ओर कदम ग्राम पंचायत तिलौली कलॉ की सफलता की उड़ान

**सोनभद्र।** घोरावल के पंचायत भवन तिलौलीकलां का विधायक घोरावल डॉ अनिल कुमार मौर्य, जिलाधिकारी बी0 एन0 सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव कक्ष, ग्राम पंचायत कक्ष के स्थिति का जायजा लिया और उपस्थित ग्रामीणों से वार्ता कर पंचायत भवन में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर निःशुल्क खाद्यान्न वितरण दुकान का निरीक्षण किया गया और कोटेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, डी0 सी0 मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, ग्राम प्रधान महिमा सिंह, अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम के विकास के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, डी0पी0 आर0ओ0 से जानकारी प्राप्त किये, तो उनके द्वारा बताया गया कि जनपद में सफलता के विकास की मिसाल बनी है ग्राम पंचायत तिलौलीकलॉ, विकासखंड घोरावल के अन्तर्गत ग्राम पंचायत तिलौली कला ने अपने सतत विकास और समर्पित प्रयासों से एक आदर्श पंचायत का स्वरूप ग्रहण कर लिया है। विकास की यह कहानी सिर्फ ईंट-पत्थरों की नहीं, बल्कि ग्रामीणों की आशाओं, भागीदारी और समर्पण की जीवंत तस्वीर है, एक प्रयास, हजारों मुस्कानें पंचायत की बदलाव यात्रा, एक स्थान से अनेक



सुविधाएं, ग्राम पंचायत तिलौली कला में ग्रामीणों की सुविधाओं को एक ही परिसर में एकत्र कर नागरिकों को सहूलियत प्रदान की है। पंचायत भवन, मिनी पार्क, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सीएससी सेंटर, पुस्तकालय, अन्नपूर्णा भवन, अर्न्त्यस्थी स्थल का निर्माण कर गाँव को एक संपूर्ण सुविधा केंद्र में बदल दिया गया है, गांव की सोच, गांव का विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल को मिल रहा है बढ़ावा, गाँव में बच्चों के समग्र विकास हेतु खेल मैदान की स्थापना की गई है, दो आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उनके द्वार पर उपलब्ध करा रहा है, मनरेगा से बदली गाँव की तस्वीर, ग्राम पंचायत में जल संरक्षण हेतु अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है और पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से लगभग 2000 पौधों का रोपण किया गया है, बरसात के पानी को नालियों के माध्यम से तालाबों में जोड़कर जल संवर्धन की दिशा में सशक्त पहल की गई है, स्वच्छता से सम्मान तक एक गांव की स्वच्छता यात्रा, ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय व व्यक्तिगत शौचालय बनाकर खुले में शौच की प्रवृत्ति पर रोक लगाई गई है, स्वच्छता और कचरा प्रबंधन में नवाचार ग्राम ठोस प्रबंधन के लिए, खाद गड्ढे, कचरा पात्र और कूड़ा संग्रहण केंद्र की स्थापना कर स्वच्छता को प्राथमिकता दी गई हैं, डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण करके 450 रुपये की आय प्राप्त की गयी है, तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ग्रे वाटर को रोकने के लिए निम्न घटक बनाये गए है, हैंडपंप सोक पिट, सामुदायिक सोक पिट नाली, नवाचार से नव निर्माण तक पंचायत की सफलता गाथा, सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता गरीब परिवारों की बेटियों के लिए विवाह भवन का निर्माण कराया गया है।

## पति ने रक्तदान कर पत्नी को दिया जीवनदान

**हमीरपुर।** जिला अस्पताल में एक भावनात्मक और प्रेरणादायक घटना सामने आई, जहां चंदपुरा निवासी धीरेंद्र पाल ने अपनी पत्नी पूजा की जान बचाने के लिए रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। पूजा को डिलीवरी के दौरान अचानक खून की जरूरत पड़ी, जिसके बाद बुंदेलखंड रक्तदान समिति हमीरपुर के मोटिवेशन और त्वरित सहयोग से धीरेंद्र ने O+ पॉजिटिव 1 यूनिट रक्त दान किया। इस नेक कार्य से पूजा की जान बच गई।बुंदेलखंड रक्तदान समिति ने धीरेंद्र पाल के इस महादान की सराहना करते हुए उन्हें सलाम किया और कहा, रक्तदानी ही सच्चे महादानी हैं। समिति ने अपने बयान में आगे कहा, हमारा जुनून है रक्तदान का, और हम हर जरूरतमंद की मदद के लिए तत्पर हैं। यह घटना न केवल धीरेंद्र और पूजा के बीच के अटूट प्रेम को दर्शाती है।

**मुख्यमंत्री ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यां की समीक्षा की**

# पर्यावरण संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारीः मुख्यमंत्री

- वर्ष 2030 तक प्रदेश के हरित आवरण को 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य, आगामी 01 से 07 जुलाई के बीच वृहद पौधरोपण अभियान कोसमन्वय और जनभागीदारी के साथ संचालित करने के निर्देश
- वर्ष 2025 में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्षित अभियान चलाया जाएगा
- पौधरोपण अभियान के पूर्व न्यूनतम 50 करोड़ पौधों की नर्सरी तैयार रखने के निर्देश
- प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के सभी लाभार्थियों सहित 'जीरो पॉवर्टी' की श्रेणी में चिन्हित प्रत्येक परिवार को 'सहजन' का पौधा प्रदान किया जाए



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण केवल शासन की नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्ष 2030 तक प्रदेश के हरित आवरण को 20 प्रतिशत तक ले जाने का हमारा लक्ष्य तभी सफल होगा, जब वृक्षारोपण जनान्दोलन का स्वरूप ले। उन्होंने आगामी 01 से 07 जुलाई के बीच वृहद पौधरोपण अभियान पूरी तैयारी, समन्वय और जनभागीदारी के साथ संचालित किए जाने के निर्देश दिए। इसके अन्तर्गत वर्ष 2025 में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्षित अभियान चलाया जाएगा।

मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यां की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सम्बन्धित विभागीय मंत्रियों को पौधरोपण अभियान की पूर्व तैयारी की गहन समीक्षा करने और अभियान की सफलता के लिए न्यूनतम 50 करोड़ पौधों की नर्सरी तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोपे जाने वाले पौधों में अधिकतम जैव-विविधता सुनिश्चित की जाए, जिसमें फलदार, छायादार, औषधीय और इमारती पौधों का संतुलित समावेश हो। प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के सभी लाभार्थियों सहित 'जीरो पॉवर्टी' की श्रेणी में चिन्हित प्रत्येक परिवार को 'सहजन' का पौधा प्रदान किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक व्यापक 'नदी पुनरोद्धार अभियान' शुरू किया जा रहा है। इसके तहत राज्य की प्रमुख नदियों के दोनों किनारों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। साथ ही, सभी निर्माणाधीन, प्रस्तावित तथा क्रियाशील एक्सप्रेस-वे के दोनों ओर की खाली भूमि पर नियोजित वृक्षारोपण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेपाल से आने वाली नदियों में अत्यधिक सिल्ट की समस्या को गम्भीर बताते हुए उनके चैनलाइजेशन की सम्भावनाओं पर विचार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण के पर्यावरणीय ही नहीं, सामाजिक और आर्थिक पक्षों को भी अत्यन्त महत्वपूर्ण बताते हुए निर्देश दिए कि इस वृहद अभियान के बहुआयामी प्रभावों का विश्लेषण कराने हेतु आई0आई0एम0 जैसे प्रतिष्ठित संस्थान का सहयोग लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल रोपण नहीं, पौधों की सुरक्षा और पोषण भी हमारी साझा जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैव विविधता की दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध है। हर जिले की अपनी कोई न कोई विशिष्टता है, कहीं विरासत वृक्ष हैं, तो कहीं विविध प्रजातियों के वन्य जीव। इन सभी तत्वों का विधिवत दस्तावेजीकरण आवश्यक है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय में 'जैव विविधता रजिस्टर' तैयार कराया जाए।

मुख्यमंत्री ने सतत विकास की अवधारणा को जनमानस से जोड़ने हेतु निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में 'ग्रीन चौपाल' का आयोजन किया जाए।

# लुलु समर गेम्स शुरू

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** लखनऊ के प्रमुख शॉपिंग और लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन, लुलु मॉल में बहुप्रतीक्षित 'लुलु समर गेम्स' की शुरुआत हो चुकी है। लुलु समर गेम्स 16 मई से 20 मई 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। पाँच दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में टेबल टेनिस, फुटबॉल, मिनी गोल्फ, पिकलबॉल, शतरंज और बैडमिंटन जैसे छह रोमांचक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। ये खेल प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक मॉल परिसर में आयोजित किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में पहले दिन 100 से अधिक प्रोफेशनल टीमें विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभाग लिया और अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे ग्राहकों के बीच खेलों में प्रतिस्पर्धा का उत्साह और भी बढ़ गया। इन सभी गेम्स में ग्राहक भी प्रतिभाग कर सकते हैं, इच्छुक खेल प्रेमी ऑन-स्पॉट रजिस्ट्रेशन के माध्यम से भाग ले सकते हैं।लुलु मॉल के जनरल मैनेजर समीर वर्मा ने कहा मानसिक कसरत के साथ साथ शारीरिक कसरत भी आज के दौर में जरूरी है इसलिए लुलु मॉल ने लुलु समर गेम्स का आयोजन किया है। खेलों के अतिरिक्त, लुलु समर फिएस्टा में परिवारों और युवाओं के लिए कई मनोरंजक गतिविधियाँ और कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। लुलु समर गेम्स, इस भव्य उत्सव के प्रमुख आकर्षणों में से एक है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि इस सप्ताहांत लुलु मॉल, लखनऊ में हमसे जुड़ें और खेल, मस्ती और पारिवारिक मनोरंजन से भरपूर एक अविस्मरणीय अनुभव का हिस्सा बनें।

# उ.प्र. राज्य संग्रहालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** राज्य संग्रहालय, लखनऊ संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वार अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में अटल आवासीय विद्यालय, मोहनलालगंज लखनऊ में दिनांक 16 मई 2025 से विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत दिनांक 16 मई 2025 को ''हमेशा बदलते समुदायों में संग्रहालय का भविष्य'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 100 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। इस क्रम में आज दिनांक 17 मई 2025 को राज्य संग्रहालय, लखनऊ की कला कृतियों पर आधारित छायाचित्र एवं अनुकृति प्रदर्शनी लगाई गई साथ ही संग्रहालय का महत्व एवं उपयोगिता विषयक चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें लगभग 200 प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। समस्त कार्यक्रम का सफल संपादन डॉ0 सृष्टि धवन, निदेशक, राज्य संग्रहालय, लखनऊ के निर्देशानुसार कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 मीनाक्षी खेमका, सहायक निदेशक एवं टीम द्वारा किया गया। सभी कार्यक्रम में अटल आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों के सहयोग से सभी प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। पुरस्कृत प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य एवं सहायक निदेशक द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में अटल आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य सुखवीर सिंह ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और भविष्य में इस प्रकार के आयोजनों के लिए राज्य संग्रहालय, लखनऊ को पुनः आमंत्रित किया। इस आयोजन में डॉ0 अनिता चौरसिया, धनंजय राय, शारदा प्रसाद त्रिपाठी, सुप्रीती साहनी, प्रमोद कुमार सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, राहुल सैनी आदि तथा संग्रहालय कार्मिकों की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

## गुणवत्ता आश्वासन निदेशालय/मुंबई, आरडीएसओ द्वारा कोयंबटूर में वेंडरमीट का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**




**मुंबई/लखनऊ।** आरडीएसओ की हैदराबाद इकाई ने 15 मई 2025 को कोयंबटूर के कोडिसियाट्रेड फेयर कॉम्प्लेक्स में एक वेंडरमीट का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम कोयंबटूर जिला लघु उद्योग संघ (CODISSIA) के समन्वय में आयोजित किया गया। वेंडरमीट को SUBCON 2025 इंडस्ट्रियलफेयर (14 से 16 मई 2025) के साथ-साथ आयोजित किया गया ताकि अधिकतम औद्योगिक सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। इस कार्यक्रम में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से लगभग 75 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संजय कुमार शर्मा, कार्यकारी निदेशक/क्यूएएम/मुंबई ने रेलवे की खरीद प्रक्रिया, विक्रेता पंजीकरण एवं IREPS वेबसाइट पर स्वीकृति प्रक्रियाओं पर जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने भारतीय रेलवे के साथ मिलकर कार्य करने के अवसरों पर जोर दिया तथा पंजीकरण और खरीद प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु हाल ही में शुरू की गई डिजिटलपहलों को भी उजागर किया। सत्र का समापन एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का संतोषजनक समाधान किया गया। यह पहल स्थानीय उद्योगों को भारतीय रेलवे की आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करती है और इसे सभी उपस्थितजनों द्वारा सराहा गया।

# सी.एम.एस. आर.डी.एस.ओ. कैम्पस द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन

- साम्प्रदायिक सौहार्द व भाईचारे का दिया संदेश

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आर.डी.एस.ओ. कैम्पस द्वारा श्री हनुमान जी के विशाल भण्डारे का आयोजन आज विद्यालय परिसर में किया गया। भण्डारे का शुभारम्भ भगवान श्री राम के गुणगान एवं पवनपुत्र श्री हनुमान जी के पूजन व आरती से हुआ। इस अवसर पर सी.एम.एस. आर.डी.एस.ओ. कैम्पस की प्रधानाचार्या ज्योत्सना अतुल ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पवनपुत्र श्री हनुमान जी का भण्डारा सामाजिक समरसता को बनाये रखने का संदेश देता है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस भण्डारे में लखनऊ के प्रबुद्ध नागरिकों ने बड़ी संख्या में पधारकर प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे में भक्तजनों का भारी उत्साह देखने का मिला तथापि भक्तजनों की भारी भीड़ ने आध्यात्मिक उल्लास का अभूतपूर्व वातावरण सृजित किया।

श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. आर.डी.एस.ओ. का यह विशाल भण्डारा परम्परा एवं आस्था को अक्षुण्ण बनाये रखने के साथ ही समाज में एकता, शान्ति, सद्भावना व सौहार्द का सतत् प्रयास है। सी.एम.एस. अपने छात्रों को सर्वधर्म समभाव की शिक्षा देता है एवं यह भण्डारा भी इसी भावना की एक कड़ी है।

# एनर्जी टास्क फोर्स को गुमराह करने का आरोप

- बिजली कर्मियों का फूटा गुस्सा

**अवधनामा ब्यूरो**




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन पर गंभीर आरोप लगाया है कि उन्होंने एनर्जी टास्क फोर्स को गुमराह किया है। समिति का कहना है कि चेयरमैन ने निजीकरण के मुद्दे पर बिजली कर्मचारियों की आपत्तियों से टास्क फोर्स को अवगत नहीं कराया। इस कथित धोखे और पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण के संबंध में एनर्जी टास्क फोर्स द्वारा लिए गए एकतरफा निर्णय के विरोध में आज प्रदेश भर के बिजली कर्मचारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। कर्मचारियों ने वर्क टू रूल आंदोलन के साथ-साथ भोजनावकाश के दौरान सभी जिलों और परियोजनाओं पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आज प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन ने एनर्जी टास्क फोर्स के समक्ष विद्युत वितरण निगमों के घाटे के गलत आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। समिति ने दावा किया कि पॉवर कॉरपोरेशन ने टास्क फोर्स को अगले वित्तीय वर्ष में 65000 करोड़ के घाटे की जानकारी दी है, जबकि स्वयं पॉवर कॉरपोरेशन ने विद्युत नियामक आयोग को सौंपे गए अपने वार्षिक राजस्व आवश्यकता (ऋ्क्र) में अगले वित्तीय वर्ष के लिए केवल 9206 करोड़ के घाटे का अनुमान जताया है। समिति ने घाटे के आंकड़ों में कथित विसंगतियों को उजागर करते हुए बताया कि उन्होंने 12 मई को पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन और प्रबंधन के सामने एक विस्तृत पीपीटी प्रस्तुति दी थी। इस प्रस्तुति में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया था कि यदि सरकारी विभागों पर बकाया बिजली राजस्व प्राप्त हो जाए और समय पर सब्सिडी की धनराशि मिल जाए, तो पॉवर कॉरपोरेशन को किसी भी प्रकार का घाटा नहीं होगा।

प्रस्तुति में यह भी चौंकाने वाला खुलासा किया गया कि पिछली वर्ष गलत बिजली खरीद समझौतों (पावर परचेज एग्रीमेंट) के कारण विद्युत वितरण निगमों ने बिना एक भी यूनिट बिजली खरीदे 6761 करोड़ का भुगतान किया। इसके अतिरिक्त, महंगे बिजली खरीद समझौतों के चलते निगमों को कुल 16282 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान करना पड़ा। संघर्ष समिति का तर्क है कि यदि इन पावर परचेज एग्रीमेंट की समीक्षा की जाए, तो 16282 करोड़ की बचत की जा सकती है और विद्युत वितरण निगम घाटे से मुक्त हो सकते हैं। समिति ने खेद व्यक्त किया कि इस महत्वपूर्ण प्रस्तुति के बाद चेयरमैन और प्रबंधन ने आगे बातचीत का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक कोई वार्ता नहीं हुई और एनर्जी टास्क फोर्स के सामने गलत आंकड़े पेश किए गए।कर्मचारियों की सेवा शर्तों के मुद्दे पर भी संघर्ष समिति ने पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन पर गंभीर आरोप लगाया है। समिति का कहना है कि चेयरमैन ने उनकी ओर से उठाए गए किसी भी महत्वपूर्ण बिंदु को एनर्जी टास्क फोर्स के सामने नहीं रखा। समिति ने याद दिलाया कि 05 अप्रैल 2018 को ऊर्जा मंत्री, 06 अक्टूबर 2020 को वित्त एवं ऊर्जा मंत्री, 03 दिसंबर 2022 को ऊर्जा मंत्री और 19 मार्च 2013 को ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौतों को मानने से पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन ने इनकार कर दिया है। ऐसे में, निजीकरण के बाद जब पूरा प्रबंधन निजी हाथों में चला जाएगा, तो चेयरमैन द्वारा सेवा शर्तों को लेकर किए जा रहे वादे मात्र कागजी टुकड़े साबित होंगे।

# हाई स्कूल के बाद सीधा इंजीनियर बनने का सुनहरा मौका, तीन साल में डिप्लोमा करें, भविष्य को दें उड़ान – JEECUP 2025

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** हमारे देश के करोड़ों युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं। लेकिन अफसोस की बात है कि अक्सर आर्थिक सीमाएँ, जानकारी का अभाव और मार्गदर्शन की कमी उन्हें समय पर सही फैसले से रोक देती हैं।
हाई स्कूल पास कर चुके हजारों छात्रों के सामने यही सवाल खड़ा होता है - अब आगे क्या
इसी प्रश्न का एक सुनहरा उत्तर है - पॉलिटेक्निक डिप्लोमा।
यह एक ऐसा तीन वर्षीय कोर्स है जो न केवल तकनीकी ज्ञान देता है, बल्कि युवाओं को नौकरी या स्वरोजगार के लिए भी तैयार करता है।

**अंबर फाउंडेशन का संदेशः** शिक्षा ही सशक्तिकरण है

**वफ़ा अब्बास, चेयरमैन, अंबर फाउंडेशन, इस मौके को ऐतिहासिक बताते हुए कहते हैं:**
पॉलिटेक्निक सिर्फ एक कोर्स नहीं, यह एक ज़रिया है युवा प्रतिभाओं को देश की रीढ़ बनाने का। अंबर फाउंडेशन का संकल्प है कि किसी भी आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी को अवसर से वंचित न होने दिया जाए। हम गांव-गांव, गली-गली जाकर छात्रों की मदद करेंगे।
हमारी अपील है अगर आपने हाई स्कूल पास कर लिया है, और भविष्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाना चाहते हैं, तो आज ही पॉलिटेक्निक के लिए आवेदन करें। यह सिर्फ पढ़ाई नहीं, आपके सपनों की उड़ान है।

**JEECUP 2025:** ज़रूरी तिथियाँ और विवरण
**परीक्षा आयोजकः** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश (JEECUP) वेबसाइट: https://jeecup.admissions.nic.in
**विवरण तिथि–** आवेदन की प्रारंभिक तिथि 15 जनवरी 2025
आवेदन की संशोधित अंतिम तिथि 20 मई 2025
आवेदन में संशोधन (Correction) 20 मई 2025 तक, परीक्षा पद्धति कंप्यूटर आधारित (CBT) कोर्स 3 वर्षीय पॉलिटेक्निक डिप्लोमा

**इस कोर्स के फायदे**
10वीं पास के बाद सीधा तकनीकी शिक्षा का मार्ग

**कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा**
सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी के बेहतर अवसर
स्वरोजगार व स्टार्टअप्स के लिए मजबूत आधार
भविष्य में B.Tech में लेटरल एंट्री की सुविधा

कैसे करें आवेदन
1. ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएँ: https://jeecup.admissions.nic.in
2. Apply for JEECUP 2025 पर क्लिक करें
3. फॉर्म भरें, दस्तावेज़ अपलोड करें, फीस जमा करें
4. सबमिट करें और भविष्य के लिए प्रिंट निकालें

वफ़ा अब्बास की अपील
हर बच्चा शिक्षा का अधिकार रखता है। अंबर फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं द्वारा ज़रूरतमंद छात्रों को मार्गदर्शन, आवेदन में सहायता और करियर काउंसलिंग दी जा रही है। अगर आप ग्रामीण क्षेत्र में हैं और फॉर्म भरने में असमर्थ हैं, तो हमसे संपर्क करें – हम आपके साथ हैं।

# डॉ. के विक्रम राव की स्मृति में जर्नलिज्म संस्थान खोले सरकार : अम्मार रिज़वी

- यूपीडब्लूजेयू शुरू करेगी जिलों में गोष्ठियां: हसीब
- प्रेस क्लब में कामरेड को दी गई श्रद्धांजलि

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे स्वर्गीय श्री के विक्रम राव को आज यूपी प्रेस क्लब में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, पत्रकारों और मजदूर संगठनों के नेताओं ने उन्हें स्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

श्रद्धांजलि सभा में यूपी सरकार के पूर्व मंत्री अम्मार रिजवी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि राव साहब ने कभी चुनौतियों के आगे झुकना नहीं सिखा। वह समस्याओं के खिलाफ लड़ते थे। उन्होंने शोक सभा में प्रस्ताव रखा की के विक्रम राव के नाम पर एक इंस्टीट्यूट आफ जर्नलिज्म उत्तर प्रदेश सरकार स्थापित करें। इस बारे में यूनियन के प्रस्ताव पर वह मुख्यमंत्री से बात करेंगे। श्री रिजवी ने यह भीअपील किया कि प्रदेश के सभी पत्रकार संगठनों को इस प्रस्ताव के समर्थन में सरकार को ज्ञापन भेजना चाहिए।

एन सी पी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक सिराज मेंहदी ने कहा कि उनका जाना बेहद दुखद रहा। वह एक बहादुर नेता थे। संगठन के रूप में उनके कार्य अद्वितीय थे। राव ने पत्रकार साथियों के लिए श्रेष्ठ मानदंड स्थापित किया।हिंद मजदूर सभा के नेता उमाशंकर मिश्रा ने के विक्रम राव के संघर्ष को याद करते हुए कहा कि आज के विक्रम राव जैसे व्यक्तित्व के धनी पत्रकारों की कमी हो गई है। जिसे पूरा तो नहीं किया जा सकता लेकिन उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने की जरूरत है। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने के विक्रम राव को याद करते हुए कहा कि उन्होंने पत्रकारीय हितों के रक्षा के लिए लंबा संघर्ष किया। जहां-जहां उन्होंने संघर्ष की अगुवाई की उन जगहों पर उनकी स्मृति में गोष्ठियां आयोजित की जाएं।

यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने कहा कि डॉ विक्रम राव कभी भी किसी के समक्ष झुके नहीं , उन्होंने अपना पूरा जीवन पत्रकारीय हितों के लिए समर्पित कर दिया। देश दुनिया की घटनाओं की उनकी जानकारी अद्वितीय थी। इस अवसर पर उपस्थित स्वर्गीय के विक्रम राव की पत्नी डॉक्टर सुधा राव, पुत्र के विश्वदेव राव , बेटी विनीता ने उनकी स्मृति में पौधारोपण किया।

## भाषा वि.वि. में नैक निरीक्षण की तैयारियों का राजभवन टीम ने लिया जायजा

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में नैक (NAAC ) मूल्यांकन की तैयारियों को लेकर राजभवन से आई टीम ने विश्वविद्यालय परिसर का औपचारिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक प्रक्रियाओं एवं आधारभूत संरचना का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण दल का नेतृत्व महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने किया। टीम में शामिल विशिष्ट शिक्षाविदों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक भवनों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, खेल परिसर एवं प्रशासनिक अनुभागों का गहन अवलोकन किया। इस अवसर पर भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने बताया कि यह निरीक्षण न केवल नैक मूल्यांकन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि संस्थान की सतत गुणवत्ता संवर्धन प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण पड़ाव भी है। उन्होंने निरीक्षण दल का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों, शैक्षणिक नवाचारों एवं भावी योजनाओं की जानकारी साझा की।निरीक्षण के दौरान ही लाइव स्टीमिंग की टीम के द्वारा भी लिंक्स की टेस्टिंग की गई। निरीक्षण के दौरान दल ने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर संस्थान के कार्यप्रणाली की वस्तुनिष्ठ समीक्षा की। कुलपति प्रो. तनेजा ने आशा व्यक्त की कि इस निरीक्षण से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अधिक सुदृढ़ होगी।

## "Yoga for One Earth, One Health" थीम पर योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "Yoga for One Earth, One Health" के अंतर्गत एक माह तक चलने वाले योग महोत्सव का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देशन में किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। महोत्सव के प्रथम चरण में गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिकों एवं छात्र-छात्राओं के लिए 'बीएमआई कैंप एवं गाइडेंस सत्र' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों का बॉडी मास इंडेक्स (BMI) जांचा गया एवं उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कुलाधिपति की प्रेरणा का उल्लेख करते हुए कहा कि योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता आज के समय की अनिवार्यता है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की शुभकामनाएं दीं तथा गृह विज्ञान विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कैंप आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई। गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष डॉ. तत्हीर फातमा ने कुलपति महोदय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि विभाग आगे भी स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। 'बीएमआई कैंप' की सफलता में विभाग की शिक्षिकाएं डॉ. ज़ैनब मौलाई, डॉ. कीर्तिमा सचान, डॉ. कल्पना देवी एवं छात्राओं व कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।